



THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-27 अंक : 246 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) मार्गशीर्ष कृ.11, 2079 रविवार, 20 नवंबर 2022

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 16+32 मूल्य : 8 रुपये

## महाराष्ट्र के राज्यपाल बोले-छत्रपति शिवाजी पुराने आदर्श, नितिन गडकरी नए

मुंबई,19 नवंबर (एजेंसियां)। राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी अपने बयानों से चर्चाओं में रहते हैं। एक बार फिर उन्होंने अजीबोगरीब बयान दिया है। कोश्यारी ने कहा, अगर आपसे कोई पूछता है कि आपका आदर्श कौन है? तो आपको उसे ढूंढने के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं है, वे आपको यहीं महाराष्ट्र में मिल जाएंगे। छत्रपति शिवाजी महाराज अब एक पुराने आदर्श बन गए हैं, आप बाबासाहेब अंबेडकर से लेकर नितिन गडकरी को नए आदर्श बना सकते हैं। राज्यपाल डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे।

# नॉर्थ में पीएम मोदी का साउथ लुक



## बोले-काशी और तमिलनाडु दोनों शिवमय, दोनों शक्तिमय

वाराणसी,19 नवंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को वाराणसी पहुंचे। यहां उन्होंने बीएचयू कैंपस में काशी-तमिल संगमम कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसके बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि काशी के निर्माण और विकास में तमिलनाडु ने बड़ा योगदान दिया है। काशी में बाबा विश्वनाथ हैं, तो तमिलनाडु में भगवान रामेश्वरम का आशीर्वाद है।

काशी और तमिलनाडु, दोनों शिवमय हैं, दोनों शक्तिमय हैं। एक स्वयं में काशी है, तो तमिलनाडु में दक्षिण काशी है। 'काशी-कांची' के रूप में दोनों की सप्तपुरियों में अपनी महत्ता है।

पीएम मोदी ने कहा कि डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन, राजेश्वर शास्त्री, पट्टाभिराम शास्त्री जैसे विद्वानों ने बीएचयू से लेकर यहां अलग-अलग स्थानों पर अपनी विद्वता से लोगों को नई दिशा दी है। आप काशी भ्रमण करेंगे, तो देखेंगे कि हरिश्चंद्र घाट पर काशी कामिकोटिश्वर पंचायतन तमिल मंदिर है।

केदार घाट पर कुमारस्वामी मठ है। यहां हनुमान घाट और केदार घाट के आसपास बड़ी संख्या में तमिलनाडु के लोग रहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे देश में सुबह उठ कर सौराष्ट्रे सोमनाथम से लेकर 12 ज्योतिर्लिंग के स्मरण की परंपरा है। हमें आजादी के बाद इस देश की विरासत को मजबूत करना था। लेकिन, दुर्भाग्य से इसके लिए प्रयास नहीं किए गए। काशी-तमिल संगमम् हमें अपनी विरासत को सहेज कर रखने और सांस्कृतिक एकता को मजबूत बनाए रखने के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रधानमंत्री ने भाषण की शुरुआत हर-हर महादेव... वणक्कम काशी.... वणक्कम तमिलनाडु से की। उन्होंने कहा कि आज हमारे सामने एक ओर पूरे भारत को अपने आप में समेटे हमारी अपनी सांस्कृतिक राजधानी काशी है। दूसरी ओर भारत की प्राचीनता की केंद्र बिंदु तमिलनाडु की संस्कृति है। यह संगम गंगा और यमुना के संगम के जैसे ही पुण्य है। मैं काशी और तमिलनाडु के सभी लोगों के साथ ही देश के शिक्षा मंत्रालय और उत्तर प्रदेश सरकार को इस आयोजन के लिए बधाई देता हूं। इसमें बीएचयू और आईआईटी मद्रास जैसे शिक्षा संस्थान भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## हमारा काम अटकाना, लटकाना-भटकाना नहीं : मोदी

### पीएम ने अरुणाचल में किया 640 करोड़ में बने एयरपोर्ट का उद्घाटन

ईटानगर,19 नवंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अरुणाचल प्रदेश में एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। ये अरुणाचल का पहला ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट है, जिसका नाम डोनी पोलो एयरपोर्ट है। इटानगर में बना ये एयरपोर्ट 640 करोड़ की लागत से बनकर तैयार हुआ है। इसके अलावा उन्होंने ईटानगर में 600 मेगावाट का कामेंग हाइड्रो पावर स्टेशन राष्ट्र को समर्पित किया।

मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा जनता जानती है कि हम एक कार्य संस्कृति लेकर आए हैं, जहां जिन परियोजनाओं का हमने शिलान्यास किया है, उनका उद्घाटन भी करते हैं। हमारा काम अटकाना, लटकाना, भटकाना नहीं है, इसका युग चला गया है। उन्होंने कहा, '2019 में जब मैंने इसका शिलान्यास किया, तब चुनाव होने वाले थे। कई राजनीतिक टिप्पणीकारों ने शोर मचाया कि कोई एयरपोर्ट नहीं बनने वाला है। मोदी वोट के कारण पत्थर खड़ा कर रहे हैं। आज का उद्घाटन उनके मुंह पर तमाचा है।'आजादी के बाद पूर्वोत्तर एक अलग युग का गवाह बना। दशकों तक क्षेत्र उपेक्षा का शिकार रहा है, जब अटल जी की सरकार आई तो पहली बार इसे बदलने का प्रयास किया गया। यह पहली सरकार थी जिसने पूर्वोत्तर के विकास के लिए एक अलग मंत्रालय बनाया। इसके बाद जो सरकारें आईं, उन्होंने गति को आगे नहीं बढ़ाया। परिवर्तन का एक और युग आया जब आपने मुझे अपनी सेवा करने का अवसर दिया।

### कर्नाटक में वोटर आईडी घोटाले का आरोप

# कांग्रेस ने चुनाव आयोग से की भाजपा के मंत्रियों की शिकायत

बेंगलुरु,19 नवंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक में कथित वोटर आईडी घोटाले को लेकर राज्य के कांग्रेस नेताओं ने आज बेंगलुरु स्थित राज्य निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराई। इसमें राज्य के मंत्रियों व एक निजी संस्था पर धांधली का आरोप लगाया गया है।

कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार के नेतृत्व में पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल बेंगलुरु स्थित राज्य निर्वाचन कार्यालय पहुंचा। उन्होंने मंत्रियों द्वारा वोटर आईडी संग्रहित करने को लेकर घोटाले का आरोप लगाया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ भाजपा सरकार मतदाताओं का डाटा चुरा रही है। एक निजी संस्था के माध्यम से चुनावी धोखाधड़ी की जा रही है। डीके शिवकुमार ने मंत्री सीएन अश्वथ नारायण और उनकी टीम पर सबसे बड़ी धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया।

उन पर वोटर आईडी डाटा का दुरुपयोग करने, धोखाधड़ी कर जानकारी एकत्र करने और लाखों वोटरों के नाम कट करने का भी आरोप लगाया। कांग्रेस नेताओं ने मुख्यमंत्री बोम्मई के इस्तीफे व मामले की जांच कर्नाटक हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से कराने की मांग की।

**जांच का सामना करने को तैयार : सीएम बोम्मई**

उधर, सीएम बसवराज बोम्मई ने वोटर आईडी में धांधली के कांग्रेस के आरोपों को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि वह इस मामले में जांच का सामना करने के लिए तैयार हैं।

### विधायकों की खरीद-फरोख्त मामला

# हाईकोर्ट से बीजेपी नेता बीएल संतोष को राहत

### *एसआईटी को निर्देश-गिरफ्तार न करें*



हैदराबाद ,19 नवंबर (एजेंसियां)। तेलंगाना में टीआरएस विधायकों की खरीद-फरोख्त का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। अब इस मामले की जांच कर रही तेलंगाना पुलिस ने भाजपा के शीर्ष नेता व पार्टी महासचिव बीएल संतोष को समन भेजा है। एसआईटी ने उन्हें 21 नवंबर को पूछताछ के लिए पेश होने के लिए कहा है। अगर वे ऐसा नहीं करते हैं तो एसआईटी उनकी गिरफ्तारी भी कर सकती है। वहीं हाईकोर्ट की एक सदस्यीय बेंच ने उनकी याचिका पर सुनवाई करते हुए आदेश दिया कि एसआईटी को भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बी.एल. सतोष की गिरफ्तारी या कठोर कार्रवाई नहीं करनी चाहिए।

बता दें, इस मामले में तेलंगाना पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। अब तक चार राज्यों की सात लोकेशन पर पुलिस पहुंच चुकी है। इस मामले में अब तक तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया जा चुका है।

**क्या है पूरा मामला**

टीआरएस के विधायकों में से एक पी रोहित रेड्डी की शिकायत के आधार पर 26 अक्टूबर की रात में रामचंद्र भारती उर्फ सतीश शर्मा, नंद कुमार और सिम्हाजी स्वामी के खिलाफ संबंधित धाराओं- आपराधिक साजिश, रिश्वत की पेशकश और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के प्रावधानों के तहत मामले दर्ज किए गए थे। प्रथमिकी के मुताबिक, रोहित रेड्डी ने आरोप लगाया कि आरोपी ने उन्हें 100 करोड़ रुपये की पेशकश की। इसके बदले में उसने शर्त रखी थी कि उन्हें टीआरएस छोड़कर भाजपा में शामिल होना पड़ेगा।

# गुजरात चुनाव में 'आफताब'

### असम के सीएम बोले-मोदी को जिताओ वर्ना हर शहर में आफताब होगा

कच्छ,19 नवंबर (एजेंसियां)। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार को कच्छ की चुनावी रैली में कहा- अगर देश में कोई मजबूत नेता नहीं होगा तो हम अपने समाज की रक्षा नहीं कर पाएंगे। मोदी को जिताना बहुत जरूरी है, अगर वे नहीं जीते तो हर शहर में आफताब पैदा होगा।

बिस्वा ने कहा कि केंद्र में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना देश की जरूरत है। बिस्वा ने श्रद्धा हत्याकांड को 'लव जिहाद' का भयावह रूप बताते हुए कहा कि आफताब बहला-फुसलाकर श्रद्धा को मुंबई से दिल्ली ले आया और लव जिहाद के नाम पर उसके 35 टुकड़े कर दिए। एक लड़की की लाश फ्रिज में रखी थी। इसके बावजूद दूसरी लड़की को घर लाकर डेट करने लगा।

**कॉमन सिविल कोड भी आएगा**

असम के मुख्यमंत्री बिस्वा ने भी आगे कहा कि बीजेपी मुस्लिम महिलाओं का सम्मान करती है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक की प्रथा से मुक्ति मिली है। नरेंद्र मोदी ने जो काम किया, उसे शांति से पूरा किया। कश्मीर से धारा 370 हटाई, तीन तलाक की प्रथा को खत्म किया। सब कुछ सुचारु रूप से चला और कहीं कोई हंगामा नहीं हुआ। अब सब्र रखो, कॉमन सिविल कोड भी आ जाएगा और चार-चार शादियों से छुटकारा मिल जाएगा।

## सीनियर्स ने छात्रा से जबरन किस कराया 12 स्टूडेंट कॉलेज से निकाले गए, 5 अरेस्ट

गंजम,19 नवंबर (एजेंसियां)।ओडिशा में एक कॉलेज में रैगिंग के नाम पर नाबालिग लड़की और लड़के को जबरन किस कराने का मामला सामने आया है। इस घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। इस मामले में पांच स्टूडेंट्स को हिरासत में लिया गया है। इनमें से दो नाबालिग हैं।

मामला गंजम जिले के बिनायक एकेडमी कॉलेज बेरहामपुर का बताया जा रहा है। बेरहामपुर के एसपी सरबन विवेक एम ने बताया कि 5 स्टूडेंट को हिरासत में ले लिया है। उनके खिलाफ रैगिंग और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। मुख्य आरोपी अंतिम वर्ष का छात्र अभिषेक नाहक है। उसकी उम्र 24 साल है। वीडियो में देखा जा सकता है कि सीनियर्स फर्स्ट ईयर की एक लड़की और लड़के को आपस में किस करने के लिए मजबूर कर रहे हैं। एक सीनियर पास कुर्सी पर बैठा है, उसके हाथ में एक डंडा है। वो लड़के को थप्पड़ मार रहा है और मजबूर कर रहा है कि वह लड़की को किस करे। लड़का लड़की को किस करता है। इसके बाद लड़की उठकर जाने लगती है तो सीनियर स्टूडेंट उसका हाथ पकड़कर बैठा लेता है। उसे हाथ में रखी छड़ी दिखाकर डराता है। मौके पर करीब 20 सीनियर स्टूडेंट नजर आ रहे हैं, जिनमें कुछ छात्राएं भी हैं। वे घटना का विरोध करने की बजाय हंसती नजर आ रही हैं।

## राहुल ने दादी इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि दी

मुंबई,19 नवंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा महाराष्ट्र चरण के 13वें दिन शनिवार को भी जारी रही। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर महिलाओं के बड़ी संख्या में पैदल मार्च में शामिल होने की उम्मीद है। यात्रा में शामिल लोगों ने बुलढाणा जिले के शेगांव स्थित गजानन दादा पाटिल मार्केटयार्ड से सुबह छह बजे दिन की यात्रा शुरू की और जलांब के लिए रवाना हुए। पैदल मार्च भस्तान से होकर जिले के जलगांव जामोद कस्बे में रात्रि विश्राम करेगा। पार्टी ने बताया कि स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की महिलाएं और महिला निर्वाचित प्रतिनिधि दिवंगत पीएम इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर यात्रा में शामिल होंगी। रास्ते में राहुल गांधी ने स्थानीय निवासियों के साथ बातचीत की, जब वे उनके साथ चल रहे थे। यात्रा रविवार की रात बुरहानपुर मध्य प्रदेश में प्रवेश करेगी।




## नौशेरा सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, सुरक्षाबलों ने आतंकी मार गिराया

राजोरी, 19 नवंबर (एजेंसियां)। जम्मू संभाग के जिला राजोरी के नौशेरा सेक्टर में शनिवार को सुरक्षाबलों ने सीमा पार से घुसपैठ की कोशिश को नाकाम किया है। इस दौरान सुरक्षाबलों ने एक घुसपैठिए को मार गिराया है। जानकारी के अनुसार, नौशेरा सेक्टर में पाकिस्तानी की तरफ से भारत की सीमा में शुक्रवार-शनिवार की रात करीब 11 बजे घुसपैठ की कोशिश होती देखी गई, जिसे सीमा पर मुस्तैदी से तैनात जवानों ने नाकाम कर दिया। इस कार्रवाई में एक आतंकवादी मारा गया है। शनिवार सुबह सुरक्षाबलों ने मौके पर तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान हथियारों के साथ एक आतंकी का शव बरामद किया गया है।

# गुजरात में कांग्रेस को घेर रहे जेपी नड्डा

## भारत जोड़ो यात्रा को लेकर कही बड़ी बात



अहमदाबाद, 19 नवंबर (एजेंसियां)। गुजरात विधानसभा चुनाव को देखते हुए बीजेपी के बड़े नेताओं ने गुजरात में डेरा जमा लिया है. इसी सिलसिले में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी नड्डा ने शुक्रवार को राजकोट की एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना की तारीफ की. उन्होंने कहा, हमने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को पक्की छत दी. इसके तहत 15 लाख घर गुजरात में बने हैं और राजकोट में 54 हज़ार से ज्यादा घर बने हैं. नड्डा ने कहा, बीजेपी रिपोर्ट कार्ड के साथ चलती है. वहीं, बीजेपी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने शक्रवार को 'भारत जोड़ो यात्रा' को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि विपक्षी दल देश को सिर्फ तोड़ सकता है, जोड़ नहीं सकता. नड्डा दक्षिण गुजरात के नवसारी जिले में बीजेपी प्रत्याशी राकेश देसाई के पक्ष में चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे. नवसारी सीट पर मतदान विधानसभा चुनाव के पहले चरण में एक दिसंबर को होना है.

**भारत जोड़ो यात्रा पर बीजेपी अध्यक्ष?**

नड्डा ने कहा, मैं सोचता हूं कि कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा शुरू की है या भारत तोड़ो यात्रा. उसके नेता भारत को जोड़ने की बात कर रहे हैं. लेकिन वास्तविक जीवन में वे क्या करते हैं? उनके नेता राहुल गांधी दिल्ली में जेएनयू (जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय) गए और उनका समर्थन किया जिन्होंने संसद पर हमले के मास्टरमाइंड अफजल गुरु के समर्थन में नारे लगाए थे .

**गुजरात में कब हैं चुनाव?**

गुजरात विधानसभा चुनाव 2022 के लिए प्रचार जोरों पर चल रहा है. सभी पार्टियां अपनी सियासी चालों से एक दूसरे को पटखनी देने में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं. जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहा है, गुजरात चुनाव और दिलचस्प होता जा रहा है.

यहां की 182 विधानसभा सीटों के लिए 1 और 5 दिसंबर को वोटिंग होनी है. जबकि चुनावी नतीजे 8 दिसंबर को आएंगे. वहीं, गुजरात चुनाव में सभी पार्टियों ने चुनाव प्रचार और प्रबंधन में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है. बीजेपी की तरफ से खुद पीएम नरेंद्र मोदी ने चुनाव प्रचार की कमान संभाली हुई है. कांग्रेस भी 27 साल के बाद सत्ता में वापसी करने की हरसंभव कोशिश कर रही है, पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी गुजरात में दो बड़ी रैलियों को संबोधित करेंगे, वहीं आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल गुजरात के लगातार दौरे कर रहे हैं.

## किश्तवाड़ में अनियंत्रित होकर खाई में गिरी स्कॉर्पियो, चार घायल

किश्तवाड़, 19 नवंबर (एजेंसियां)। जम्मू संभाग के जिला किश्तवाड़ में सड़क हादसा हो गया है। बताया जा रहा है कि जिले के देलर में एक स्कॉर्पियो वाहन क्षतिग्रस्त हुआ है। इसमें सवार चार लोग घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचा गया गया। जानकारी के अनुसार, किश्तवाड़ में देलर से छत्ररू जा रहा स्कार्पियो वाहन देलर से कुछ ही दूरी पर ही अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा। इससे उसमें सवार चार लोग घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। बताया जा रहा है कि गनीमत रही कि चारों को किसी तरह की गंभीर चोटें नहीं आई हैं। हालांकि गाड़ी को भारी नुकसान पहुंचा है।

## मर्जी से शादी करने वाली लड़कियों के लिए सरकार बनाएगी विशेष स्कॉड

मुंबई, 19 नवंबर (एजेंसियां)। दिल्ली के श्रृद्धा हत्याकांड ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। इस वीभत्स हत्याकांड की चीखें महाराष्ट्र तक में सुनाई दी हैं। इसके बाद महाराष्ट्र सरकार लड़कियों की मदद के लिए विशेष स्कॉड बनाने जा रही है। महाराष्ट्र सरकार में मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने कहा है कि हमने राज्य महिला आयोग को स्कॉड बनाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा, दिल्ली में हुए हालिया मामले में हमने देखा है कि जब लड़कियां, 18 साल की हो जाती हैं, तो उन्हें परिवार या पुलिस द्वारा रोका नहीं जा सकता। ऐसे में वह परिवार के खिलाफ जाकर शादी करती हैं। ये लड़कियां जानती हैं कि उन्हें इस कदम के बाद परिवार से कोई मदद नहीं मिलेगी। राज्य मंत्री ने कहा, ऐसे में यह स्कॉड सुनिश्चित करेगा कि अन्य लड़कियों के साथ ऐसा न हो। ऐसी लड़कियों को जरूरत पड़ने पर यह स्कॉड उन्हें जरूरी मदद और सुरक्षा प्रदान करेगा।

## कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए 4 नेताओं को खतरा, केंद्र ने दी एक्स कैटेगरी की सुरक्षा

चंडीगढ़, 19 नवंबर (एजेंसियां)। केंद्र ने पंजाब में बीजेपी के चार नेताओं को एक्स कैटेगरी की सुरक्षा मुहैया कराई है। पंजाब बीजेपी के 4 नेताओं को एक्स श्रेणी की सीआरपीएफ सुरक्षा प्रदान की गयी है। सूत्रों के मुताबिक, पंजाब के पूर्व मंत्री बलबीर सिंह सिद्धू और गुरप्रीत सिंह कांगड़ के साथ-साथ पूर्व विधायक जगदीप सिंह नकई, साथ ही अमरजीत सिंह टिक्का उन नेताओं में शामिल हैं जिन्हें सुरक्षा प्रदान की गयी है। पंजाब में कांग्रेस से बीजेपी में शामिल हुए चार नेताओं को हमले का खतरा है।

# 'भारत जवाहर लाल नेहरू की भूमि है'

## राहुल गांधी के वीर सावरकर पर दिए बयान पर संजय राउत ने दी ये चेतावनी

मुंबई, 19 नवंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी का वीर सावरकर पर दिए बयान के बाद शिवसेना व कांग्रेस आमने-सामने आते दिख रही है. शिवसेना सांसद संजय राउत ने चेतावनी देते हुए साफ शब्दों में कहा कि इस तरह बयानों से महाविकास अघाड़ी गठबंधन मुश्किल में आ सकता है. संजय राउत ने राहुल गांधी के दिए बयान पर कहा कि, देश जवाहर लाल नेहरू की भूमि है. पूरा देश स्वतंत्रता आंदोलन में अपना बलिदान देने वाले हर नेता, वार सावरकर से लेकर सुभाष चंद्र बोसस, पंडित जवाहर लाल नेहरू, महात्मा गांधी का दिल से सम्मान और आदर करता है. उन्होंने अपनी बात पर और जोर देते हुए कहा कि, पंडित जवाहर लाल नेहरू ने देश के लिए बहुत कुछ किया है जिसे



भुलाया नहीं जा सकता और ये देश उनकी भूमि है.

**वीर सावरकर को अपना आदर्श मानती है शिवसेना-संजय राउत**

राउत ने आगे कहा कि, जवाहरलाल नेहरू ने देश के विकास के लिए बहुत काम किया है. नेहरू अपना योगदान नहीं देते तो देश आज पाकिस्तान की तरह होता. उन्होंने ये भी कहा कि, वीर सावरकर को शिवसेना अपना आदर्श मानती है और उन पर इस तरह की टिप्पणी से महाविकास अघाड़ी गठबंधन में दरार आ सकती है.

**कांग्रेस वैचारिक बहस चाहती-नाना पटोले**

वहीं, वीर सावरकर पर दिए अपने बयान के बाद बचे बवाल के बावजूद राहुल गांधी अपने शब्दों को वापस लेने को तैयार नहीं हैं. महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने इस मामले पर बात करते हुए कहा कि जो लोग राहुल गांधी की इस मामले पर आलोचना कर रहे हैं उनसे पूछा जाना चाहिए कि सावरकर को अंग्रेजों से 60 रुपये पेंशन क्यों मिलती थी? उन्होंने कहा कांग्रेस इस मामले पर वैचारिक बहस चाहती है.

## कुलगाम में एसआईयू की दो संदिग्धों के ठिकानों पर दबिश

**टारगेट किलिंग से जुड़ा है मामला**

कुलगाम, 19 नवंबर (एजेंसियां)। दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में पुलिस की विशेष जांच इकाई (एसआईयू) ने शिक्षिका रजनी बाला और अन्य दो कश्मीरियों की हत्या के मामले में शुक्रवार को दो ठिकानों पर दबिश दी। पुलिस अधिकारियों ने कहा, आतंकी मददगारों पर कार्रवाई जारी रखते हुए, एसआईयू कुलगाम ने जिले में दो संदिग्ध लोगों के घरों को खंगाला है। यह कार्रवाई कोर्ट से तलाशी वारंट जारी होने के बाद की गई है। शिक्षिका रजनी बाला, अब्दुल वकील शाह निवासी दानो मुकंदपोरा और ताहिर अहमद सोफी निवासी कुलगाम की हत्या के सबूत जुटाने जा रहे हैं। तलाशी अभियान के दौरान, एसआईयू ने प्रासंगिक जानकारी एकत्र की। आपराधिक वारदातों में इन संदिग्धों की भूमिका की जांच की जा रही है।

# हिमाचल के बाद अब जम्मू-कश्मीर में भी होगी हींग की खेती

जम्मू, 19 नवंबर (एजेंसियां)। हिमाचल के लाहौल स्पीति के बाद अब प्रदेश के ठंडे इलाकों में हींग की खेती होगी। इसके लिए हींग के पौधे अगले साल वितरित किए जाएंगे। किसान खेतों में इसकी बीजाई कर सकेंगे। मौजूदा समय में हींग की जरूरत को पूरा करने के लिए अफगानिस्तान, ईरान और तुर्कीस्तान से अरबो रुपये का हिंग खरीदा जाता है। प्रदेश ही नहीं अपितु देश में हिंग की खेती कम होती है। यहां से देश की जरूरत पूरी नहीं हो पाती है। स्कॉस्ट जम्मू ने इस पर काम करना शुरू कर दिया है। स्कॉस्ट जम्मू के अनुसार इससे किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी। हींग की खेती ठंडे इलाकों में होती है। इसके लिए कश्मीर घाटी समेत जम्मू संभाग की कई जगहों में अपार संभावनाएं हैं। इस पर स्कॉस्ट जम्मू की ओर से अब हिंग उगाने के लिए किसानों को प्रेरित किया जाएगा। खेती होने के बाद किसान अच्छी आय अन्य फसलों के मुकाबले अर्जित कर सकेंगे। एक पौधे देता है एक किलो हींग एक पौध में एक किलो हींग का उत्पादन होता है। खाली जगहों पर हींग की खेती कर अच्छी आय अर्जित होती है। स्कॉस्ट जम्मू बीजाई के लिए पौधे मंगवाएगा। मौजूदा समय में बाजारों में एक किलो हींग की कीमत करीब 35 हजार रुपये है।

## यमुनोत्री हाईवे पर हुआ भीषण हादसा, खाई में कार गिरने से पांच लोगों की मौत

चिन्यालीसौड़ (उत्तरकाशी), 19 नवंबर (एजेंसियां)। यमुनोत्री हाईवे पर कार खाई में गिरने से शनिवार को बड़ा हादसा हो गया। हादसे में अभी तक पांच लोगों की मौत होने की खबर है। पुलिस प्रशासन की टीम घटनास्थल के लिए रवाना हो गई है। मामले में अधिक जानकारी जुटाई जा रही है। उत्तरकाशी के डुंडा तहसील क्षेत्र में ब्रहमखाल के समीप यमुनोत्री हाईवे पर एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। कार में छह लोग सवार बताए जा रहे हैं। कार अचानक अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। दुर्घटना में पांच लोगों की मौत की सूचना है। एसडीआरएफ, स्थानीय पुलिस व प्रशासन की टीम मौके के लिए रवाना हो गई है। वाहन में तीन महिला और तीन पुरुष थे। घायल महिला को अस्पताल भेजा गया है। वाहन करीब तीन सौ गहरी खाई मे गिरा है। बता दें, शुक्रवार को भी उत्तराखंड के चमोली जिले में एक वाहन खाई में गिरने से 12 लोगों की मौत हो गई थी।

## 'पब में पार्टी करने गई थी, साथ वाली महिला ने किया बेहोश, 3 युवकों ने कार में किया मेरा गैंगरेप'

कोच्चि, 19 नवंबर (एजेंसियां)। कोच्चि में पुलिस को एक 19 वर्षीय मॉडल ने शिकायत की जिसमें उसने बताया कि गुरुवार की रात एक कार में उसके साथ केरल के 3 युवकों ने गैंगरेप किया। पीड़िता का यह भी आरोप है कि राजस्थान की एक महिला ने भी उनका साथ दिया था। जिसके बाद पुलिस ने तीनों युवकों सहित आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता ने बताया कि गुरुवार की रात वह और एक राजस्थान की महिला पब में डीजे पार्टी करने गई थी। लगभग 10 बजे मॉडल बेहोश हो गई। जिसके बाद 3 आरोपी युवक पीड़िता को उसके घर छोड़ने के लिए राजी हो गए लेकिन उन तीनों के साथ राजस्थान की महिला नहीं गई। बाद में युवकों ने कार में मॉडल को साथ गैंगरेप किया। फिर सुबह में उसे उसके घर पर छोड़ दिया। शुक्रवार की सुबह पीड़िता ने अपनी रूममेट को पूरी घटना बताई। उसने बताया कि बीती रात उसके साथ क्या हुआ।



# 2017 में राजकोट पश्चिम से जीते थे विजय रूपाणी

## 1985 से है भाजपा का गढ़

अहमदाबाद, 19 नवंबर (एजेंसियां)। राजकोट जिले की राजकोट पश्चिम सीट से 2017 में उस वक्त के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी जीते थे। इस बार भाजपा ने उनका टिकट काटकर दर्शिता शाह को टिकट दिया है। 2008 के परिसीमन के बाद यह सीट अस्तिव में आई। रूपाणी राजकोट पश्चिम से जीतकर ही पहली बार मुख्यमंत्री बने थे। हालांकि, 2012 के विधानसभा चुनाव में यहां से रूपाणी नहीं बल्कि वजुभाई वाला जीते थे। परिसीमन से पहले इस विधानसभा के ज्यादातर इलाके 'राजकोट' सीट में आते थे। जो परिसीमन के बाद खत्म हो गई। दिलचस्प यह है कि नरेंद्र मोदी जब पहली बार मुख्यमंत्री बने थे तब वह राजकोट-II से ही विधायक थे।

**विजय रूपाणी 2017 में यहां से दोबारा विधायक बने**

2017 के विधानसभा चुनाव में इस सीट से भाजपा ने तत्कालीन मुख्यमंत्री विजय रुपाणी को दूसरी बार अपना उम्मीदवार बनाया। इस चुनाव में रूपाणी ने कांग्रेस के इंद्रनील राजगुरु को 57 हजार से ज्यादा वोटों से हराया था। इन दोनों के अलावा बाकी 13 उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई थी। भाजपा ने इस बार प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता दर्शिता शाह को अपना उम्मीदवार घोषित किया है।

**2012 में वजूभाई वाला को मिली थी जीत**

परिसीमन के बाद 2012 में पहली बार राजकोट पश्चिम सीट पर चुनाव हुए। इस विधानसभा चुनाव में भाजपा ने वजुभाई वाला को टिकट दिया। वजुभाई वाला ने कांग्रेस के अतुल रजनी को 24 हजार से ज्यादा के अंतर से हराया। उस चुनाव में कुल 13 उम्मीदवार मैदान में थे। भाजपा और कांग्रेस के उम्मीदवारों को छोड़कर बाकी 11 उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई थी। सितंबर 2014 में वजुभाई को कर्नाटक का राज्यपाल बना दिया गया। इसके बाद हुए उपचुनाव में भाजपा के विजय रूपाणी जीते। विधायक बनने के करीब दो साल बाद रूपाणी राज्य के मुख्यमंत्री बन गए। 2022 के विधानसभा चुनाव से 15 महीने पहले विजय रूपाणी की जगह भूपेंद्र पटेल को राज्य की कमान सौंप दी गई।

**1985 से भाजपा का गढ़ रही है यह सीट**

राजकोट पश्चिम से पहले जब ये सीट राजकोट-II के नाम से जानी जाती थी। 1980 के दौर से इस सीट पर भाजपा का प्रभुत्व रहा है। 1985 से यह सीट भाजपा के पास है। 1985 से 2012 तक सात बार भाजपा के वजुभाई वाला राजकोट-II और बाद में राजकोट पश्चिम से जीते।

**2017 में राजकोट जिले की 5 सीटों पर जीती थी भाजपा**

राजकोट पश्चिम सीट राजकोट जिले में आती है। इस जिले में कुल 8 सीटें हैं। 2017 में जिले की आठ में से छह सीटों पर भाजपा को जीत मिली थी। वहीं, दो सीटों पर कांग्रेस जीत दर्ज करने में सफल रही थी।

**चुनाव की तारीखें क्या हैं?**

पहले चरण में 89 सीटों पर चुनाव होना है। पहले चरण के लिए पांच नवंबर को अधिसूचना जारी हो चुकी है। 14 नवंबर तक नामांकन किया जा सकेगा। नामांकन पत्रों की जांच 15 नवंबर को होगी। 17 नवंबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। वहीं, एक दिसंबर को चुनाव होगा। इसी तरह दूसरे चरण में 93 सीटों पर चुनाव होना है। इसके लिए अधिसूचना 10 नवंबर को जारी हुई है। 17 नवंबर तक नामांकन दाखिल किया जा सकेगा। 18 नवंबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी। वहीं, 20 नवंबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। दूसरे चरण के लिए पांच दिसंबर को वोट डाले जाएंगे।

# राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होंगे प्रतिभा सिंह और विक्रमादित्य सिंह

शिमला, 19 नवंबर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और उनके बेटे और विधायक विक्रमादित्य सिंह राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होंगे. जल्द ही विक्रमादित्य सिंह राहुल गांधी के साथ यात्रा करते हुए नजर आएंगे. विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि चुनावों की व्यस्तता के चलते वो शामिल नहीं हो पाए, लेकिन अब जल्द ही यात्रा से जुड़ेंगे. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी सांप्रदायिक ताकतों के खिलाफ लड़ रहे हैं



और मोहब्बत का संदेश दे रहे हैं. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को पूरे देशभर से समर्थन मिल रहा है और वो यात्रा में शामिल होकर संदेश देंगे कि हिमाचल भी उनके साथ खड़ा है. विक्रमादित्य सिंह ने भाजपा शासित सरकारों की तुलना हिटलर के शासन से की.

**सीएम जय राम ठाकुर को कांग्रेस में शामिल होने का दिया ऑफर**

शिमला ग्रामीण से कांग्रेस विधायक विक्रमादित्य सिंह ने सीएम जय राम ठाकुर को कांग्रेस में शामिल होने का ऑफर दिया है. विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि 8 दिसंबर के बाद भाजपा का एक गुट उन पर हावी हो जाएगा. ऐसे में उन्हें कांग्रेस में शामिल होना चाहिए. इससे पहले सीएम भी प्रतिभा सिंह को भाजपा में शामिल होने का ऑफर दिया था. उन्होंने कहा कि अब और कोई चारा सीएम के पास नहीं बचेगा. उन्होंने कहा कि वैसे भी वीरभद्र सिंह कहा करते थे कि जय राम ठाकुर अच्छे आदमी हैं, लेकिन गलत पार्टी में हैं. विक्रमादित्य सिंह सीएम को कमजोर प्रशासक करार दिया और साथ ही कांग्रेस की जीत का दावा किया. बता दें कि हिमाचल में 12 नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिए वोट डाले गए हैं. अब 8 दिसंबर को चुनाव परिणाम घोषित होगा.

## अलीबाग की महिला के साथ ब्रिटेन से एक करोड़ की ठगी

मुंबई, 19 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के अलीबाग की एक महिला से 1.12 करोड़ रुपये की ठगी करने के मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त अदालत अधीक्षक महिला ने इस साल जून में यूनाइटेड किंगडम में मैनचेस्टर के निवासी होने का दावा करने वाले एक व्यक्ति की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार की थी।

# पत्रकारों को धमकी देने के मामले में कार्रवाई

## श्रीनगर और अनंतनाग समेत 10 जगह छापेमारी

जम्मू, 19 नवंबर (एजेंसियां)। जम्मू और कश्मीर में पुलिस ने श्रीनगर, अनंतनाग और कुलगाम में 10 स्थानों पर पत्रकारों को हालिया धमकी से संबंधित मामले की जांच के सिलसिले में बड़े पैमाने पर तलाशी शुरू की। कश्मीर जोन पुलिस ने यह जानकारी दी है। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।

**आतंकी संगठन ने जारी की थी हिट लिस्ट**

मंगलवार को आतंकवादी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) की ओर से कश्मीर के पत्रकारों की हिट लिस्ट जारी की गई। इन्हें अंजाम भुगतने की चेतावनी दी गई। राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस की पूर्व संध्या पर भेजी गई चेतावनी को मीडिया संगठनों ने प्रेस पर हमला और इसे काला दिवस बताया था। सोशल मीडिया पर पत्रकारों के नाम के आगे यह बताया गया कि उन्हें धमकी क्यों दी गई। बताया जाता है कि आतंकियों की धमकी से डरे सहमे पत्रकारों में से कुछ ने फेसबुक पर अपना इस्तीफा जारी किया है तो कुछ जम्मू चले आए। जम्मू और श्रीनगर में पत्रकारों की ओर से इस प्रकार की धमकी की निंदा की जा रही है। उनका कहना है कि इस प्रकार की धमकियां तो प्रेस की स्वतंत्रता पर सीधा हमला है। पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए ताकि किसी प्रकार की कोई अनहोनी न हो। एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया ने भी जम्मू-कश्मीर में पत्रकारों को मिली आतंकी धमकी की निंदा की है। गिल्ड ने एक बयान में कहा, 'कश्मीर में पत्रकार अब खुद को राज्य के अधिकारियों के साथ-साथ आतंकवादियों के निशाने पर पाते हैं, जो कि 1990 के दशक में बढ़े हुए आतंकवाद के वर्षों की याद दिलाता है।'

**टीआरएफ की धमकी के बाद बढ़ाई गई पत्रकारों की सुरक्षा**

घाटी के पत्रकारों को आतंकवादी संगठन की धमकी के बाद पुलिस ने मामले की जांच तेज की। इसके साथ ही पत्रकारों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। टीआरएफ से जुड़े 12 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। पुलिस के अनुसार, इस सबके पीछे पाकिस्तान में बैठे टीआरएफ कमांडर सज्जाद गुल का नाम सामने आ रहा है। इसी को लेकर आज विभिन्न जगहों पर छापेमारी की गई है।

## शीतकाल के लिए बंद हुए बदरीनाथ के कपाट


जोशीमठ (चमोली), 19 नवंबर (एजेंसियां)। बद्रीनाथ धाम के कपाट शनिवार को अपराहन 3 बजकर 35 मिनट पर विधि विधान से शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए हैं। धाम के कपाट बंद होने के मौके पर करीब 10000 तीर्थ यात्रियों ने बद्रीनाथ धाम की अंतिम पूजाओं में प्रतिभाग किया। कपाट बंद होने के मौके पर सेना के मधुर बैंड धुनों पर तीर्थयात्री जमकर झूमे। कपाट बंद होने के बाद कुबेर और उद्धव जी की उत्सव मूर्ति डोली बामणी गांव के लिए रवाना हुई।

# संसद का शीतकालीन सत्र सात दिसंबर से होगा शुरू, 23 दिनों में होंगी 17 बैठकें

नई दिल्ली, 19 नवंबर (एजेंसियां)। संसद का शीतकालीन सत्र 7 दिसंबर से शुरू होने जा रहा है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने संसद के शीतकालीन सत्र की तारीखों का ऐलान किया। संसदीय कार्य मंत्री ने बताया कि इस बार संसद का शीतकालीन सत्र सात दिसंबर से शुरू होगा और यह 29 दिसंबर तक चलेगा। उन्होंने ट्वीट किया कि अमृत काल के बीच सत्र के दौरान विधायी कार्य और अन्य मुद्दों पर चर्चा की उम्मीद है। सदन में रचनात्मक बहस की उम्मीद है।

**सत्र के दौरान 23 दिनों में 17 बैठकें होंगी**

केंद्रीय मंत्री जोशी ने संसद के शीतकालीन सत्र में बैठक और कामकाज को लेकर



जानकारी देते हुए ट्वीट किया कि 7 दिसंबर से 29 दिसंबर तक चलने वाले संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान 23 दिनों में 17 बैठकें होंगी। जोशी ने संसद के दोनों सदनों का कामकाज सुचारू रूप से चलाने के लिए विपक्षी दलों के सहयोग की उम्मीद करते हुए कहा कि अमृत काल के बीच इस सत्र के दौरान विधायी कार्यों और दूसरे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की उम्मीद है। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें सदन में रचनात्मक बहस की उम्मीद है।

**'संसद प्रवास योजना' किया हैदराबाद दौरा**

बता दें कि प्रल्हाद जोशी भारतीय जनता पार्टी की 'संसद प्रवास योजना' के तहत शुक्रवार को हैदराबाद में थे। इस दौरान उन्होंने भाजपा सांसद धर्मपुरी अरविंद के आवास पर हुए हमले की निंदा की। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मैं टीआरएस के इस रवैये और उसकी गुंडागर्दी की निंदा करता हूं।'' उन्होंने आरोप लगाया कि तेलंगाना पहले एक अधिशेष (सरप्लस) राज्य होता था, लेकिन अब यह एक 'ऋणग्रस्त' राज्य हो गया है।

**पुराने संसद भवन में आयोजित होगा शीतकालीन सत्र**

सूत्रों ने कहा कि शीतकालीन सत्र संसद के पुराने भवन में आयोजित किए जाने की संभावना है, वहीं सरकार करीब 1,200 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से तैयार हो रहे नए संसद भवन के इस महीने के अंत या दिसंबर की शुरुआत में प्रतीकात्मक उद्घाटन पर भी विचार कर रही है। शीतकालीन सत्र आमतौर पर नवंबर के तीसरे सप्ताह में शुरु होता है और सत्र के दौरान करीब 20 बैठकें होती हैं। लेकिन ऐसे उदाहरण भी हैं जब 2017 और 2018 में सत्र का आयोजन दिसंबर में किया गया था।

सुविचार: झुठ बोलने वाले को न मित्र मिलता है, न पुण्य, न यश।

# बीजेपी के दोस्तों ने मुझसे पार्टी में शामिल होने के लिए संपर्क किया था : कविता

हैदराबाद, 19 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अवैध शिकार कांड ने एक नया मोड़ लिया है। एमएलसी के. कविता ने शुक्रवार को पुष्टि की कि भाजपा से जुड़े कुछ मित्रों और मित्र संगठनों ने उनसे संपर्क किया और उन्हें अपनी पार्टी में शामिल होने के लिए कहा। उन्होंने तेलंगाना में एक 'एकनाथ शिंदे' मॉडल तख्तापलट की साजिश रची, लेकिन उसने उनके प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। उन्होंने बताया कि मैं किसी का नाम नहीं लेने जा रही हूं, लेकिन ऐसे प्रस्ताव जो मेरे पास भाजपा से जुड़े मित्रों और मित्र संगठनों के साथ लाए गए थे, जिसमें मुझे पार्टी में शामिल होने के लिए कहा गया था। कविता ने मीडिया से एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि उन्हें भाजपा ने उन्हें पार्टी में आमंत्रित किया था। इसके अलावा, एमएलसी ने कहा कि तेलंगाना के लोग अपनी पार्टियों और अपने ही नेताओं के साथ विश्वासघात नहीं करेंगे।

**प्रस्ताव को अस्वीकार करने के लिए वह केंद्रीय जांच एजेंसियों के लिए एक लक्ष्य बन सकती है**

सार्वजनिक जीवन में होने के नाते, हम राज्य के लोगों के प्रति जवाबदेह हैं। हम पिछले दरवाजे से नहीं अपने बल पर नेता बनेंगे। कविता ने समझाया कि उन्हें किसी अन्य पार्टी में कोई दिलचस्पी नहीं है, क्योंकि उनका दिल हमेशा उनके नेता मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली पार्टी के साथ है। उन्होंने अपना पूरा जीवन और राजनीतिक जीवन उन्हें समर्पित कर दिया। हमने अपनी पार्टी टीआरएस को बीआरएस (भारत राष्ट्र समिति) में बदल दिया है जो राष्ट्रीय स्तर पर काम करेगी। हम तेलंगाना में विकास लाए हैं और देश भर में विकास लाने के लिए उसी प्रारूप



का पालन करेंगे।

कविता ने यह भी संकेत दिया कि प्रस्ताव को अस्वीकार करने के लिए वह केंद्रीय जांच एजेंसियों के लिए एक लक्ष्य बन सकती है और वह उनका सामना करने के लिए तैयार है। अब, इसके बाद वे क्या करेंगे, यह एक अलग कहानी है। हम राजनीति में हैं और हम सार्वजनिक जीवन में हैं। हम उनका सामना करेंगे। यह कोई बड़ी बात नहीं है, उसने जोर देकर कहा। उन्होंने कहा कि एक नया चलन है जहां ईडी द्वारा विपक्षी नेताओं को परेशान किया गया है। उन्होंने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी पूछताछ में शामिल होने के लिए एक सप्ताह की मोहलत देने से इनकार कर दिया गया था, जबकि विपक्षी नेताओं के खिलाफ 25,000 से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं, भाजपा नेताओं के खिलाफ एक भी मामला नहीं है।

दिल्ली शराब घोटाले में उनकी संलिप्तता के बारे में भाजपा नेताओं द्वारा लगाए गए आरोपों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, एमएलसी ने कहा कि मामले में अदालत का आदेश है लेकिन भाजपा नेताओं को देश में किसी भी संस्था के लिए कोई सम्मान नहीं है। मुझे कोई सम्मन नहीं मिला। मुझ पर कुछ भी नहीं है। अगर कोई घोटाला है और सबूत है। एजेंसियों को आने दो। हम सहयोग करेंगे।

## सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

राजन्ना-सिरसिल्ला, 19 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बोइनपल्ली मंडल के कोडुरुपका में गुरुवार की देर रात हुए सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गयी।

हादसा उस समय हुआ जब विपरीत दिशा में जा रही दो बाइकों ने आपस में टक्कर मार दी। मरने वालों में बोइनपल्ली मंडल के वरदावेली निवासी गदावरी चंदू (28) और कोनारावपेट मंडल के सुड्डाला के गट्टू निखिल (22) थे। पुलिस के अनुसार, टेंट हाउस के मालिक चंदू अपने दोस्त वल्लमपतला नरेश के साथ करीमनगर में काम पूरा करके अपने गांव लौट रहे थे। इस बीच निखिल करीमनगर की ओर बढ़ रहा था।

कोडुरुपका के पास दोनों बाइक आपस में भिड़ गईं। चंदू की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि निखिल ने अस्पताल ले जाते समय अंतिम सांस ली। नरेश का करीमनगर के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## धर्मसागर जलाशय जल्द ही बनेगा हनमकोंडा का पर्यटन केंद्र

हनमकोंडा, 19 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। काकतीय शहरी विकास प्राधिकरण (कुडा) के प्रयासों से हनमकोंडा के पास के दर्शनीय स्थानों में से एक, धर्मसागर जलाशय जल्द ही जिले में एक प्रमुख पर्यटन केंद्र बनने के लिए तैयार है।

कुडा परियोजना अधिकारी (पीओ) ई अजीत रेड्डी ने कहा कि जलाशय के विकास की अपनी योजना के तहत कुडा पहले चरण में दो करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से बांध के विकास, बैठने की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, भूनिर्माण और शौचालय का काम शुरू करने जा रहा है। काम जल्द ही शुरू होगा। हम दो किलोमीटर लंबा एक बांध विकसित करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ठेकेदार को काम शुरू होने के छह महीने के भीतर काम पूरा करना होगा। जिला मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर स्थित, धर्मसागर जलाशय देवनूर वन क्षेत्र की पहाड़ियों से सटा हुआ है। इस जगह के पास मुप्परम टैंक और काकतीय युग का मुप्पीरिनाधा या मुख्यांधा स्वामी मंदिर, हनमकोंडा जिले के



लिए एकमात्र प्रमुख फेफड़ों की जगह है क्योंकि यह एकमात्र वन क्षेत्र है। हालांकि वन एवं पर्यटन विभाग ने इस क्षेत्र को ईको-पर्यटन केंद्र बनाने की योजना बनाई थी, लेकिन यह पहले अमल में नहीं आई।

हालांकि, कूडा के उपाध्यक्ष पी. प्रवीण्या को शहरवासियों के साथ-साथ दूर-दराज के पर्यटकों के लाभ के लिए एक पर्यटक आकर्षण के रूप में विकसित करने के लिए उत्सुक कहा जाता है। कुडा चरणबद्ध तरीके से कम से कम 10 करोड़ रुपये के साथ जलाशय को एक प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना बना रहा है। पर्यटकों के ठहरने के लिए कारों और कॉटेज के लिए रोपवे स्थापित करने पर भी विचार किया जा रहा है। पर्यावरण कार्यकर्ता और वाना सेवा सोसाइटी (वीएसएस) के संस्थापक पोटलापल्ली वीरभद्र राव ने इस कदम का स्वागत किया है, लेकिन राज्य सरकार से देवनूर वन ब्लॉक को अतिक्रमणकारियों से बचाने का भी आग्रह किया है। देवनूर वन क्षेत्र को रिजर्व फॉरेस्ट (आरएफ) घोषित करने का प्रस्ताव है। तेलंगाना वन अधिनियम की धारा 4 के तहत अधिसूचना जारी करने के लिए मामला जिला प्रशासन के पास लंबित है।

# भाकपा नेता चाडा ने तेलंगाना राज्यपाल पर साधा निशाना

### कहा, तेलंगाना में भाजपा नेता की तरह काम कर रही हैं राज्यपाल



हैदराबाद, 19 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भाकपा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य चाडा वेंकट रेड्डी ने आज राज्य की राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि राज्यपाल तेलंगाना में भाजपा नेता की तरह काम कर रही हैं। यह कहते हुए कि राज्यपाल ने भाजपा सांसद डी. अरविंद के आवास पर हमले के मुद्दे में हस्तक्षेप किया। उन्होंने राज्यपाल के हस्तक्षेप को गलत बताया और कहा कि राज्यपाल को इस मुद्दे में हस्तक्षेप करने की कोई क्षमता नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा केरल, दिल्ली और पश्चिम बंगाल राज्यों में संबंधित राज्यों के राज्यपालों का उपयोग करके राजनीति कर रही है और कहा कि उसी तरह की राजनीति अब राज्य में शुरू हो गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्यपालों को बदले की भावना से कार्य नहीं करना चाहिए और कहा कि उन्हें समस्याओं के समाधान के लिए कदम उठाने चाहिए।

उन्होंने कहा कि भाकपा के राष्ट्रीय सम्मेलन में पहले ही एक प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार से राज्यपालों की व्यवस्था खत्म करने की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि वे राज्यपाल प्रणाली को समाप्त करने की मांग को लेकर विरोध कार्यक्रम भी आयोजित करेंगे और कहा कि वे अगले महीने की 7 दिसंबर को राजभवन में चलो विरोध कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं।

# नगर में कार रेसिंग की धूम...

## हैदराबाद में इंडियन स्ट्रीट सर्किट कार रेसिंग शुरू







हैदराबाद, 19 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद में इंडियन स्ट्रीट सर्किट कार रेसिंग शुरू हुई। यह रेसिंग कल रविवार को भी आयोजित होगी। हैदराबाद में इंडियन स्ट्रीट सर्किट कार रेस के उद्घाटन संस्करण पहली बार किया जा रहा है।

यह 11 फरवरी, 2023 को शहर में फॉर्मूला ई रेस से पहले आयोजित होने वाली इंडियन रेसिंग लीग 2022 का पहला दौर है। आईआरएल ई फॉर्मूला के ट्रैक के लिए ट्रायल रन भी हुआ। हैदराबाद को पहले और चौथे राउंड (10 और 11 दिसंबर) और चेन्नई को दूसरे (25-27 नवंबर) और तीसरे (2-4 दिसंबर) राउंड आवंटित किए गए हैं। सचिवालय परिसर से एनटीआर उद्यानों और आईमैक्स के माध्यम से हुसैनसागर झील के आसपास की सड़क को फेडरेशन ऑफ इंटरनेशनल ऑटोमोबाइल्स के विनिर्देशों को पूरा करने के लिए एक ताजा ब्लैक टॉपिंग दिया गया है। यह ड्राइवरों और दर्शकों की सुरक्षा के लिए परीक्षण किया जाने वाला 2.83 किमी का ट्रैक है। सिंगल सीटर ओपन कॉकपिट कारें 300 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आगे बढी। शहर की छह टीमों ने अपराह्न 3 बजे से दौड़ की श्रृंखला में शीर्ष सम्मान के लिए इसका मुकाबला किया।

# कैंसर से पीड़ित है कांग्रेस पार्टी : शशिधर रेड्डी

### तेलंगाना में पार्टी की खराब स्थिति के लिए रेवंत को जिम्मेदार ठहराया

हैदराबाद, 19 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता एम. शशिधर रेड्डी ने टीपीसीसी प्रमुख ए. रेवंत रेड्डी पर जमकर निशाना साधा और आरोप लगाया कि तेलंगाना में पार्टी को कमजोर करने के लिए रेवंत रेड्डी जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि रेवंत के टीपीसीसी प्रमुख का पदभार संभालने के बाद कांग्रेस पार्टी कैंसर से प्रभावित है और कहा कि कैंसर पहले ही लाइलाज स्थिति में पहुंच चुका है। दिल्ली में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, रेड्डी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी तेलंगाना में सत्तारूढ़ टीआरएस पार्टी का सामना करने की स्थिति में नहीं है।

आगे बोलते हुए, उन्होंने आरोप लगाया कि रेवंत का रवैया पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के प्रति सही नहीं था। उन्होंने आरोप लगाया कि रेवंत ने मुनुगोडु विधानसभा क्षेत्र में



हाल के उपचुनाव में 10 करोड़ रुपये खर्च करने का वादा करके एक पैसा भी खर्च नहीं किया और कहा कि टीपीसीसी प्रमुख ने पार्टी के मंडल प्रभारी को अपनी जेब से पैसा खर्च करने की धमकी दी। पार्टी के पद नहीं मिलते। रेड्डी ने यह भी आरोप लगाया कि रेवंत पार्टी के संशोधित नेताओं के लिए सुलभ नहीं होंगे।

आगे रेवंत पर निशाना साधते हुए, शशिधर रेड्डी ने आरोप लगाया कि टीपीसीसी प्रमुख अपने समर्थकों के साथ पार्टी चला रहे थे और कहा कि उनके जैसे पार्टी के कई नेता आने वाले दिनों में इसे छोड़ने की योजना बना रहे थे। उन्होंने दावा किया कि रेवंत अगले विधानसभा चुनाव में 15 विधायकों की जीत सुनिश्चित करने के बाद अपनी पार्टी बनाने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह पार्टी के कई नेताओं में से एक हैं, जिन्होंने पार्टी आलाकमान से रेवंत को टीपीसीसी प्रमुख नहीं बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने तीन महीने पहले पार्टी आलाकमान को तेलंगाना में पार्टी की स्थिति के बारे में बताया था। यह कहते हुए कि वह हमेशा खुद को कांग्रेस का आदमी मानते थे, वह अपरिहार्य परिस्थितियों में पार्टी छोड़ रहे थे। उन्होंने साफ किया कि उन्होंने अब तक राजनीति से संन्यास नहीं लिया है।

## बंडी संजय ने सांसद अरविंद से की मुलाकात



हैदराबाद, 19 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बंडी संजय कुमार ने आज पार्टी सांसद डी. अरविंद से उनके आवास पर मुलाकात की। उन्होंने उस आवास का भी अवलोकन किया, जिस पर शुक्रवार को सत्तारूढ़ टीआरएस पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा कथित रूप से हमला किया गया था और हमले के दौरान क्षतिग्रस्त संपत्ति का अवलोकन किया। यात्रा के दौरान संजय ने अरविंद के परिवार वालों से भी बातचीत की। बाद में अरविंद और पार्टी के अन्य नेताओं के साथ मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, उन्होंने पार्टी सांसद के आवास पर हमले की निंदा की और सत्ताधारी पार्टी के नेताओं से पूछा कि उन्होंने हमला क्यों किया। उन्होंने दावा किया कि अरविंद ने टीआरएस पार्टी एमएलसी के. कविता के बारे में कुछ भी अश्लील और अपमानजनक नहीं कहा और कहा कि पार्टी के सांसद ने दुनिया को केवल तथ्य बताए थे। उन्होंने सत्तारूढ़ दल के नेताओं से पूछा कि क्या वे विपक्षी दल के नेताओं पर सवाल उठाने के लिए उन पर हमला करेंगे? उन्होंने आरोप लगाया कि टीआरएस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अरविंद के घरेलू नौकरों पर भी पत्थरों से हमला किया।

# मंत्री ने सड़कों के रख-रखाव को लेकर की समीक्षा बैठक

### अधिकारियों को दिये कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश

हैदराबाद, 19 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव द्वारा राज्य के सड़क नेटवर्क, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर रखरखाव और मजबूती पर दिए गए निर्देश के बाद, पंचायतीराज और ग्रामीण विकास मंत्री येर्राबेली दयाकर राव ने एक कार्यशाला आयोजित की। संबंधित अधिकारियों ने कार्ययोजना पर चर्चा की। इस अवसर पर शनिवार को यहां बोलते हुए मंत्री येराबेली दयाकर राव ने कहा कि इस वित्तीय वर्ष के लिए सड़कों की मरम्मत, रखरखाव और मरम्मत के लिए 1,500 करोड़ रुपये का बजट है। उन्होंने अधिकारियों को 3,000 करोड़ रुपये के कार्यों के लिए एक



कार्य योजना तैयार करने के लिए कहा। बैठक के दौरान अधिकारियों को उन सड़कों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए जो बारिश और बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हो गए थे. मंत्री ने कहा कि सड़कों के डिजाइन और संरचनाओं में सभी सावधानियां बरती जानी चाहिए। मंत्री ने अधिकारियों को विदेशी सड़कों की गुणवत्ता के रखरखाव का अध्ययन करने और मुख्यमंत्री की इच्छा के अनुसार एक कार्य योजना तैयार करने का भी सुझाव दिया।

उन्होंने अधिकारियों को कार्यों के निष्पादन के लिए पंचायत राज विभाग को विभाजित करने और इस संबंध में तीन सदस्यीय समिति का गठन करने के लिए भी कहा।

**CLASSIFIEDS**

**FLAT FOR SALE**

Sale Commercial/Residential Independent Duplex 7BHK, Cover & open Parkings, **24hr** power & water with *expanded Pillars to build more floors,* in DV Colony, Near to Ranigunj, Minister to PG Road, Centrally surrounded with all major markets, Station & various other facilities for Commercial / Residencial etc uses.

**Contact: 9320147729**

**सावधान**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन के प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

## टीआरएस ने बीजेपी को पिछड़ा वर्ग बताया

हैदराबाद, 19 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी को पिछड़ा वर्ग विरोधी करार देते हुए टीआरएस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बीसी समुदाय के लिए न्याय करने में विफल रहने का आरोप लगाया है। शुक्रवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बोलते हुए, सरकारी सचेतक दस्यम विनय भास्कर ने एमएलसी बसवराजू सरैया के साथ कहा कि चूंकि नरेंद्र मोदी बीसी के हैं, इसलिए समुदाय के लोगों को बहुत उम्मीद थी कि योजनाओं और आवंटन के लॉन्च के साथ उन्हें भारी लाभ मिलेगा। दशयम विनय भास्कर ने कहा कि टीआरएस सहित विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा की गई कई दलीलों के बावजूद, मोदी सरकार बीसी के कल्याण के लिए एक अलग पोर्टफोलियो बनाने और देश भर में अपनी जाति की जनगणना करने में विफल रही है।

# मुनुगोडू में अशांति पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं राजगोपाल : प्रभाकर रेड्डी



नलगोंडा, 19 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुनुगोड़े के विधायक कूसुकुंतला प्रभाकर रेड्डी ने कहा कि उपचुनाव में अपनी हार को पचा नहीं पा रहे भाजपा नेता कोमटिरेड्डी राजगोपाल रेड्डी लोगों को भड़काकर क्षेत्र में अशांति फैलाने की कोशिश कर रहे हैं।

मर्रिगुडा में एक कार्यक्रम में लाभार्थियों को कल्याण लक्ष्मी चेक वितरित करते हुए, प्रभाकर रेड्डी ने कहा कि राजगोपाल रेड्डी राज्य सरकार के खिलाफ झूठे आरोप लगाकर लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे थे। भाजपा नेता ने मुनुगोड़े में धरने का नाटक किया, जिससे इलाके में तनाव पैदा हो गया। उनके आरोपों में कोई सच्चाई नहीं है कि एकीकृत भेड़ विकास योजना के तहत चरवाहों के बैंक खातों में जमा राशि को उपचुनाव के बाद राज्य सरकार द्वारा वापस ले लिया गया है। प्रभाकर रेड्डी ने कहा कि लाभार्थी अपने बैंक खातों में शेष राशि की जांच कर सकते हैं, उन्होंने कहा कि भारत के चुनाव आयोग के पास राजगोपाल रेड्डी द्वारा दर्ज की गई शिकायत के कारण चरवाहों के बैंक खातों में राशि जमा हो गई थी।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं ने गरीब लोगों के जीवन को बदल दिया है, उन्होंने कहा कि कल्याण लक्ष्मी, केसीआर किट और लड़कियों को बेहतर शैक्षिक सुविधाओं ने भी बालिकाओं के प्रति समाज के दृष्टिकोण को बदल दिया है।

# तेलंगाना में केसीआर ने 'ग्राम स्वराज्य' को हकीकत में बदला : कोदाड विधायक



सूर्यापेट, 19 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कोडाद के विधायक बोल्लम मल्लिया यादव ने शनिवार को कहा कि राज्य के गांवों में व्यापक विकास हो रहा है। नैदिगुडेम में सीसी सड़कों की आधारशिला रखते हुए, मल्लैया यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव गांवों के विकास के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की आजीविका में सुधार के लिए एक विजन के साथ काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री द्वारा अपनाई गई बहुआयामी रणनीति ने गांवों में बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि गांवों में रहने की स्थिति के संबंध में राज्य में कस्बों के समान विकास देखा जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में दिखाई देने वाला गुणात्मक परिवर्तन राज्य के समान विकास के लिए मुख्यमंत्री के दृष्टिकोण का संकेत दे रहा है। उन्होंने याद दिलाया कि देश में केवल तेलंगाना की सरकार ही हर महीने ग्राम पंचायतों को धन मुहैया करा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हर साल ग्राम पंचायतों को विकास कार्यों के लिए 9,916 करोड़ रुपये दे रही है। सभी ग्राम पंचायतों को घरेलू कचरे के संग्रह के लिए ट्रैक्टर प्रदान किया गया, जिससे गांवों में स्वच्छता में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि मिशन भगीरथ के तहत गांवों के हर घर में सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति हो रही है, उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर राव ने महात्मा गांधी के सपने वाले 'ग्राम स्वराज्य' को तेलंगाना में हकीकत में बदल दिया है।

**जन्मदिन की शुभकामनाएं**



**टी. धान्वी बाई**

माता : टी. पिंकी बाई
पिता : टी. किशोर सिंह

# उपसरपंच की गोली मारकर हत्या

## बदमाशों ने सिर में मारी गोली, मर्डर के बाद पईन में फेंका शव


रोते बिलखते परिजन

नालंदा, 19 नवंबर (एजेंसियां)। नालंदा में शनिवार की सुबह एक अधेड़ का शव पईन में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मामला हिलसा प्रखंड क्षेत्र के खजुरिया बाबा के समीप का है। मृतक की पहचान चिकसौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोरावां गांव निवासी 50 वर्षीय ललित यादव के रूप में की गई है। ललित यादव राजद के सक्रिय कार्यकर्ता थे एवं उनकी पत्नी कोरावां पंचायत की उपसरपंच हैं। बदमाशों ने सिर में गोली मार राजद कार्यकर्ता की हत्या कर शव को पईन में फेंक दिया है। पईन में शव मिलने की सूचना जैसे ही आसपास के लोगों को मिली। मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा शव को पईन से बाहर निकाला।

घटना के संदर्भ में परिजन ने बताया कि ललित यादव जहानाबाद जिला के ओकरी थाना क्षेत्र अंतर्गत अपने ससुराल कुरुआ गांव से मोटरसाइकिल से घर कोरावां लौट रहे थे। इसी बीच बदमाशों ने उनके सिर में 3 गोली मार शव को पईन में लाकर खजुरिया बाबा के समीप फेंक दिया। शव मिलने की सूचना पर हिलसा डीएसपी कृष्ण मुरारी दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और बताया कि परिजनों के द्वारा अभी तक आवेदन नहीं दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। हत्या कहीं अन्यत्र जगह कर के शव को तेल्हाड़ा थाना क्षेत्र के खजुरिया बाबा के समीप पानी में लाकर फेंक दिया गया है। मृतक मोटरसाइकिल से ससुराल से घर लौट रहे थे। इसी बीच उनकी हत्या की गई है फिलहाल मोटरसाइकिल अभी तक बरामद नहीं हुआ है। राजद कार्यकर्ता की हत्या की बात सुन हिलसा के पूर्व विधायक सह राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव भी घटनास्थल पर पहुंचे और मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया और कहा की इसे हम कानून व्यवस्था से जोड़कर नहीं देख सकते हैं। हत्यारा सुनसान इलाके में इस घटना को अंजाम दिया है।

# मैनपुरी सीट से अब तक कोई भी महिला नहीं बन पाई सांसद

आगरा, 19 नवंबर (एजेंसियां)। सपा मुखिया मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद एक बार फिर मैनपुरी में उपचुनाव होने वाले हैं। काफी कशमकश के बाद सपा ने अपना प्रत्याशी डिंपल यादव को बनाया है। हालांकि पहले तेजप्रताप यादव से लेकर सपाई कुनबे के विभिन्न लोगों के नामों की चर्चा हो रही थी, लेकिन उपचुनाव के लिए एक बार फिर अखिलेश ने डिंपल पर दांव लगाया है। इससे पहले फिरोजाबाद में और कन्नौज में हुए उपचुनाव में भी डिंपल यादव को ही टिकट दिया था। उपचुनाव के लिए डिंपल की टिकट पक्की होते ही अब लोगों में उत्सुकता है कि क्या यह चुनाव कोई नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। क्योंकि मैनपुरी में इससे पूर्व भी कई बार महिला प्रत्याशी लोकसभा चुनाव लड़ चुकी हैं, लेकिन कोई भी प्रत्याशी संसद तक नहीं पहुंच सकी। उपचुनाव में सपा प्रत्याशी डिंपल यादव और भाजपा के रघुराज सिंह शाक्य के बीच मुकाबला है। यदि डिंपल की जीत होती है तो यह मैनपुरी क्षेत्र से पहली महिला प्रत्याशी होंगी जो संसद की दहलीज पर पहुंचेंगी।



उल्लेखनीय है कि इससे पहले 2004, 2009 और 2014 के चुनावों में मुलायम सिंह के खिलाफ महिला प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतर चुकी हैं। इनमें कांग्रेस प्रत्याशी सुमन चौहान, बसपा से संघमित्रा मौर्य और भाजपा से ही मशहूर भजन गायिका तृप्ति शाक्य भी चुनाव लड़ चुकी हैं। अभी तक संसदीय चुनाव में उतरीं तीनों ही महिलाएं तीसरे और चौथे स्थान पर ही पहुंच सकीं। इसके अलावा शेष चुनावों में महिला प्रत्याशी नहीं उतारी गईं। मतदाताओं ने उन्हें इतने मत भी नहीं दिए कि वह दूसरे स्थान पर भी आतीं। अब तक तो यही माना जा रहा है कि मैनपुरी के मतदाताओं की पसंद महिला प्रत्याशी नहीं रहीं हैं, यदि इस बार डिंपल यादव की जीत होती है तो यह इतिहास में दर्ज होगा।

# लखनऊ की जेल में भी गड़बड़ी

## जेल में रहते रजिस्ट्री कराने के मामले में एक्शन

लखनऊ, 19 नवंबर (एजेंसियां)। दिल्ली सरकार के मंत्री सतेन्द्र जैन मनी लांड्रिंग के मामले में तिहाड़ जेल में बंद होने के दौरान मसाज का वीडियो सामने आने के बाद लखनऊ में भी एक मामला सामने आया है। भले ही दिल्ली में अभी कोई एकशन नहीं हो पाया है, लेकिन योगी आदित्यनाथ सरकार ने लखनऊ की जिला जेल में बंदी को सुविधा मिलने के मामले में एक्शन ले लिया है। सरकार ने जेल में गड़बड़ी की जांच कर अधिकारी को बदल दिया।

लखनऊ जिला जेल में बंद शाइन सिटी संचालक ने जेलर को प्रमाणित पत्र जारी कराया था। वह जेल में बंद किसी को भी यह सुविधा देने के मामले में संदेह के घेरे में हैं। लखनऊ जेल में बंद शाइन सिटी इंफ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक आसिफ नसीम की ओर से जारी कराए गए एक पत्र की वास्तविकता की पड़ताल कर रहे डीआइजी जेल शैलेन्द्र मैत्रेय से जांच छीन ली गई है। मामला सामने आने पर शासन के जांच अधिकारी बदलने के निर्देश पर डीजी जेल ने डीआइजी जेल एके सिंह को नया जांच अधिकारी नियुक्त किया है। इस गंभीर मामले में लखनऊ जेल के अधिकारियों ने डीआइजी मैत्रेय की भूमिका पर सवाल उठाते हुए शिकायत की थी। सूत्रों का कहना है कि आसिफ ने जेल में बंद रहते एक जमीन की रजिस्ट्री के लिए पावर आफ अटार्नी की थी। इसके लिए जेलर ने प्रमाणित पत्र जारी कराया था। ईडी की शिकायत पर इस मामले की जांच हो रही है।

**सत्येन्द्र जैन का वीडियो जारी**

दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येन्द्र जैन का वीडियो भाजपा की ओर से जारी किया गया है। तिहाड़ जेल में बंद सत्येन्द्र जैन इस वीडियो में मसाज कराते दिख रहे हैं।

इस वीडियो को भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने ट्वीट करते हुए आम आदमी पार्टी पर सवाल खड़े किए हैं। इससे पहले ईडी की ओर से भी कोर्ट में यह कहा गया था कि सत्येन्द्र जैन को नियमों की अनदेखी करते हुए जेल में कई प्रकार की सुविधाएं दी जा रही हैं।

# रोनिल हत्याकांड की सीबीआई जांच हो

## कानपुर में परिजनों ने शुरू किया सत्याग्रह, कहा- जब तक खुलासा नहीं होगा, संघर्ष जारी रखेंगे

कानपुर, 19 नवंबर (एजेंसियां)। कानपुर के चर्चित रोनिल मर्डर केस के 20 दिन बीत गए लेकिन खुलासा नहीं हो सका है। इसके चलते शनिवार को रोनिल के परिजनों ने न्याय संघर्ष समिति के साथ श्याम नगर वीरेंद्र स्वरूप स्कूल के बाहर सत्याग्रह शुरू कर दिया है। रोनिल की हत्या का खुलासा नहीं होने पर परिजनों ने सीबीआई जांच की मांग की है। जबकि सत्याग्रह को रोकने के लिए कानपुर पुलिस कमिश्नर ने भारी फोर्स लगा दी थी, इसके बाद भी परिजन और साथ में मौजूद लोग पीछे नहीं हटे।

# डिंपल यादव के खिलाफ नहीं मिला मैनपुरी से टिकट

## अब भाजपा स्टार प्रचारकों की लिस्ट में भी नहीं अपर्णा का नाम

लखनऊ, 19 नवंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के मैनपुरी लोकसभा सीट पर उप चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। इस सूची में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित प्रदेश के 40 बड़े पार्टी नेताओं के नाम शामिल हैं, वहीं अपर्णा यादव का नाम इस लिस्ट में शामिल नहीं किया गया है। इसके पहले इस उपचुनाव में अपर्णा यादव को बीजेपी उम्मीदवार के तौर पर उतारे जाने के कयास लगाए जा रहे थे। पहले अपर्णा का इस उपचुनाव में टिकट नहीं मिला और अब स्टार प्रचारकों की सूची से उनका नाम गायब है।

**यूपी विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी में शामिल हुईं थीं अपर्णा**

मैनपुरी की लोकसभा सीट समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद खाली हुई सीट पर उपचुनाव में सपा की ओर से जहां डिंपल



यादव खड़ी हैं वहीं उनके खिलाफ बीजेपी से एक सप्ताह पहले तक संभानाएं कुछ ऐसी दिखाई दे रहीं थीं कि डिंपल यादव के खिलाफ अपर्णा यादव को चुनाव में उतारा जाएगा अपर्णा मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू हैं। उत्तर प्रदेश विधानसभा से ठीक पहले अपर्णा ने समाजवादी पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया था।

फिलहाल बीजेपी ने मैनपुरी से रघुराज सिंह शाक्य को मैदान में उतारा है। वहीं बीजेपी की जारी की गई स्टार प्रचारकों की सूची से भी अपर्णा का नाम गायब है। हालांकि रघुराज सिंह शाक्य भी समाजवादी पार्टी से रहे हैं। वो सपा के संस्थापक सदस्यों में से एक हैं। शाक्य अपने आपको मुलायम सिंह यादव का शिष्य बताते हैं। शाक्य ने आगरा यूनिवर्सिटी से पढ़ाई की है उन्होंने छात्र संघ राजनीति के जरिए सियासत में कदम रखा है।

**मैनपुरी लोकसभा सीट पर है यादव परिवार का दबदबा**

मैनपुरी लोकसभा सीट की बात करें तो यहां पर मुलायम सिंह यादव के परिवार का दबदबा रहा है। इस सीट से मुलायम सिंह यादव परिवार के 3 सदस्य 6 बार लोकसभा जा चुके हैं। मुलायम सिंह यादव इस सीट से 4 बार सांसद बन चुके हैं एक बार भतीजे धर्मेंद्र यादव और एक बार उनके पोते तेज प्रताप यादव लोकसभा जा चुके हैं। लोकसभा चुनाव में इस सीट पर बीजेपी के बड़े नेता भी चुनाव प्रचार को नहीं गए थे।

# पुलिसकर्मियों के अवकाश पर रोक, एडीजी कानून व्यवस्था ने जारी किया पत्र



लखनऊ, 19 नवंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में पुलिस कर्मियों के अवकाश पर रोक लगा दी गई है। यह रोक आने वाले चुनावों को देखते हुए लगाई गई है। एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार की ओर से जारी किए गए पत्र में कहा गया है कि आने वाले दिनों में प्रदेश में लोकसभा और विधानसभा के उप चुनाव हैं।

इसके अलावा निकाय चुनावों के लिए भी जल्द तिथि घोषित होने की उम्मीद है। ऐसे में पुलिस कर्मियों के अवकाश पर रोक लगाई जाती है। किसी विशेष परिस्थितियों में ही अवकाश स्वीकृत किए जाएंगे। इस संबंध में एडीजी ने डीजीपी के अनुमोदन से सभी अफसरों को पत्र भेजा गया है।

# विदाई के वक्त दूल्हा बोला- वर्जिनिटी टेस्ट कराओ

## डिमांड रखते ही दूल्हे समेत 4 को बनाया बंधक, दुल्हन का साथ जाने से इनकार

मोतिहारी, 19 नवंबर (एजेंसियां)। मोतिहारी में शादी के बाद जमकर हंगामा हुआ। लड़की पक्ष ने दूल्हे, उसके पिता और 2 बहनोई को बंधक बना लिया। दरअसल, दूल्हे ने विदाई के वक्त दुल्हन की वर्जिनिटी टेस्ट कराने की मांग रख दी। इस डिमांड पर लड़की वाले आगबबूला हो गए। वधू पक्ष के लोगों ने दूल्हे को बंधक बना लिया। उन्हें 2 दिन बंधक बनाए रखा। इसके बाद पुलिस और स्थानीय लोगों की पहल पर लड़की वालों ने उन्हें छोड़ा, लेकिन दुल्हन ने दूल्हे के साथ जाने से इनकार कर दिया।

मामला तुरकौलिया थाना के चारगाहा का है। जहां 16 नवंबर को स्वर्गीय गुदरी बैठा की बेटी की शादी बेतिया के मझौलिया थाना क्षेत्र के अहवर शेख गांव से निर्मल बैठा के बेटे सूरज बैठा के साथ हुई। दूसरे दिन विदाई के समय दोनों पक्षों में विवाद हुआ। जिसके बाद दूल्हे ने जांच कराने की मांग



की। 16 नवंबर को बैंड बाजे के साथ बेतिया से बाराती चारगाहा पहुंचे, जहां शादी धूमधाम से हुई। लेकिन गुरुवार की सुबह में विदाई के वक्त लड़का और लड़की पक्ष में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इस पर वर पक्ष ने लड़की वालों पर आरोप लगाया कि उन्होंने पेपर बनाने की बात कही है, ताकि उनकी लकड़ी को ससुराल में दिक्कत न हो। इस बात पर दूल्हे राजा नाराज हो गए और कहा कि आप भी अपने लड़की की मेडिकल जांच कराए कि वो वर्जिन है कि नहीं। इस डिमांड पर लोग आक्रोशित हो गए। दोनों पक्षों में धक्का-मुक्की शुरू हो गई। लड़की पक्ष ने ये भी आरोप लगाया लड़का शराबी है।

वर्जिनिटी टेस्ट की डिमांड पर भड़के दुल्हन पक्ष के लोगों ने दूल्हे और उसके परिजन को बंधक बना लिया। लोगों ने दूल्हा के साथ उसके पिता और दो बहनोई (जीजा) को बंधक बना लिया। लड़की वालों ने दो दिनों तक उन्हें बंधक रखा। इस बीच पंचायती का दौर शुरू हुआ। तुरकौलिया थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार, स्थानीय जन प्रतिनिधियों के सहयोग से मामले का निपटारा करने पहुंचे। 18 नवंबर को लड़के वालों ने थाने में आवेदन दिया। जिसके बाद उन्हें मुक्त कराया गया। इधर दुल्हन ने दूल्हे के साथ जाने से इनकार कर दिया। और दुल्हे राजा को बिना दुल्हन के घर जाना पड़ा।

क्या शादी की कोई ऐसी रस्म भी हो सकती है, जो दुल्हन की इज्जत तार-तार कर दे और उसकी जान ही ले ले? जी हां, राजस्थान में ऐसा हो रहा है। पढ़ने में ये बात शायद अटपटी लगे, लेकिन ये सच है कि राजस्थान के कई गांवों में शादी करना गाड़ी खरीदने जैसा ही है। जैसे गाड़ी खरीदने से पहले टेस्ट ड्राइव की जाती है, उसी तरह दुल्हन को भी वर्जिनिटी टेस्ट से गुजरना पड़ता है।

# काशी-तमिलनाडु के 90 मंदिरों का एग्जीबिशन

## तमिल-हिंदी को जोड़ने वाले सुपरस्टार श्रीदेवी, हेमा, रेखा, थलाइवा और रहमान की प्रदर्शनी



वाराणसी, 19 नवंबर (एजेंसियां)। तमिलनाडु के 50 से ज्यादा दलों के 700 से अधिक कलाकार महामना की बगिया में पहुंच चुके हैं। काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के एंफीथिएटर ग्राउंड पर चलने वाले काशी-तमिल संगमम में ये कलाकर पूरे महीने भर लोक, जनजातीय और शास्त्रीय नृत्यों पर प्रस्तुति देंगे। वहीं, कुछ कलाकर थिएटर भी करेंगे। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो बजे से शुरू हो रहे उद्बोधन के बाद ही कार्यक्रम अपनी रंगत में आ जाएगा।

इस पूरे आयोजन में काशी और तमिलनाडु के 90 प्राचीन मंदिरों और देवी-देवताओं के मूर्तियों की एग्जीबिशन लगाई गई है। इसमें वाराणसी के 29 और 61 मंदिर तमिलनाडु के हैं। एग्जीबिशन में तमिलनाडु के मंदिरों की भव्यता और आर्किटेक्चर देखते ही बन रहा है। वहीं, काशी की दुर्लभ देव मूर्तियां तमिल पब्लिक को काफी आश्चर्य में डाल रहीं हैं।

एग्जीबिशन में लगे तमिलनाडु के मंदिरों का काल 3 ईसवी से लेकर 12वीं शती तक हैं। जबकि, वाराणसी में कार्तिकेय की मूर्ति (4 शताब्दी) को छोड़कर सभी 10-12वीं शती की मूर्तियों का एग्जीबिशन लगा है। कार्तिकेय की मूर्ति बीएचयू के भारत कला भवन म्यूजियम में रखी गई है।

# पुलिस की नौकरी का एडवांटेज उठा रहे हैं फरार आईपीएस



पटना, 19 नवंबर (एजेंसियां)। निलंबित औक फरार आईपीएस आदित्य कुमार को पुलिसिंग का हर दाव-पेंच पता है। वो बखूबी जानते हैं कि किसी फरार अपराधी को पकड़ने के लिए पुलिस की टीम कौन-कौन से तरीके अपनाती है? आदित्य कुमार को इस बात का एहसास है कि उन्हें गिरफ्तार करने के लिए आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) की टीम किस तरह से काम कर रही है। यही वजह है कि पिछले 34 दिनों से वो फरार हैं। इनके शातिरगिरी के चक्कर में गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही ईओयू की टीम परेशान है। 11 साल की नौकरी से मिला बड़ा अनुभव आदित्य कुमार 2011 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। पुलिस में करीब 11 साल की नौकरी करने का अनुभव है। भोजपुर और बेगूसराय जैसे जिलों में एसपी रहे। फिर गया के एसएसपी बने। पुलिसिंग के दौरान मिले अनुभव का ही वो अब एडवांटेज उठा रहे हैं।

आशंका है कि पुलिसिंग के दौरान जिन टेक्निकों के जरिए उन्होंने दूसरे अपराधियों को पकड़ा। अब उसी का इस्तेमाल अपने उपर कर रहे हैं। तभी एक एक महीने से अधिक का समय बीतने के बावजूद वो पूरी तरह से ट्रेस आउट हैं।

पुलिस की गिरफ्तारी से बचने के लिए आम तौर पर सबसे पहले कोई भी अपराधी अपना मोबाइल नंबर बंद कर देता है। यही काम आदित्य कुमार ने भी किया। जब 15 अक्टूबर को ईओयू ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की। इसके बाद से ही उनका मोबाइल नंबर बंद आने लगा। आमतौर पर अपराधी किसी से बात करने के लिए व्हाट्सएप या मैसेंजर के जरिए किसी से बात करते हैं।

ऐसी संभावना है कि आदित्य कुमार भी ऐसा कर रहे हों। आमतौर पर अपराधी बार-बार अपना लोकेशन बदलते रहते हैं। आशंका है कि आदित्य कुमार भी अपना लोकेशन बदल रहे हैं। जांच एजेंसी को विदेश भागने का भी शक है। इसी वजह से लूक आउट नोटिस जारी करने के लिए ईओयू ने पहले सीआईडी को फिर वहां सीबीआई को प्रस्ताव भेजा गया।

सूत्र बताते हैं कि आदित्य कुमार को पकड़ने के लिए ईओयू की एक टीम ग्राउंड में तो एक्टिव है ही। इसके अलावा एक टीम ऑनलाइन तरीके से भी उन्हें ट्रेस करने में जुटी है। इस बात पर नजर रखी जा रही है कि कहीं से भी वो किसी प्रकार का कोई सामान ऑनलाइन परचेजिंग तो नहीं कर रहे हैं? रुपयों का कोई लेन-देन मतलब ऑनलाइन ट्रांजेक्शन किसी के साथ तो नहीं कर रहे? फरार होने के दौरान अपनी गाड़ी की जगह किसी कैब की गाड़ी का इस्तेमाल तो नहीं कर रहे? इन सब के अलावा ह्युमन इंटेलिजेंस के जरिए भी ईओयू की टीम आदित्य कुमार का पता लगाने में जुटी हुई है।

# हिंदू नेता की गोली मारकर हत्या

## सफारी गाड़ी रोककर मत्थे पर मारी गोली दो गुटों में समझौता कराने पर हुआ था विवाद

बदायूं, 19 नवंबर (एजेंसियां)। बदायूं में विश्व हिंदू सेवा दल के जिलाध्यक्ष की शुक्रवार रात गोली मारकर हत्या कर दी। उनका शव आज सुबह खेतिहर इलाके में गांव से डेढ़ किमी दूर चकरोड के किनारे पड़ा मिला। उनकी सफारी गाड़ी भी पास में खड़ी थी और लाश से कुछ दूरी पर तमंचा भी पड़ा था। हत्या का आरोप गांव के कोटेदार की शिकायत करने वाले लोगों पर है। हिंदू नेता कोटेदार और शिकायतकर्ता में समझौता कराने का प्रयास कर रहे थे। जबकि शिकायत करने वालों समझौता नहीं करना चाह रहे थे। घटना मूसाझाग थाना क्षेत्र के गांव गिधौल की है।

गांव निवासी प्रदीप कश्यप (30) विश्व हिंदू सेवा दल के जिलाध्यक्ष थे। गांव वालों के मुताबिक शुक्रवार रात प्रदीप की गाड़ी रुकवाकर गोलियां मारी गईं। वारदात उस वक्त हुई जब वह अपने घर लौट रहे थे।

ग्रामीणों के मुताबिक, गांव के




राशन डीलर मान सिंह का धीरेंद्र व उसके भाई फुलवारी से कोटा वितरण के दौरान साल भर पहले विवाद हो चुका था। इस विवाद के बाद दोनों में रंजिश थी। चार दिन पहले दोनों पक्षों में फिर कहासुनी हुई तो कोटेदार मान सिंह ने इसकी शिकायत पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से की थी। इसपर इंस्पेक्टर राजेश यादव ने हिंदू नेता प्रदीप से कहा था कि दोनों पक्षों में समझौता करवा दो।

हिंदू नेता प्रदीप ने बीती 16 नवंबर को गांव के प्रेमपाल के घर में दोनों पक्षों को बुलवाया। वहां काफी लोग पहले से मौजूद थे। सभी की मौजूदगी में सुलहनामा लिखवा दिया गया। इसी बीच अचानक धीरेंद्र और फुलवारी ने समझौतानामा फाड़कर फेंक दिया था। साथ ही प्रदीप को नेतागिरी करने की बात कहकर पहले उनसे निपटने की धमकी भी दी गई थी। प्रदीप ने विरोध किया तो धीरेंद्र और फुलवारी समेत उनके सहयोगियों ने मिलकर वहीं पर पीट दिया था। कोटेदार पक्ष के लोगों ने बमुश्किल बचाया तो दोनों भाई हत्या की धमकी देकर चले गए। प्रदीप ने इसकी शिकायत पुलिस समेत मुख्यमंत्री से भी की थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई थी।

प्रदीप के बड़े भाई उमेश ने रोते हुए बताया, 2 दिन पहले भाई ने अपनी हत्या की आशंका जताई थी। पुलिस को दोबारा मामले की सूचना भी दी गई थी।

# पति-पत्नी को धारदार हथियार से काटा

## घर में घुसकर बदमाशों ने की हत्या, ब्याज पर पैसा देता था मृतक

सीतामढ़ी, 19 नवंबर (एजेंसियां)। सीतामढ़ी में एक घर में घुसकर अज्ञात बदमाशों के द्वारा एक पति-पत्नी की हत्या कर दी गई है। घटना महिंदवाड़ा थाना क्षेत्र के खनुआ घाट की है। जहां घर में सोए दंपती की धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी। घटना के वक्त घर में कोई अन्य और सदस्य नहीं थे। वारदात को अंजाम देकर भागने के क्रम में बदमाशों का एक लोडेड देसी कट्टा गिर गया है। जिसे घटनास्थल से पुलिस बरामद कर ली है।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार के देर रात दोनों पति-पत्नी अपने कमरे में सोए हुए थे। इसी दौरान देर रात उक्त घटना को अंजाम दिया गया है। घटना का पता तब चला घर में काम करने वाला युवक सुबह घर में आया। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों की भी भीड़ जुट है। घटना की सूचना महिंदवाड़ा थाना पुलिस को सूचना दी गई। घटनास्थल पर पहुंची मामले के छानबीन में जुटी हुई है। वही सूचना पर वरीय पुलिस अधिकारी डीएसपी सदर सुबोध कुमार भी घटनास्थल पहुंचकर मामले के छानबीन में जुट हुए है।

मृतक की पहचान 65 वर्षीय सीता राम राय व उनकी 60 वर्षीय पत्नी फूलो देवी के रूप में की गई है। फिलहाल घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। हालांकि ग्रामीणों के द्वारा बताया जा रहा है कि मृतक ब्याज पर पैसा लगाने का काम करते थे।

इनका पूरा परिवार बाहर रहता है। बेटा और बेटी को घटना के बारे में ग्रामीणों के द्वारा जानकारी दे दी गई है। पुलिस मृतक के परिजनों के आने के इंतजार कर रही है। वहीं ग्रामीणों से भी पूछताछ कर रही है।

# पिता ने दो बेटों-पत्नी को चाकू मारा, फिर जिंदा जलाया

सीतामढ़ी, 19 नवंबर (एजेंसियां)। एक पिता ने अपने दो मासूम बच्चों की हत्या कर दी। आरोपी ने 6 साल और 4 साल की उम्र के अपने दो बेटों पर पहले चाकू से वार किया। फिर जला डाला। आरोपी ने अपनी पत्नी को भी मारने की कोशिश की। उसे भी चाकू के कई वार कर जख्मी कर दिया। बाद में तीनों को पुआल के टाल में जिंदा जलाया। जिसमें उसके दोनों बेटों की मौत हो गई, जबकि पत्नी की हालत नाजुक है। डुमरा थाना क्षेत्र के बरहरवा सरेह में आरोपी ने दोनों बच्चों और पत्नी को मारकर जिंदा जलाया।

# लखनऊ में 18 हजार लोगों से ठगी

## इकाना स्टेडियम में म्यूजिक नाइट, बुक माय शो पर बुकिंग हुई, अब ऑनलाइन डिटेल हुई गायब

लखनऊ, 19 नवंबर (एजेंसियां)। लखनऊ के 18 हजार लोगों से ठगी हो गई। एक इवेंट कंपनी ने लखनऊ के इकाना स्टेडियम में म्यूजिक शो के इश्तहार शहर में लगवाए। फिर बुक माय शो के जरिए टिकट बुक किए। 20 नवंबर के आयोजन से ठीक पहले इवेंट कराने वाली कंपनी के मोबाइल नंबर बंद जाने लगे। बुक माय शो के ऐप से डिटेल भी हट गई।

जब लोगों को जालसाजी के पता चला, तो उन्होंने ट्विटर के जरिए फ्रॉड के बारे में लिखना शुरू किया। इस आयोजन तक लोगों को



लाने के लिए बॉलीवुड स्टार सुमित गोस्वामी, सन्नी लियोन, हिमेश रेशमिया, टाइगर श्राफ, मोनी रॉय समेत कई बड़े कलाकारों के चेहरों का इस्तेमाल हुआ है। इस पूरे मामले की तह तक जाने के लिए इकाना स्टेडियम के मैनेजर गौरव से बात की। उन्होंने बताया कि इवेंट कंपनी की तरफ से हमारे पास बुकिंग आई थी। कुल 1.5 करोड़ रुपए चुकाने थे। एडवांस में 11 लाख रुपए हमारे पास आए। कंपनी की तरफ से कहा गया कि 20 से 25 हजार दर्शक शो में आएंगे। 7 दिन पहले एक अखबार में फिर विज्ञापन आया था।

इसके बाद हमने कंपनी के लोगों से संपर्क करने का प्रयास किया, क्योंकि बुकिंग की रकम नहीं आई थी। मगर कोई मोबाइल नंबर नहीं उठा। अब 24 घंटे से सभी मोबाइल नंबर बंद जा रहे हैं।

## प्यार की खातिर मुस्लिम लड़की ने अपनाया सनातन धर्म, मंदिर में लिए सात फेरे



मंदसौर, 19 नवंबर (एजेंसियां)। मंदसौर जिले में एक लड़की ने धर्म परिवर्तन कर लिया। गुना जिले की नाजनीन बानो ने प्यार के खातिर मजहब बदला है। लड़की ने दूसरे धर्म के लड़के से प्यार किया। उसने सनातनी बनकर लड़के से शादी भी कर ली। बता दें, जिले में छह महीने में यह 5वां मामला है, जब किसी मुस्लिम ने सनातन धर्म अपनाया है। गुना जिले के कुंभराज में रहने वाली नाजनीन बानो पिता मोहम्मद जफर को टिकटॉक पर दीपक पिता विट्ठल गोस्वामी नाम का युवक पसंद आ गया। वह उसे फॉलो करने लगी। इसी एप के जरिए दोनों की बात शुरू हुई। दोस्ती प्यार में बदल गई। फिर दोनों छह महीने पहले बिना बताए घर से भाग गए। दोनों शादी कर जिंदगी बिताना चाहते थे, लेकिन अलग-अलग धर्म के होने से शादी नहीं कर पा रहे थे। कुछ दिन पहले लड़के ने अपने परिवार से संपर्क किया। उसने परिजन से कहा कि नाजनीन सनातन धर्म अपनाना चाहती है। युवक के पिता ने मंदसौर के चेतन्य सिंह राजपूत से संपर्क किया। इसके बाद गुरुवार रात विधि-विधान से गायत्री मंदिर में सनातन धर्म अंगीकार कर नाजनीन, नैंसी गोस्वामी बन गई। दोनों ने सात फेरे लेकर विवाह के गठबंधन में बंध गए। नैंसी 19 साल की है। 9वीं तक पढ़ी है। दीपक की उम्र 22 साल है और वह कॉमर्स में फर्स्ट ईयर का स्टूडेंट है। मंदसौर में ही पिछले छह महीने में पांच लोगों ने सनातन धर्म अपनाया है। 27 मई को पत्रकार शेख जफर कुरैशी घर वापसी कर चेतन्य सिंह राजपूत बने थे। इसके बाद 9 सितंबर को जोधपुर की इकरा सनातन धर्म अपनाकर इशिका बनी थी।

# तोड़ा जा रहा ब्रिटिश काल का कर्नाक पुल

## 27 घंटे तक बाधित रहेगा मध्य रेलवे मार्ग




मुंबई, 19 नवंबर (एजेंसियां)। मध्य रेलवे ब्रिटिश काल के कर्नाक पुल को ढहाने के लिए दक्षिण मुंबई में मस्जिद बंदर स्टेशन और छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) के बीच शनिवार रात से 27 घंटे के लिए मार्ग को बंद रखेगा। मध्य रेलवे की एक विज्ञप्ति में कहा गया कि 19 नवंबर को रात 11 बजे से 21 नवंबर रात 2 बजे तक मार्ग बंद रहेगा, जिसके कारण लोकल और एक्सप्रेस रेलगाड़ियों के आवागमन कार्यक्रम पर असर पड़ेगा। रेलवे ट्रैक बंद रहने से लोकल ट्रेन से रोजाना सफर करने वाले 37 लाख से ज्यादा यात्रियों के साथ-साथ अन्य रेलगाड़ियों से यात्रा करने वाले लोग भी प्रभावित होंगे।

**अलग-अलग लाइनों पर ब्लॉक का ये रहेगा समय**

बता दें कि मध्य रेलवे के मुंबई उपनगरीय नेटवर्क पर 1,800 से अधिक लोकल ट्रेन सेवाएं चलाई जाती हैं। रेल अधिकारियों ने बताया कि यह पुल 1866-67 में बनाया गया था और 2018 में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मुंबई की एक विशेषज्ञ टीम ने इसे असुरक्षित घोषित कर दिया था। इस पुल पर 2014 में ही भारी वाहनों की आवाजाही रोक दी गई थी। रेलवे के मुताबिक, यह मेगा ब्लॉक मेनलाइन पर 17 घंटे, हार्बर लाइन पर 21 घंटे और मेल एक्सप्रेस कोचिंग डिपो की यार्ड लाइन पर 27 घंटे का होगा।

**मेन लाइन, हार्बर लाइन पर पहले शुरू होंगी सेवाएं**

मेनलाइन पर 17 घंटे का यह ब्लॉक सीएसएमटी और भायखला के बीच संचालित होगा। 17 घंटे का ब्लॉक 19 नवंबर को रात 11 बजे शुरू होगा और 20 नवंबर को शाम 4 बजे खत्म होगा। इसी तरह हार्बर लाइन पर सीएसएमटी और वडाला के बीच 21 घंटे का ब्लॉक रहेगा। 21 घंटे का यह ब्लॉक 19 नवंबर को रात 11 बजे शुरू होगा और 20 नवंबर को रात 8 बजे खत्म होगा। यानी कि ब्लॉक शुरू होने के बाद क्रमशः 17 और 21 घंटे के बाद मेन लाइन और हार्बर लाइन पर ट्रेनों की पूरी आवाजाही सुचारू हो जाएगी।

**यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने उठाए ये कदम**

मेल एक्सप्रेस यार्डलाइन का ब्लॉक 27 घंटे के बाद यानी 21 नवंबर को रात में 2.00 बजे खत्म होगा। यात्रियों की सुविधा के लिए मेनलाइन पर भायखला, परेल, कुर्ला, दादर और ठाणे, कल्याण और कर्जत-कसारा स्टेशनों के बीच लोकल ट्रेनें चलाई जाएगी। इसके अलावा, हार्बर लाइन पर वडाला से पनवेल और गोरेगांव स्टेशनों के बीच लोकल ट्रेनें चलाई जाएंगी। भायखला, परेल, दादर, कुर्ला और वडाला स्टेशनों पर ट्रेन रिवर्सल के लिए प्लेटफार्मों की संख्या सीमित है, अतः मेनलाइन और हार्बर लाइन पर लोकल ट्रेनें कम फ्रीक्वेंसी पर चलाई जाएंगी।

## 'बाबू' ने कागजों में मार डाले 279 लोग

### 11 करोड़ गटक गए कानोकान खबर तक नहीं, हैरान कर देने वाला खुलासा



सिवनी, 19 नवंबर (एजेंसियां)। सिवनी जिले में एक हैरान कर देने वाले घोटाले का पर्दाफाश हुआ है। तहसीलदार ऑफिस के एक क्लर्क पर 11 करोड़ का घोटाला करने का आरोप लगा है। इसके लिए उसने कागजों में 279 लोगों को मृत दिखा दिया, इस खुलासे के बाद लोग हैरान हैं। दरअसल, सिवनी जिले के तहसील कार्यालय केवलारी में पदस्थ सचिन दहायत नाम का क्लर्क अकाउंट सेक्शन देखता था। इसी कार्यभार और पद पर उसने ऐसा खेल किया, जिससे हड़कंप मचा हुआ है। आरोपी ने कागजों पर जिंदा लोगों को मरा दिखाया। साथ ही कई ऐसे फर्जी नाम भी सामने आए हैं, जिनको मरा बताकर उनके नाम से फर्जी आदेश बनाकर शासन से 4-4 लाख रुपये की राहत राशि स्वीकृत करा ली।

ये पूरा घोटाला राजस्व पुस्तक परिपत्र के खंड-6 क्रमांक-4 यानी कि आरबीसी 6-4 के अंतर्गत किया गया है। बता दें कि जब भी किसी किसान, भूमिहीन व्यक्ति या आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति की मृत्यु पानी में डूबने, सर्पदंश, आकाशीय बिजली गिरने या ऐसे दूसरे कारणों से होती है तो सरकार के राजस्व विभाग की ओर से आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत दी जाती है।

# यूट्यूबर शंकर को मद्रास हाईकोर्ट ने दी सशर्त जमानत

## शीर्ष अदालत ने सजा पर लगाई थी रोक



चेन्नई, 19 नवंबर (एजेंसियां)। उच्च न्यायपालिका के खिलाफ कथित विवादस्पद टिप्पणी मामले में आरोपी यूट्यूबर सवुक्कु शंकर को मद्रास हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने यूट्यूबर शंकर की जमानत दे दी है। हालांकि उनको कई शर्तों का पालन करना पड़ेगा। गौरतलब है कि पिछले महीने शीर्ष अदालत ने उनकी सजा को निलंबित कर दिया था। मिली जानकारी के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट ने 11 नवंबर को यूट्यूबर और एक्टिविस्ट सवुक्कु शंकर पर कोर्ट की अवमानना के मामले में मद्रास हाई कोर्ट द्वारा लगाई गई 6 महीने की सजा पर रोक लगा दी थी। जिसके बाद मद्रास हाई कोर्ट की मदुरै बेंच ने कल यानी शुक्रवार को यूट्यूबर और एक्टिविस्ट सवुक्कु शंकर को जमानत पर रिहा करने के लिए नियम और शर्तें तय करते हुए जनामत दे दी।

**इन शर्तों का करना होगा पालन**

जमानत के साथ ही हाईकोर्ट ने यूट्यूबर सवुक्कु शंकर को लेकर कुछ शर्तें तय की हैं। जिनका पालन उसे करना होगा। मदुरै पीठ ने अपने आदेश में कहा है कि शंकर को सोशल मीडिया पर कोई टिप्पणी या अन्य संबंधित गतिविधियां नहीं करनी होंगी। साथ ही अदालत ने यह भी कहा है कि सवुक्कु शंकर न्यायपालिका को ठेस पहुंचाने वाली किसी भी गतिविधि में शामिल नहीं हो। इसके अलावा, अगले आदेश तक शंकर को रोजाना सुबह 10: 30 बजे न्यायिक दंडाधिकारी के समक्ष पेश होना होगा। उन्हें अदालत के निर्देश के अनुसार उच्च न्यायालय के समक्ष पेश होने के लिए भी कहा गया।

**सुप्रीम कोर्ट ने लगा दी थी रोक**

सुप्रीम कोर्ट ने 11 नवंबर को यूट्यूबर और एक्टिविस्ट सवुक्कु शंकर पर कोर्ट की अवमानना के मामले में मद्रास हाई कोर्ट द्वारा लगाई गई 6 महीने की सजा पर रोक लगा दी थी। जस्टिस संजीव खन्ना और जेके माहेश्वरी की सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने शंकर की स्पेशल लीव पिटीशन पर हाई कोर्ट को नोटिस जारी किया था। पीठ ने निर्देश दिया था कि सुनवाई की अगली तारीख तक शंकर अदालती कार्यवाही के संबंध में कोई वीडियो या टिप्पणी नहीं करेगा।

**कोर्ट के खिलाफ विवादास्पद टिप्पणी का था मामला**

गौरतलब है कि यूट्यूबर और एक्टिविस्ट सवुक्कु शंकर ने एक साक्षात्कार में कहा था कि पूरी उच्च न्यायपालिका भ्रष्टाचार से ग्रस्त है। जिसके बाद न्यायमूर्ति स्वामीनाथन के नेतृत्व वाली उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने स्वतः संज्ञान लेते हुए शंकर के यूट्यूब इंटरव्यू पर ध्यान देते हुए अवमानना कार्यवाही शुरू की थी। बीते 15 सितंबर को मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै खंडपीठ में जस्टिस जीआर स्वामीनाथन और पी पुगलेंधी शामिल ने शंकर को उनकी टिप्पणी के लिए अदालत की आपराधिक अवमानना के लिए दोषी ठहराया था।

# पंजाब और चंडीगढ़ से कनाडा के लिए सीधी फ्लाइट नहीं

## सरकारों के बीच समझौते से पंजाबियों में मायूसी



जालंधर (पंजाब), 19 नवंबर (एजेंसियां)। भारत कनाडा का चौथा सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रा का बाजार है, जिसमें सबसे अधिक पंजाबी मूल के लोग यात्रा करते हैं। लेकिन कनाडा सरकार ने जो समझौता किया है, उसमें पंजाब व चंडीगढ़ को दरकिनार कर दिया है। हालांकि एसजीपीसी से लेकर सीएम मान और आप के सांसद विक्रमजीत साहनी मांग कर रहे थे कि कनाडा से सीधी फ्लाइट्स अमृतसर तक चलाई जाएं लेकिन दो दिन पहले हुए समझौते में बंगलूरू, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता और मुंबई तक सीधी फ्लाइट्स शुरू करने पर सहमति जताई गई है। यह फ्लाइट्स सीधी टोरंटो, मॉन्ट्रियल, एडमिंटन, वेंकूवर तक जाएगी। कनाडा के मंत्री उमर अलगाहबरा का कहना है कि यह समझौता दोनों देशों के बीच सकारात्मक विकास है। भारत-कनाडा एयर ट्रांसपोर्ट एग्रीमेंट के कारण पंजाब के लिए सीधी फ्लाइट शुरू कर पाना विभिन्न एयरलाइंस कंपनियों के लिए संभव नहीं हो पा रहा था, जिसके चलते पंजाब आने वालों की मांग लगातार लंबित होती जा रही थी।

इसी बीच रॉयल कनाडा एयरलाइंस के प्रेसिडेंट वसीम जावेद ने घोषणा की थी कि मिडिल ईस्ट के लिए जल्द ही उड़ान शुरू किए जाने की योजना है। इसके लिए कंपनी द्वारा पंजाब की एयरपोर्ट अथॉरिटी के साथ संपर्क किया जा रहा है। शुरुआत में टोरंटो से अमृतसर, चंडीगढ़ व पाकिस्तान के लाहौर के लिए फ्लाइट चलाने की योजना थी। भविष्य में इस योजना के तहत वेंकूवर सहित कनाडा के प्रमुख शहरों से भी पंजाब के लिए चार्टर्ड फ्लाइट शुरू करने का खाका तैयार किया जा रहा था, लेकिन दो दिन पहले हुए समझौते ने पानी फेर दिया है। इससे पंजाबियों में मायूसी छा गयी है। इसे लेकर कनाडा व पंजाब में रोष पैदा हो रहा है।

**कनाडा में बसे पंजाबियों से धोखा: सहोता**

वेंकूवर के प्रसिद्ध लेखक गुरप्रीत सिंह सहोता ने कहा कि चंडीगढ़ और अमृसर से हवाई सेवा शुरू न किया जाना कनाडा में बसे पंजाबियों से धोखा है। वहीं राज्यसभा सांसद साहनी ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को एक पत्र लिखकर टोरंटो, वेंकूवर और मोंट्रियल से अमृतसर और मोहाली हवाई अड्डों के बीच सीधी उड़ानें शुरू करने की अपील की है।

**गुरुनगरी का अपमान**

एसजीपीसी ने ट्वीट कर कहा कि पंजाबी और एसजीपीसी लंबे समय से अमृतसर से कनाडा के लिए उड़ानें शुरू करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन इसे नजरंदाज किया जा रहा है जो गुरु नगरी श्री अमृतसर का अपमान है। एसजीपीसी ने 30 मार्च, 2022 को अपने बजट सत्र में प्रस्ताव पारित कर भारत सरकार को भेजा था कि कनाडा से श्री अमृतसर के लिए सीधी उड़ान शुरू की जाए।

### पति से नाराजगी ने जिम ट्रेनर के करीब लाया

## समलैंगिक रिश्ते की खातिर आठ साल के बेटे को छोड़कर भागी

उज्जैन, 19 नवंबर (एजेंसियां)। उज्जैन के माधव नगर थाना क्षेत्र में रिश्तों की एक अजीब दास्तान सामने आई है। पति ध्यान नहीं रखता था, इस वजह से महिला का दिल जिम ट्रेनर युवती पर आ गया। दोनों के बीच समलैंगिक रिश्ता परवान चढ़ा और महिला अपने आठ साल के बेटे को छोड़कर उसके साथ भाग गई। जिम ट्रेनर महिला ने भी बाद में सेक्स चेंज करा लिया और दोनों साथ रहने लगे। मामला पुलिस के पास पहुंचा तो समझाइश देकर महिला को फिर पति के पास भेजा गया। उज्जैन पुलिस के मुताबिक, माधव नगर थाना क्षेत्र में एक महिला की गुमशुदगी दर्ज की गई थी। जांच में पता चला कि महिला 2018 में फिटनेस सेंटर में जाती थी। यहां उसकी दोस्ती एक जिम ट्रेनर से हो गई। दोनों अपनी छोटी-बड़ी बातें शेयर करने लगे। हुआ ऐसा कि दोनों में प्यार हो गया। जिम ट्रेनर ने भी इस महिला को पाने के लिए सेक्स चेंज करा लिया। एक साल से वह किसी मर्द की तरह रह रही थी। 11 नवंबर को महिला अपने आठ साल के बेटे और पति को छोड़कर जिम ट्रेनर के साथ चली गई।

## वापस हिंदू धर्म अपनाने वाली दलित महिला को ईसाई मिशनरी के लोग दे रहे धमकी

**एसपी को सौंपा ज्ञापन**

दमोह, 19 नवंबर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो के दमोह निरीक्षण में धर्मांतरण का मामला उजागर होने के बाद 10 लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं अब इस मामले में रोजाना नए-नए खुलासे हो रहे हैं। देहात थाने के मड़ाहार गांव में रहने वाली उमा अहिरवार ने वापस हिन्दू धर्म अपना लिया, जिसके बाद उसे लगातार धमकियां मिल रही हैं, जिसकी शिकायत दमोह एसपी से की गई है। बता दें कि जब वो एसपी कार्यालय में शिकायत करने आ रही थी, तभी एसपी कार्यालय परिसर में दिल्ली और



केरल के दो लोगों ने उसे धमकी दी। महिला की शिकायत सुनने के बाद एसपी ने कहा है कि जो जांच अभी चल रही है, इस आवेदन को भी उस जांच में शामिल किया जाएगा और सीएसपी अभिषेक तिवारी को जांच दी गई है

**जांच में क्या हुआ...**

दमोह में मिड इंडिया क्रिश्चियन सर्विसेज की ओर से संचालित छात्रावास की जांच करने के लिए राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष दमोह पहुंचे थे। जिन्होंने देहात थाना में 10 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि संस्था की ओर से धर्मांतरण किया जा रहा है। इसके बाद मड़ाहार में रहने वाली उमा अहिरवार अपने पति और करीब चार परिवारों के साथ एसपी कार्यालय पहुंची।

महिला ने बताया, मेनन थॉमस नाम के एक व्यक्ति ने साल 2013 में उनका धर्मांतरण कराया था। उस समय उन्हें कुछ पैसे भी दिए थे, जो अब वह वापस मांग रहे हैं। उन लोगों कहना है कि यदि आप चर्च नहीं आओगे तो चार गुना पैसा वापस करना पड़ेगा। महिला का कहना है कि उसे लगातार धमकियां मिल रही हैं।

महिला के साथ विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता भी एसपी के पास पहुंचे और उन्होंने घटना की जानकारी दी। एसपी डीआर तेनीवार ने कहा, इस मामले की जांच सीएसपी अभिषेक तिवारी कर रहे हैं। महिला ने धमकी मिलने की शिकायत की है, उसकी भी जांच की जाएगी। एसपी कार्यालय परिसर में यदि किसी व्यक्ति के द्वारा महिला को धमकाया गया है तो सीसीटीवी फुटेज देख कर आरोपियों की पहचान भी की जाएगी।

## बीजेपी प्रदेश प्रभारी मुरलीधर ने सिंधिया समर्थक मंत्रियों को बताया विभीषण, कांग्रेस ने कसा तंज

भोपाल, 19 नवंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में 2023 विधानसभा चुनाव को एक साल से भी कम का समय बचा है। इस बीच दोनों ही पार्टियों ने अपनी तैयारी भी तेज कर दी है। इस बीच गुना में एक कार्यक्रम में बीजेपी के प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव ने सिंधिया समर्थक मंत्रियों को विभीषण बता दिया। इसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस पर कांग्रेस ने भी तंज कसा है। बीजेपी के प्रभारी मुरलीधर राव ने गुना में पार्टी के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे पास सब विभीषण आ गए है। और वहां बचा क्या है। अब रावण का अंत होना निश्चित है। उन्होंने गुना प्रभारी मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर और प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया का नाम भी लिया। बता दें दोनों मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थक और उन्हीं के साथ कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए है। इस बयान पर मंच पर उपस्थित नेता हंसने लगे। इस बीच मंत्री सिसोदिया ने हाथ जोड़कर कहा कि हम तो राम के सेवक है। बता दें पिछले साल भी मुरलीधर राव के एक अन्य बयान पर विवाद खड़ा हुआ था।

# इंस्पेक्टर की पत्नी ने कॉन्ट्रैक्टर के अश्लील वीडियो बनाए

## रेप केस में फंसाने की धमकी देकर 1 करोड़ रुपए मांगे; सहेली पर भी एफआईआर


भोपाल, 19 नवंबर (एजेंसियां)। भोपाल पुलिस ने अपने एक इंस्पेक्टर की पत्नी पर केस दर्ज किया है। उस पर कॉन्ट्रैक्टर के अश्लील वीडियो बनाकर 1 करोड़ रुपए की डिमांड करने का आरोप है। पैसे नहीं देने पर वो झूठे रेप केस में फंसाने की धमकी दे रही थी। महिला का साथ देने के आरोप में पुलिस ने उसकी सहेली और 2 अन्य लोगों को भी आरोपी बनाया है। पीड़ित कॉन्ट्रैक्टर खुद को पूर्व मंत्री करण सिंह का रिश्तेदार बता रहा है। इंस्पेक्टर की पत्नी ने सहेली की मदद से उसे पार्टी के बहाने बुलाया था। जहां उसके 2 नकाबपोश साथियों ने कॉन्ट्रैक्टर को पीटा। फिर उसके मोबाइल से ऑनलाइन पेमेंट एप के जरिए 1.09 लाख रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए। महिला कॉन्ट्रैक्टर पर रेप केस दर्ज कराने के लिए पुलिस पर दबाव बनाती रही, लेकिन उसकी हरकतों के बारे में जानकारी होने की वजह से पुलिस ने उसका आवेदन तक रिसीव नहीं किया था।

**बर्थडे पार्टी के बहाने बुलाया, शराब पिलाई**

भोपाल की खजूरी सड़क थाना पुलिस के मुताबिक, चाणक्यपुरी (सीहोर) निवासी मुकेश वर्मा (46) कॉन्ट्रैक्टर है। वह खुद



सोनाली दातरे, इंस्पेक्टर की पत्नी



आरती ठाकुर, सोनाली की फ्रेंड

को भाजपा सरकार के पूर्व मंत्री और वर्तमान विधायक करण सिंह वर्मा का रिश्तेदार बताता है। मुकेश ने पुलिस को बताया कि उसकी पहचान बेतवा अपार्टमेंट में रहने वाली सोनाली दातरे से है। सोनाली पुलिस के कई सीनियर ऑफिसर्स से जुड़ी हुई है। 16 नवम्बर (बुधवार) को सोनाली ने उसे बर्थडे पार्टी के बहाने कॉल कर न्यू मार्केट बुलाया। न्यू मार्केट में सोनाली के साथ उसकी सहेली आरती ठाकुर भी थी। हम तीनों ने खजूरी सड़क के आकृति एक्जोटिका में 2500 रुपए में एक मकान बुक किया। दोपहर में हम तीनों का शराब पार्टी का दौर शुरू हुआ। पुलिस के मुताबिक, मुकेश को इस दौरान जमकर शराब पिलाई गई। नशे में धुत होने के बाद सोनाली ने अपने 2 अन्य साथियों को बुलाकर मुकेश को बंधक बना लिया। शाम 7 बजे मुकेश का जब नशा उतरा तो दोनों लोग (नकाबपोश) उसे पीटने लगे। इसके बाद सोनाली ने कहा कि 1 करोड़ रुपए दो। तुम्हारा अश्लील वीडियो बना लिया है। पैसे नहीं दिए तो वीडियो वायरल हो जाएगा। तुम पर रेप का मामला भी दर्ज कराऊंगी। सोनाली ने कॉन्ट्रैक्टर से मोबाइल छुड़ा लिया। पासवर्ड पूछकर फोन-पे के जरिए तीन बार में करीब 1 लाख 9 हजार रुपए ऑनलाइन अपने अकाउंट में ट्रांसफर कर लिए। बाकी के रुपए देने की धमकी देकर कॉन्ट्रैक्टर को तीनों साथियों के साथ वहीं छोड़कर स्कॉर्पियो से चली गई। मुकेश ने डायल-100 पर फोन कर पुलिस को बुलाया। पुलिस के साथ अस्पताल पहुंचा। इलाज कराने के बाद मुकेश ने पुलिस को पूरा घटनाक्रम बताया। खजूरी सड़क थाना प्रभारी संध्या मिश्रा ने बताया कि मुकेश की शिकायत पर सोनाली दातरे और आरती ठाकुर समेत 2 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

**दूसरे दिन फोन कर फिर की रुपए की डिमांड**

घटना बुधवार की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मुकेश को बैरागढ़ के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। यहां से उन्हें एक प्राइवेट अस्पताल में शिफ्ट किया गया। गुरुवार सुबह फिर सोनाली ने मुकेश को फोन कर रुपयों की डिमांड की। सोनाली ने रेप का केस दर्ज कराने का प्रयास भी किया, लेकिन सफल नहीं हो सकी।

**पति कोई मतलब नहीं रखता, खुद परेशान होकर छोड़ चुका**

सोनाली दातरे सीहोर के रहने वाले एससी दातरे की बेटी है। शादी एक सब इंस्पेक्टर (वर्तमान में इंस्पेक्टर) से हुई है। सोनाली की हरकतों की वजह से कोर्ट के फैसले पर इंस्पेक्टर पति अलग रहने लगा। पुलिस विभाग के सीनियर अधिकारियों की करीबी बनकर पति के खिलाफ उसने कई केस दर्ज कराए। पति को बर्खास्त तक कर दिया गया था। पति इतना दहशत में आया कि डर की वजह से उसे भोपाल छोड़ना पड़ा। विभागीय स्तर पर जांच हुई तो आरोप गलत पाए गए।

**पहले भी विवादों में रही सोनाली**

सोनाली पहले भी काफी विवादों में रही है। इससे पहले उसके पति ने तत्कालीन एडीजी राजेंद्र मिश्रा, टीआई परसराम डाबर के साथ पत्नी के करीबी रिश्ते होने के आरोप लगाए थे। पुलिस अब सोनाली का आपराधिक रिकॉर्ड तैयार कर रही है। सभी थानों से जानकारी जुटाई जा रही कि सोनाली ने अब तक कितने लोगों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस को जानकारी मिली है कि सोनाली ने जहांगीराबाद थाने में भी 3 लोगों के खिलाफ अपहरण की झूठी शिकायत दर्ज कराई थी। तत्कालीन एसपी अंशुमान सिंह की जांच में अपहरण का मामला फर्जी निकला था।

## हरियाणा में महिलाओं को मिलेगा सुषमा स्वराज पुरस्कार

### 1 दिसंबर तक मांगे आवेदन साहित्यालंकार सम्मान के लिए अब 7 लाख मिलेंगे



चंडीगढ़, 19 नवंबर (एजेंसियां)। हरियाणा सरकार हरियाणवी महिलाओं को सुषमा स्वराज पुरस्कार देगी। इस पुरस्कार के लिए वर्ष 2022-23 के लिए आवेदन मांगे गए हैं। इसके लिए 1 दिसंबर की डेट फिक्स की गई है। यह पुरस्कार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर दिया जाएगा। इसके साथ ही हरियाणा में सरकार ने सम्मान नियमावली में भी फेरबदल करते हुए पुरस्कारों की राशि में तीन गुना बढ़ोत्तरी कर दी है। अब साहित्यालंकार सम्मान में 7 लाख रुपए दिए जाएंगे। हरियाणा के सर्वोच्च सम्मान संस्कृत साहित्यालंकार और हरियाणा गौरव के लिए अब आयु सीमा का बंधन हटा दिया गया है। छात्रवृति, अनुदान और वित्तीय सहायता योजना की राशि में भी बढ़ोतरी की गई है। यह जानकारी हरियाणा संस्कृत अकादमी के निदेशक डॉ.दिनेश शास्त्री ने दी है। राष्ट्रीय स्तर के सम्मान 'संस्कृत साहित्यालंकार सम्मान' की राशि हरियाणा सरकार ने 2 लाख रुपए से बढ़ा कर अब 7 लाख रुपए कर दी है।

इसी तरह 'हरियाणा संस्कृत गौरव सम्मान' की पुरस्कार राशि दो लाख रुपए से बढ़ा कर 5 लाख रुपए कर दी गई है। महर्षि वाल्मीकि और महर्षि वेदव्यास सम्मान की राशि डेढ़ लाख रुपए से बढ़ाकर तीन लाख रुपए कर दी गई है। इसके अलावा महर्षि विश्वामित्र सम्मान में डेढ़ लाख से बढ़ाकर ढाई लाख रुपए, आचार्य स्थाणुदत्त सम्मान में अब डेढ़ लाख के स्थान पर दो लाख रुपए मिलेंगे।

# गेंदबाज़ी के बाज़ीगर : बी एस चंद्रशेखर

अतुल कुमार







**टी - 20 विश्वकप** टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में इंग्लैंड से मिली करारी हार ने क्रिकेट प्रेमियों को मायूस किया । हार ने भारतीय खिलाडियों की कमज़ोरियों और क्रिकेट में बडबोले पन की पोल खोली । हार जीत खेल का हिस्सा हैं लेकिन शर्मनाक हार दर्दनाक होती है ।वही हुआ । सोचा ! यह वही इंग्लैंड है जिसे अकेले हमारे जादुई फिरकी गेंदबाज़ चंद्रशेखर की घातक लेगब्रेक गेंदें ध्वस्त कर देतीं । उनकी गेंदबाज़ी के सम्मुख बल्लेबाज़ आत्म समर्पण करते । तू चल मैं आया की लाइन लग जाती ।सन 1971 में भारतीय क्रिकेट टीम को इंग्लैंड में पहली बार टेस्ट और सीरीज़ में जीत मिली । जीत में बी एस चंद्रशेखर का अहम रोल था ।इंग्लैड ने पहली पारी में 71 रन की बढत हासिल कर मैच पर मज़बूत पकड बनायी ।लेकिन दूसरी पारी में जो हुआ उसकी कल्पना किसी ने नहीं की ।चंद्रशेखर ने इंग्लिश टीम के हाथ के तोते उडा उनको लाचार और बेबस किया ।केवल 38 रन दे 6 विकेट ले इंग्लैंड को 101 रन पर आल आउट किया ।भारत ने 174 के लक्ष्य को 6 विकेट खो बनाए और इंग्लैंड को पहली बार उन्हीं की ज़मीन पर पटकनी दी । उस ऐतिहासिक जीत का चारों ओर ज़ोरदार जश्न मना ।क्रिकेट प्रेमियों के लिये ओवल टेस्ट यादगार जीत सिद्ध हुआ ।जीत के महानायक भागवत सुब्रमण्य चंद्रशेखर थे जिन्होंने आज की क्रिकेट शब्दावली में बैटरों की कमर तोड दी ।

क्रिकेट आज की तरह तब संपन्न ,कमाऊ ,और रिसोर्सफुल नहीं था ।न ही मीडीया का प्रभाव और न टीवी का प्रसारण ।सिर्फ क्रिकेट की कमेंट्री को सुन खेल का स्कोर जान या पूछते । दरअसल उस वक्त का खेल और खिलाडी खेल से दीवानावार मोहब्बत कर अच्छा प्रदर्शन करते । खेलों के मैदान दर्शकों से खचाखच भरे होते ।खेल प्रेमी एक राज्य से दूसरे राज्य टेस्ट मैच देखने जाते ।तब टेस्ट मैच ( पांच दिवसीय ) का दौर था । एक दिन रेस्ट डे होता ।अर्थात छः दिन पूरे खेल में डूबे होते । उन दिनों की याद कर लोग आज भी आनंदित होते हैं इन मैचों में शास्त्रीय क्रिकेट देखने को मिलता जो आज सिरे से गायब हो गया है । खेल प्रेमी और भीड वही हैं लेकिन उसकी खूबसूरती लापता है । बाज़ारवाद ने खेल को माल मत्तों को बेचने के लिये अपने अनुसार ढाला । जो खिलाडी दिन में नौकरी कर सुबह या शाम को खेल की साधना करते उनकी जेबें भी भरने लगी । जिनके पास वडा पाव खाने के पैसे बमुश्किल होते वह भी क्लबों या होटलों में जाने लगे ।यह बदलाव उचित था लेकिन इसकी आवक से मूल खेल का कबाडा हो गया ।पांच – तीन दिवसीय से उतर एक दिवसीय फिर चालीस ओवर और बीस ओवर के मैचों से खेल सिर्फ इंटरटेनर बन रह गया ।

खेल की सुंदरता का बेहतरीन रूप गुंडप्पा विश्वनाथ की बल्लेबाज़ी ,एकनाथ सोल्कर की फील्डींग ,फारूख इंजीनीयर की विकेट कीपींग और चंद्रशेखर की गेंदबाज़ी में देखने मिलता वह गुम गया । खेल चौकों ,छक्कों की मांग और टार्गेटस को हासिल करने की दौड तक सिमट गया । पहले टीम के लिये खिलाडी तीन तीन दिन बल्लेबाज़ी करते दीखते मैच जीतने या बचाने की भूख उनमें दीखती अब कहां है वह ? सुनील गावस्कर और सचिन तेंडुलकर के बाद तो जैसे यह स्कूल ही बंद हो गया । खेल का रिश्ता नीलामी और मार्केटिंग से जोड दिया गया हो तब उसकी क्लासिक टेकनीक की कोई क्यों फिक्र करेगा ? खेल हो रहा है, बस ! जो फास्ट फूड जैसा बन गया है । साल के बारह महीने मैच ही मैच । जो पहले बारिश के बाद से सर्दियों के खत्म होने तक होते ! या गर्मियों में अन्य ठंडे देशों में होते । सब बदल गया

क्रिकेट को लोकप्रियता की बुलंदियों पर ले जाने का श्रेय चंद्रशेखर जैसे धांसू गेंदबाज़ों को है ।मैच में उनके गेंद थामते ही हलचल तेज़ होती बल्लेबाज़ों की टेंशन बड जाती और हर गेंद को वह सोच समझ कर ओवर टालने की नीयत से खेलते । चंद्रशेखर बल्लेबाज़ों को रनों के लिये तरसा ऐसी हालत बनाते कि खेलो या आउट हो लौटो । अपने दम पर अकेले मैच का रुख पलटने की ताकत रखने वाले इस गेंदबाज़ की गेंदों को समझना मुश्किल होता । एक बार स्वयं कहा , नहीं जानता कि गेंद कैसी होगी ? ।उनकी विशेषता स्पिनर हो गेंद की रफ्तार और बाउंस थी ।बल्लेबाज़ों को कभी बल्ले से धूम धडाके की इज़ाज़त न दे ऐसे बांधे रखते कि उन पर उन्हीं की मज़ी चलती । यदा कदा गेंदों पर चौके या छक्के लगते तो जो उनकी रणनीती का हिस्सा हो प्लेयर को ललचा उसकी विकेट ले कर ही छोडते । बल्लेबाज़ को गेंदों से ऐसे चकमा देते कि समझ ही नहीं पाते कि भूल कैसे हुई जिससे वह आउट हुए । एकदम अनपेक्षित । इंग्लैंड के खिलाडियों का शिकार करने में उस्ताद थे । वह भी उनको पूरा सम्मान दे अपनी विकेट बचाने की फिराग में होते ।

चंद्रशेखर के यशस्वी क्रिकेट कैरीयर की गाथा रोमांच पूर्ण है ।छः वर्ष की उम्र में पोलियो हुआ तो किसी ने सोचा न था कि पोलियो ग्रस्त उनका दांया हाथ दुनिया के नामी बल्लेबाज़ों को अपनी मुट्ठी में रखेगा । इसे कुदरत का करिश्मा ही कहेंगे कि चंद्रशेखर की गेंदे विपक्षी टीमों के होशो हवास उडा दिया करतीं ।उनकी गुगली गेंदें हर ओर चर्चा का विषय बनीं ।गायक मुकेश के बडे प्रशंसक हैं ।एक बार पूछा गया कि ज़िंदगी की सबसे बडी तमन्ना क्या है ? कहा मेरे अज़ीज़ गायक मुकेश के दर्शन करना । रोचक प्रसंग है मुंबई में मैच खेलने गये पता किया कि क्या उनके दर्शन हो सकते हैं ? मुकेश उस समय किसी स्टूडीयो में गाने की रिकार्डिंग कर रहे थे । सूचना दी गयी कि प्रसिद्ध गेंदबाज़ चंद्रशेखर उनके दर्शन करना चाहते हैं ! गायन में इतने डूबे रहते कि खेलों के बारे में कम जानते। बुलावा भेजा । चंद्रशेखर मिलने पहुंचे तो रिकार्डिंग रूम से बाहर आये , चंद्रशेखर ने उनके पैर छूने चाहे तो गले लगा कहा आप हमारा गौरव हैं । इन अल्फाज़ों को बेशकीमती मान अपनी सुनहरी यादों में बसाया ।

उन दिनों मैदानों में ट्रांसिस्टर से दर्शक दीर्घा में दर्शक गाने सुनते जब भी मुकेश का गाया गीत आता तो महान बल्लेबाज़ सुनील गावस्कर चंद्रशेखर से कहते " सुना क्या "? उसको सुन उनका प्रोत्साहन बडता । मुकेश के सारे गाने उनके दिल के करीब हैं जिसे साथ रखते हैं लेकिन सबसे प्रिय " ये मेरा दीवानापन है " और " जिस देश में गंगा बहती है " हैं ।विवियन रिचड्र्स के अनुसार चंद्रशेखर की गेंदबाज़ी "सपनों में भी डराती " महान स्पिनर बिशन सिंह बेदी उनको जीता जागता भगवान कहते है क्योंकि उनमें किसी भी मज़बूत टीम को ध्वस्त करने की ताकत है ।सातवें दशक में भारत की मशहूर स्पिन चौकडी ई ए एस प्रसन्ना ।बिशन सिंह बेदी ,बी एस ।चंद्रशेखर और एस वेंकट राघवन के दुनिया भर में डंके बजा करते ।क्रिकेट जगत में इन चारों गेंदबाज़ों का बोलबाला था । इनकी गेंदों को खेलना कठिन माना जाता । इनमें चंद्रशेखर को डेस्ट्रायर माना गया । दो बार 10 के 10 खिलाडियों को अपनी गेंदों का शिकार बना इतिहास रचा ।

17 मई 1945 को मैसूर में जन्में इस नामी गेंदबाज़ ने बचपन में गलियों में रबर की गेंद से खेलना शुरु किया ।कुछ वर्ष बाद परिवार बेंगलुरु शिफ्ट हुआ । वहां भी यह सिलसिला जारी रहा ।पहले गली , फिर घरेलू ,और उसके बाद टीम इंडिया का सफर तय किया ।उनकी गुगली और टाप स्पिन को पकड पाना बैटरों के लिये आसान नहीं होता क्योंकि उनकी गेंदों की गति किसी मीडीयम पेस बालर की तरह होतीं । इसी खूबी के बूते 19 साल की उम्र में टेस्ट में डेब्यू किया ।इंग्लैंड के विरुद्ध पहले ही टेस्ट में चार खिलाडियों के विकेट चटका उनकी नींद उडायी ।इसके बाद बल्लेबाज़ों परआफत बन टूटे ।इंग्लैड की टीम उनको ले रणनीती पर रणनीती बदलती लेकिन सब धरा रह जाता और चंद्रशेखर हीरो बन उभरते । यही स्थिति आस्ट्रेलिया के साथ भी रही ।कप्तान द्वारा उनको हाथ में गेंद थमाते ही दर्शकों में जोश की लहर फैलती हर ओवर या गेंद के बाद तालियों ,और सीटीयों की अवाज़ों से मैदान गूंज उठते । विकेट लेने पर जश्न होते । प्रशंसकों के बीच चंद्रा नाम से लोकप्रिय हुए आज भी वही ख्याति बरकरार है ।

क्रिकेट इतिहास में चंद्रशेखर और क्रिस मार्टिन दो ऐसे लीजेंड्री खिलाडी हैं जिन्होंने रनों से ज़्यादा विकेट लिये ( क्रिस मार्टीन 123 रन और 233 विकेट और चंद्रशेखर 167 रन और 242 विकेट ) बताया जाता है कि आस्ट्रेलिया में उन्हें रनों की तंगी के कारण बल्ला भेंट किया गया । वास्तव में उन दिनों मैच कम होते अन्यथा उनका यह आंकडा दुगुना होता ।क्योंकि चंद्रशेखर की गेंदबाज़ी का हौव्वा इतना था कि किसी भी विपक्षी टीम के छक्के छुडाने में सक्षम थे 12 जुलाई 1979 को इंग्लैंड के विरुद्ध अंतिम टेस्ट खेला ।केवल एक वन डे मैच सन 1976 में न्यूज़ीलैंड के विरुद्ध खेला ।प्रथम श्रेणी के 246 मैचों में 1063 विकेट हासिल किये 77 वर्षीय क्रिकेट के इस सरताज खिलाडी ने अपने खेल कौशल से जिस स्वर्णिम इतिहास को लिखा वह इंस्पायरिंग , मेमोरेबल और हिस्टोरिकल तो है ही ।हम कह सकते हैं वह गेंदबाज़ी के बाज़ीगर हैं ।

# काव्य कुंज

## यादों का समंदर



चंद्रप्रकाश शर्मा
हैदराबाद

यादों का समंदर मुझे जीने नहीं देता
पर क्या करूं मैं
वक्त फुर्सत मुझे आने नहीं देता
जिंदगी भी अजीब रंगी धागों से बंधी है
कभी नफरत कभी मोहब्बत
सरूर इतना भरा है मुझे सोने नहीं देता।
यादों का समंदर.......
तुझसे दूर सिर्फ तेरा तसव्व तेरा ख्याल मेरे पास है
दूर इतना हूं कि आना भी चाहूं तो आ नहीं सकता
जाने कितने खत लिखे तुझे मैंने दिलाओ खून से अपने
जाने क्यों उनका जवाबआ नहीं पाता
यादों का समंदर.......
आसमा रोज तक्ता हूं पर तू नजर नहीं आता
सितारों को रोज देता हूं संदेशा जाने क्यों मेरा दिल
तुझ से मिल नहीं पाता तड़पता रहता हूं मछली की तरह
यादवों का समंदर....
कितना भी समझ ना चाहो तुझको समझ नहीं पाता
तेरे मिलने की तमन्ना मुझे रोने नहीं देती
मेरी खामोश नजर तुझे खोने नहीं देती
यादों का समंदर मुझे जीने नहीं देता
मुझे प्यास इतनी है कि सोने नहीं देता यादों का समंदर

## जवानियां



प्रो. जी. श्रीनिवास
रेड्डी, हैदराबाद

नव जवानों !
मातृभूमि तुम्हें मांगती जवानियां।
ध्यान से सुनो,
फिर लिखो नई कहानियां।
देश के बाहर ही नहीं
अंदर भी हैं दुश्मनें!
कार्यालय में रिश्वत लेने वाले,
खुदी काम करने वाले
अधिकारी की चापलूसी करने वाले
सरकारी गाड़ी में अपने परिवार को घुमाने वाले,
टैक्स की चोरी करने वाले और बैंक लूटनेवाले को
हम देशद्रोही क्यों ना कहे?
जाति, धर्म और अपना-पराया भाव
रखने वालों-को देश द्रोही क्यों ना कहें?
देश बचाना है तो सरहद के बहार तक दुश्मन को भगावो
और अंदर के दुश्मन को दफानाओ
नव जवानों ! मातृभूमि तुम्हें मांगती जवानियां।
ध्यान से सुनो, फिर लिखो नई कहानियां।

## सुनहरी उषा



कुमुद बाला,
हैदराबाद

अंधकार के यौवन पे
अचानक जब छाने लगा खग्रास
अंतरिक्ष के दरवाजे पर
एक दस्तक का हुआ आभास
साँकल हिली-खुला दरवाजा
और एक किरण मुस्काई.
रंगबिरंगी पिचकारी ले कर ,
आदित्य सहेली आई
एक से दो , दो से चार और यह संख्या बढ़ती ही गयी
नीलगगन के आँगन में , नव किरणों की टोली आई
पूर्व दिशा की लालिमा , उत्सुक हो नर्तन करने लगी
स्वप्निल रेशमी आँचल संग , हवाएँ अर्चन करने लगीं
किरण सुनहरी सब पे भारी , हरित बंसरी बजने लगी
उत्कंठित उषा के मधु अधर पर ,सरगम मंचन करने लगी
हुई भोर , ध्रुव तारे ने , पांचजन्य शंख , अधर से लगाया
गुंजायमान हुई शंखध्वनि , वारिधर ने मुखड़ा दिखाया
इक पल को डरी किरणों ने फिर , मन की मशाल जलाई
बिखर गए बादल के केश और इंद्रधनुष निकल आया
कुछ तारे अब भी चमक रहे थे पर वे जल्द हुए ओझल
नभाँगण में किरणें खेल रहीं , आगे बढ़ने को बेकल
जाग गयी गौरैया , धुन छेड़ी मधुर , शबनम के दिल संग
गूँज उठा कलरव संगीत , नीलाकाश हुआ अरुणांचल
जब किरणें इंच -इंच बढ़तीं , गैया की घंटी टन-टन बजती
धरा पे हलचल बढ़ती , खाना चिड़िया चोंच में भरती
हिरणी सी कुलाचें भर किरणें , रंगों संग आच्छादित होतीं
उषा संदेशा ले आयी , जीवन की धुरी चलती रहती
जीवनचक्र के गलियारे में हम , भूलें नहीं इंसानियत
हम सुबह सुनहरी धूप से सीखें , जीवन की हकीकत
प्यास-रक्त जब एक तो फिर क्यों मानव-मानव में प्रेम नहीं
माँ- वृक्ष- धरती औ प्रकृति , इनके गुणों से हम लें नसीहत

## उठा तिरंगा...



दर्शन सिंह
हैदराबाद

एक सवेरा था,जब हंसकर उठते थे हम
और आज कई बार बिना ..शाम हो जाती है
चलते चलते थक गया,दौड़ते..रुक गया था
पलकें उठायीं,स्तब्ध यूँ ही तमाम हो जाती है
यह भी मेरा,वह भी मेरा, जो दिखे सब मेरा
कालचक्र,अर्थी पर अकेला,गुमनाम हो जाती है
अल्लाह ईश्वर नूर उपाया, क़ुदरत.. सब बंदे
आत्मवत सर्व भूतेषु,मधुमास हो जाती है
चार दिन की जिंदगी फ़िर मान्यवर अंधेरी रात
ले हाथ में हाथ,..उन्मादित विहान हो जाती है
कर गया था वादा सिकंदर अपनी माँ से..कदमों
बीच चौरस्ते आधा अधूरा, रेजगार हो जाती है
उन्नति पूरी है तबहिं जब घर उन्नति होए बंधु
बांधे गांठ आयुष्मान,अन्यथा गर्क़ाब हो जाती है
जग रचना सब झूठ है जान लियो रे मीत
है अनभिज्ञ,आज नहीं तो.. खतपतवार हो.. है
संग सखा सब तज गए कोउ न निबहो साथ
करें चिंतन मनन,अन्यथा खजल खवार हो..है
कुछ बात है की हस्ती मिटती नहीं हमारी
उठा तिरंगा, वंदे मातरम, नायाब हो जाती है


## मेंहदी



टी तारासिंह
हैदराबाद

ये जिंदगी है दर्द भरी
आंख के आंसू भी मजबूर
सपना तुम्हारा ही आये
बस ये दिल तुम्हें चाहे
आंखें तुम्हें देखने मचले
जिद्द है तुम्हारी बेदर्दी
नैना बरसे तरसे तुम्हारे लिये
साथ हमारा ना छोडना
सपनो को ना करना हमसे नाराज़
हमारे नजरों से दूर ना जाना
प्यार किया नयन मिलाये हम संग
फिर क्यों हमसे नाराजगी बेरूखी
प्यार दर्द देकर नहीं निभाते सजना
प्यार में कस्में रस्में होती अपनापन होता
तेरे दीदार से खुशियाँ मिलती मुख पर नूर आता
तेरे नाम की मेहंदी लाल होती
तेरे नाम की सिंगार शहनाई बजाये ।।

## धूप छांव की तरह सुख-दुख



गीता अग्रवाल
हैदराबाद

तन,मन एक दूजे के पूरक,
चेतना बिन न होता श्रृंगार
धूप छांव की तरह
सुख और दुखों का होता अंबार,
पर दुख का रोना, रोना नहीं,
सुख से मुंह फेरना नहीं,
जीना यहां मरना यहीं ,
शरीर नश्वर है, पर आत्मा नहीं,
रोते हैं माटी पुतले के लिए,आत्मा को पहचाना नहीं,
जो समय मिला कर्म कर लो, व्यर्थ समय गंवाना नहीं,
कर्म फल से मिला जीवन,वैसा ही सुख-दुख का संसार,
धूप छांव की तरह सुख और दुखों का होता अंबार!
जीवन यात्रा टेढ़ी-मेढ़ी मिलने बिछड़ने का क्रम चले,
जितनी सांसे लिखी ईश्वर ने उतनी ही बस सांस चले,
समय,असमय आते जाते इसमें इंसान का न वश चले,
लड़ झगड़ कर विदाई लेते, ऐसे भी कुछ कर चले,
अपने ही बेगाना बनकर जीते जी देता मार,
धूप छांव की तरह सुख और दुखों का होता अंबार!
जिसने हंसना सीखा दुख में वही इंसान महान है,
रोने से कुछ होता नहीं हासिल,रोना कायरों का काम है,
स्थिति अनुसार ढालो खुद को,सुख के लिए न रो कभी,
किसी का जाने का मतलब,संभालना अतिरिक्त काम है,
ईश्वर ने स्वयं सौंपी जिम्मेदारी करो ईश्वर का एतबार,
धूप छांव की तरह सुख और दुखों का होता अंबार!

## ज़िन्दगी आजमाती



रेणुका अग्रवाल

बार-बार ज़िन्दगी आजमाती रही।
आँसुओं में डूबी ख़ुशी मनाती रही।
जरा किसी ने कुछ कह दिया तो
रंजिशें दिलों में घर बनाती रही।
दिल टूटा कई बार फिर जुड़ गया।
सब्र ओ आजमाइश सिखाती रही।
गर मेहनत का फ़ल कोई चुरा ले कोई
तब क़िस्मत दिल दु:खाती रही।
कितनी मुश्किलों से घर बनाया था
लुटेरों से हर बार मुझे डराती रही।
कारवाँ गुज़र गया तन्हा रह गए हम
तन्हाई रोज़ रोज़ हिम्मत बंधाती रही।
पहले धोखे से इत्तफ़ाक मत रखना
भरोसा किया तो निगोड़ी सताती रही।
टूटता दिखे न जुड़ता दिखे ये दिल।
फिर भी सबको सबक सिखाती रही।
दिल आशना मत करना रेणू किसी पर
ये ज़िंदगी है सबको धूल चटाती रही।


## शर्मिंदा



डॉ. डी. डी.
देसाई

भोर की ठंडी हवा, हैं जानलेवा।
साँय साँय कर गुजर रही हैं,
सुई की तरह चुभ रही हैं।
स्वेटर, कम्बल, सर पर साफा,
फिर भी ठंड से ठिठुर गया हूँ।
बर्फ की तरह जम गया हूँ।
सुखी लकड़ी की तरह
उँगलियाँ टेढ़ी हो गई हैं।
सुबह की शीत लहर से बचने
मैं अलाव जलाके सेंक रहा था।
कम्पकम्पाते हाथ, कटकटाते दाँत,
थर थर काम्पता हुआ बदन
मानो ठंड से जान निकल रही हो
इतने मे मैंने माँ को देखा...
सर पर पानी से भरा घड़ा,
कमर पर दूसरा घड़ा लिए,
गाँव के कुएँ से पानी भर रही थी।
घड़ेसे छलकता हुआ पानी,
माँ को अधभीगा बना चूका था।
इतनी कड़कड़ाती ठंड मे,
अधभीगे बदन से माँ को
इतनी ठंड मे पानी भरते देख,
अलाव के सामने भी ठंड को महसूस करता मैं –
खुदसे ही शर्मिंदा हो गया।
घर परिवार को सँभालने का,
तूफान हो, गर्मी हो या ठंड का मौसम,
माँ का खुदको नोछावर करने का
जज्बा मुझे शर्मिंदा कर गया।
एक वो दिन था और एक आज का दिन हैं
मैं कभी अलव के सामने नहीं बैठा।

## वयोवृद्ध जीवन...



ओमकार सर्डिवाल

वयोवृद्ध का जीवन भी क्या जीवन
काम से छुटकारा पाएं
घर परिवार में घुल मिल जाए
जिन्हें समय नादिया
उन्हें अब समय दे जाए
परिवार के संग दो मीठे पल बिता जाए
वयोवृद्ध का जीवन भी क्या जीवन...
अनुभव का पिटारा लिए
बसा हूं खंडों जैसा अब कौन परवाह करें
अपने आंखों में बसी आस का
मुहाने पर बने चबूतरे पर समय बीता जाए
कोई आए दो वार्तालाप हो जाए
यही आस में आंखें तरस जाए
वयोवृद्ध का जीवन भी क्या जीवन...
कभी सहर के बहाने दो कदम बाहर निकल जाए
कोई चलते चलते हटके दो पल वही बीत जाए
कुछ उनकी तो अपनी कहे
कदमों में हरकत कर आगे बढ़ जाए
पहले ही सारा रास्ता ना पाए
अब कहां तक कदम बढ़ाए
वयोवृद्ध का जीवन भी क्या जीवन...
बताते हैं संस्कारों की सीडी
नई विचारधारा आड़े आ जाए
तुम्हारा समय कुछ और था हमारा कुछ और कह जाए
नई पुरानी भिड़ती विचारधारा में
खुद को ही शांत कर जाए
जीवन के तथ्य अनुभव से जो पाए
आज इस मोड़ पर विफल हो जाए
वयोवृद्ध का जीवन भी क्या जीवन...
कभी चलाया करते थे यह हाथ परिवार को
सब की इच्छाओं का ध्यान करते थे
आने वाले समय के लिए तैयार हो जाते थे
अपना जीवन तो अब चलता है
जो मिल जाए उसी में संतोष होता है
अपना जीवन तो जी चुके
अब बस यही ताना मिल जाता है
वयोवृद्ध का जीवन भी क्या जीवन...
कही बात का अनुसरण देख
खुद पर गर्व कर जाते अपनी मर्यादा करते देख
संतान पर अभिमान कर जाए
फलते फूलते संस्कारों के वृक्ष
देख यह माली तर तर जाए
बचे हुए पल बस इसी तरह बीत जाए
कुछ देख अनदेखा कर
जीवन आगे बढ़ाते जाए
वयोवृद्ध का जीवन भी क्या जीवन...

## बदलते बालपन के मानदंड



प्रतिमा सिंह
हैदराबाद

वह भी एक बालपन था ज
ब दोस्तों के गलबहियाँ बन,
तितलियों के पीछे भागते थे,
टिड्डियों को राम जी का घोड़ा समझ,
तालियां बजाते थे ।
विद्यालय की दूरी को
यूं हँस कर नाप जाते थे।
रास्ते में खड़े बेरियों के पेड़
पर डंडे बरसाते थे,
नीम की निबौरियों के सुगंध मन भरमाते थे ।
बारिश के ओले को आइसक्रीम समझ खा जाते थे,
कितना निश्चल स्वच्छंद बचपन के दिन थे वे,
समय ने करवट बदला नई तकनीक नई सोच ने,
बचपन को भी बदला अब खेत - खलिहान, संगीसाथी
सिमट कर एक कमरे में बंद हो गए ,
मैदान के खेलकूद, मोबाइल के गेम में बदल गए,
बचपन की सरलता, निश्चिंता कहीं खो सी गई
विद्यालय से छूटते ही सहपाठियों के संग,
खेलने को जी मचलता था,
माँ के मना करने पर भी दो कौर मुँह में रख,
सरपट बाहर भागते थे,
अब छोटा खिलौना अपनी ओर खींच लेता है,
बचपन वह भी था बचपन ये भी है,
अंतर सिर्फ समय के बदलाव का है ।

## मन मंदिर में ज्योति जले



सविता राज,
मुजफ्फरपुर बिहार

प्रभु भक्ति एवं प्रेम की,
ज्योति जले मन मंदिर में,
परे हो तिमिर जीवन से,
आओ सतमार्ग पर चलें,
अपने संग संग सब के
हित की सोचे,
कंटक राहों से चुन डाले सब के,
फूलों से सजा दे जीवन सबका,
हर्ष ही हर्ष भर दें सबके जीवन में,
सबकी मुस्कान में रब दिखेगा,
फिर मन में जो हर्ष होगा,
तन मन में जो सुकून होगा,
वो कहीं न होगा, यूं प्रतीत होगा ,जैसे,
मन मंदिर में ज्योति जले।

## गृहिणी हूं... मैं गृहिणी हूं



संगीता व्यास,
हावडा

खुद से, यह वादा है, पक्का इरादा है
न हारूंगी, न टूटूंगी
अबला नहीं, सबला बनूंगी
खुद की राह, खुद ही चुनूंगी।
न परंपराओं को तोडूंगी
न संस्कारों को छोडूंगी
ले रोशनी दिनकर से
अपना आदित्य खुद ही चमकाऊंगी।
मैं उस बेला की बाला हूं
जिसे संस्कारों ने सींचा है
मर्यादा ने बांधा है
हदों में बंधी मैं, हर हद को पार करती हूं
बिन पंखों के ही आसमां में
उड़ने का हुनर मैं रखती हुं
गृहिणी हूं, मैं गृहिणी हूं
मान का नमक छिड़क सम्मान का लगा तड़का
हर डगर को स्वादिष्ट बनाती हूं
हर स्वप्न को आकार दे, साकार मैं करती हूं
गृहिणी हूं, मैं गृहिणी हूं
बिन साड़ी को छोड़े जींस को मैं अपनाऊंगी
लपेट जींस पर ही साड़ी कल और आज में
सामंजस्य बैठाती हूं
बांध अपनी चोटी, हर चोटी को चूम लूंगी ।
गृहणी हूं मैं, गृहणी हूं।
न दरिया का मुख मोडूंगी न हवा का रुख छोड़ूंगी
बहती धारा के साथ बहते बहते ही
अपनी धारा खुद सँवारूँगी गृहणी हूं मैं, गृहणी हूं।
हां मैं, मैं ही रहना चाहती हूं
हम से जुड़ कर भी । गृहिणी हूं, मैं गृहिणी हूं

## सबके पास उजाले हो



प्रियांका सौरभ

मानवता का संदेश फैलाते,मस्जिद और शिवाले हो ।
नीर प्रेम का भरा हो सब में,ऐसे सब के प्याले हो ।।
होली जैसे रंग हो बिखरे, दीपों की बारात सजी हो,
अंधियारे का नाम ना हो, सबके पास उजाले हो ।।
हो श्रद्धा और विश्वास सभी में,
नैतिक मूल्य पाले हो ।
संस्कृति का करे सब पूजन,
संस्कारों के रखवाले हो ।।
चौराहें न लुटे अस्मत,
दु:शासन न फिर बढ़ पाए,
भूख, गरीबी, आतंक मिटे,न देश में धंधे काले हो ।।
सच्चाई को मिले आजादी,लगे झूठ पर ताले हो ।
तन को कपड़ा, सिर को साया,सबके पास निवाले हो ।।
दर्द किसी को छू न पाए, न किसी आंख से आंसू आए,
झोंपडियों के आंगन में भी, खुशियों की फैली डाले हो ।।
'जिए और जीने दे' सब न चलते बरछी भाले हो ।
हर दिल में हो भाईचारा नाग न पलते काले हो ।।
नगमों-सा हो जाए जीवन, फूलों से भर जाए आंगन,
सुख ही सुख मिले सभी को,एक दूजे को संभाले हो ।।

स्वतंत्र वार्ता
काव्य कुंज ब्लॉग
AGA, Publications, Ltd,
396, Lower Tankbund,
Hyderabad-500080

# जेल में मंत्री के मसाज को लेकर भाजपा-आप में टकराव

आय से अधिक संपत्ति और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन एक बार फिर विवादों में आ गए हैं। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला की तरफ से पोस्ट किए गए वीडियो में सत्येंद्र जैन जेल में मसाज कराते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया तुरंत सत्येंद्र जैन के पक्ष में सामने आए। उन्होंने कहा कि जैन बीमार हैं और डॉक्टरों की सलाह पर फिजियोथैरेपी ले रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि तिहाड़ के वीडियो लीक कैसे हुए और भाजपा के पास कैसे पहुंचे। साथ ही उन्होंने भाजपा की तरफ से जैन की बीमारी का इस तरह मजाक बनाने को शर्मनाक बताया।

दिल्ली की तिहाड़ जेल से सत्येंद्र जैन के चार वीडियो सामने आए हैं। इन्हें सीसीटीवी फुटेज बताया गया है। इन वीडियो में एक शख्स सत्येंद्र जैन की फुट, हेड और बॉडी मसाज कर रहा है। ईडी ने भी कुछ समय पहले आरोप लगाया था कि तिहाड़ जेल में सत्येंद्र जैन को वीवीआईपी ट्रीटमेंट मिल रहा है। ये वीडियो 13 से 21 सितंबर के बीच के बताए जा रहे हैं।

पहला वीडियो, 13 सितंबर का 36 सेकेंड का है। इसमें सफेद टी-शर्ट पहने एक आदमी मंत्री के पैरों की मसाज कर रहा है। बेड पर लेटे हुए सत्येंद्र जैन कुछ पेपर देख रहे हैं। बिस्तर के पास रखी कुर्सी पर आराम तकिया या मसनद भी दिखाई दे रहा है। उनके बेड पर भी आर्थोपेडिक पिलो जैसा तकिया नजर आ रहा है। एक तकिये पर रिमोट पड़ा है। कमरे में मिनरल वाटर की बोतलें भी दिख रही हैं।

दूसरा वीडियो, 14 सितंबर का 26 सेकेंड का है। इसमें सत्येंद्र जैन आराम से बिस्तर पर लेटे हुए हैं और एक आदमी उनके पैर दबा रहा है। उनके कमरे में कुर्सी पर न्यूजपेपर या मैगजीन भी दिखाई दे रही है।

तीसरा वीडियो, 14 सितंबर का 26 सेकेंड का है। इसमें सत्येंद्र जैन कुर्सी पर बैठे हुए हैं और एक व्यक्ति उनके सिर की मसाज कर रहा है। कमरे में एक जोड़ी जूते और एक जोड़ी चप्पलें नजर आ रही हैं। इस वीडियो में भी उनके बिस्तर पर एक रिमोट दिखाई दे रहा है।

चौथा वीडियो, 21 सितंबर का है। इसमें तिहाड़ जेल से सत्येंद्र जैन के चौथे वीडियो में चार लोग उनके कमरे में मौजूद दिखाई दे रहे हैं और मंत्री उनसे चर्चा कर रहे हैं।




आप के वरिष्ठ नेता एवं मंत्री सत्येंद्र जैन तिहाड जेल में बंद है ।



स्पेशल सेल में कैद मसाज कराते हुए सत्येंद्र जैन

इनमें से एक व्यक्ति मंत्री की मसाज करने वाला है। वह उनके पैरों की मसाज कर रहा है। ऐसे ही एक और वीडियो में जैन की हैंड मराज की जा रही है।

सत्येंद्र जैन को वीआईपी ट्रीटमेंट देने के आरोप में तिहाड़ जेल के बैरक नंबर 7 के सुपरिन्टेंडेंट अजीत कुमार को 14 नवंबर को सस्पेंड कर दिया गया था। इससे 10 दिन पहले यानी 4 नवंबर को तिहाड़ के डीजी संदीप गोयल को हटाकर उनकी जगह संजय बेनीवाल को लाया गया था। उन पर तिहाड़ में बंद ठग सुकेश चंद्रशेखर ने 10 करोड़ रुपए वसूलने का आरोप लगाया था। इनके साथ कुछ और कर्मचारियों को भी हटाया गया था।

बता दें कि गुजरात चुनाव में आप ईमानदारी को अपनी सबसे बड़ी पूंजी बता रही है। भाजपा अब तक लगातार इसी पर चोट करने की कोशिश कर रही थी, लेकिन इसका कोई ठोस सबूत सामने नहीं आ पा रहा था। जो भी आरोप भाजपा ने लगाए, आप ने उसी मजबूती से उन्हें खारिज किया और उलटा भाजपा पर आरोप गढ़ने का आरोप मढ़ दिया। इस वीडियो से आप की छवि को सीधे नुकसान पहुंचेगा, क्योंकि इसे नकारना आसान नहीं। इससे भाजपा के बाकी आरोपों को भी बल मिलेगा। खासकर 10 दिन बाद गुजरात में पहले चरण की वोटिंग है। इस बीच ये वीडियो आप के लिए बड़ा झटका साबित हो सकता है। ईडी ने कहा था कि सत्येंद्र जैन को तिहाड़ जेल में कई तरह की सुविधाएं मिल रही हैं। जेल के फुटेज में उन्हें बैक और फुट मसाज कराते देखा गया है। जेल सुपरिन्टेंडेंट नियमों के खिलाफ जाकर सत्येंद्र जैन से मुलाकात करते हैं, वे उनसे पूछने जाते हैं कि जेल में मंत्री को कोई समस्या तो नहीं है।

ईडी ने कहा था कि कोर्ट के आदेश का उल्लंघन कर सत्येंद्र जैन के लिए रोजाना उनके घर से खाना मंगाया जाता है। उनकी पत्नी पूनम जैन अक्सर उनसे मिलने सेल में आती हैं, जो गलत है। वे केस के अन्य आरोपियों के साथ अपनी सेल में घंटों मीटिंग करते हैं। सत्येंद्र जैन जेल मंत्री होने का गलत फायदा उठा रहे हैं।

तिहाड़ प्रशासन ने आरोपों को गलत बताया

तिहाड़ प्रशासन ने बताया कि ईडी ने सत्येंद्र जैन की सेल और वार्ड की फुटेज मांगी थी, जो एजेंसी को मुहैया करवा दी गई हैं। सत्येंद्र जैन के सेल में बाहर से कोई नहीं आता। सुबह जब कैदियों की गिनती के लिए सेल खुलती है, उस वक्त वार्ड में मौजूद सभी कैदी एक-दूसरे से बात कर सकते हैं। इसी दौरान सत्येंद्र केस के अन्य आरोपियों से मीटिंग करते हैं। जेल प्रशासन ने सेल में किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट होने से इनकार किया है। इसके पहले जेल में बंद ठग सुकेश चंद्रशेखर ने 1 नवंबर को दिल्ली के लेफ्टिनेंट गवर्नर वीके सक्सेना को चिट्ठी लिख दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन को लेकर बड़ा दावा किया था। सुकेश ने कहा कि जेल में सुरक्षा और सहूलियत के नाम पर जैन ने 10 करोड़ रुपए वसूले थे। ये रकम उनके एक करीबी के जरिए ली गई थी। सुकेश ने अपने वकील के नाम एक अन्य पत्र में लिखा- 1 नवंबर को मैंने दिल्ली के उपराज्यपाल को पत्र लिखा था। इसमें बताया था कि जेल में सुख-सुविधा उपलब्ध कराने के बदले में केजरीवाल सरकार के जेल में बंद मंत्री सत्येद्र जैन को 10 करोड़ रुपए दिए हैं। उपराज्यपाल से यह शिकायत करने के बाद सत्येंद्र जैन और जेल के तत्कालीन डीजी उसे (सुकेश को) धमका रहे हैं। लेटर की पुष्टि सुकेश के वकील ने मीडिया से की है। दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन तिहाड़ जेल में मजे की जिंदगी जी रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ईडी ने कोर्ट में एक हलफनामा और कुछ तस्वीरें देकर इसकी शिकायत की है। ईडी ने कहा कि सत्येंद्र जैन को तिहाड़ जेल में कई तरह की सुविधाएं मिल रही हैं। जेल के फुटेज में उन्हें बैक और फुट मसाज कराते देखा गया है।

मनी लॉन्ड्रिंग केस में दिल्ली की मंडोली जेल में बंद ठग सुकेश चंद्रशेखर ने मीडिया के नाम एक चिट्ठी लिखी है। इसमें उसने अरविंद केजरीवाल पर गंभीर आरोप लगाए हैं। 3 पन्नों की चिट्ठी में सुकेश ने लिखा है- मैं अगर ठग हूं तो केजरीवाल महाठग हैं। उन्होंने राज्यसभा सीट के बदले मुझसे 50 करोड़ रुपए मांगे थे, जो मैंने दिए।

बीजेपी के दिल्ली अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि आप वाले कहते थे कि हम तो कट्टर ईमानदार हैं, लेकिन ये तो कट्टर भ्रष्टाचारी निकले। जेल में भी वसूली कंपनी चालू है, जेल के अंदर भी ये लोग भ्रष्टाचार कर रहे हैं।

जेल में बंद दिल्ली सरकार में मंत्री सत्येंद्र जैन की तिहाड़ जेल में मसाज करवाते हुए वीडियो सामने आने के बाद मामले को बढ़ता देखकर डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने इस पर सफाई पेश की है। उन्होंने कहा कि जेल में गिरने की वजह से सत्येंद्र जैन को रीढ़ की हड्डी में चोट आई थी।

दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा, "जेल में गिरने की वजह से सत्येंद्र जैन को रीढ़ की हड्डी में चोट आई थी। उनको अस्पताल में भर्ती कराया था जहां उनकी सर्जरी हुई थी और डॉक्टर ने उनको नियमित फिजियोथेरेपी की सलाह दी थी। कोर्ट ने ईडी को इस वीडियो को जारी न करने के आदेश भी दिए थे।"

प्रेस कॉन्फ्रेंस में सिसोदिया ने कहा, " बीजेपी नीचता पर उतर आई है। सत्येंद्र जैन को झूठे केस में जेल में बंद किया है। बीजेपी किसी इंसान के इलाज का सीसीटीवी फुटेज निकाल कर बीमारी का मज़ाक़ बना रही है। पीएम हो या आम आदमी किसी को भी इलाज की ज़रूरत पड़ सकती है।" उन्होंने कहा, "किसी के इलाज का वीडियो जारी करना, भाजपा के अलावा कोई नहीं कर सकता। क़ानून में जेल में बंद आदमी को अधिकार है कि उसे बीमारी होती है तो इलाज दिया जाएगा। दूसरी जेलों में ऐसे वीडियो मिल जाएंगे।

कोर्ट ने ईडी को वीडियो लीक ना करने का दिया था निर्देशः डिप्टी सीएम ने कहा, "कोर्ट ने ईडी को वीडियो लीक ना करने का निर्देश दिया। इसके बावजूद बीजेपी ने विडियो चलाया। यह कोर्ट के आदेश का उल्लंघन है। इस पर हम कार्रवाई करेंगे। किसी की बीमारी का मज़ाक बनाकर हारा हुआ चुनाव जीतने की कोशिश करना, बीजेपी वालों इससे घटिया कुछ नहीं हो सकता।" मनीष सिसोदिया ने कहा कि बाकायदा रिपोर्ट कहती है कि गिरने से चोट लगी। डॉक्टर ने लगातार फिजियोथेरेपी करने को कहा।

# डिजिटल की दुनिया में बदलते नोट

यह दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। इसमें भी नकली नोटों के शामिल होने का भारी जोखिम बना हुआ है। डिजिटल मुद्रा इन समस्याओं का अंत मानी जा सकती है।

डिजिटल क्रांति रुपए-पैसे की दुनिया का चेहरा कैसे बदल रही है, इसकी एक मिसाल भारत में देखने को मिलती है। वर्ष 2016 में जब नोटबंदी की गई थी, तब अनुमान लगाया गया था कि जल्द ही लोग डिजिटल भुगतान वाले विकल्पों की ओर बढ़ेंगे। कोई शक नहीं कि बीते पांच-छह वर्षों में देश में डेबिट और क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग और यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआइ) जैसे माध्यमों से डिजिटल भुगतान में काफी ज्यादा बढ़ोतरी हुई है। इंटरनेट और मोबाइल बैंकिंग, यूपीआइ और क्यूआर कोड जैसे तौर-तरीकों ने सब्जी मंडी, रेहड़ी-पटरी वाले दुकानदारों से लेकर पांच सितारा होटलों तक में भुगतान का परिदृश्य बदल दिया है। लेकिन अब एक नई क्रांति डिजिटल मुद्रा की शक्ल में होने जा रही है। भारत सरकार ने हाल में (1 नवंबर, 2022 से) देश में पहली बार रुपए को डिजिटल कर दिया। सरकार के आदेश पर रिजर्व बैंक ने थोक में डिजिटल रुपए को लेन-देन की प्रक्रिया में शामिल करने वाली परीक्षण परियोजना शुरू कर दी है। इसके संचालन का जिम्मा नौ बैंकों को सौंपा गया है। परियोजना के संतोषजनक नतीजे आने के महीने के भीतर रिजर्व बैंक खुदरा स्तर पर भी डिजिटल रुपए की परियोजना शुरू कर देगा।

बात जब मुद्रा के डिजिटल स्वरूप की होती है, तो निश्चित रूप से बिटकाइन जैसी आभासी मुद्रा का उल्लेख प्रासंगिक हो जाता है। वर्ष 2009 से निजी तौर पर सृजित और संचालित की गई इस डिजिटल या कंप्यूटर से बनाई गई मुद्रा की ख्याति का नतीजा यह निकला कि आज दुनिया में दस हजार से ज्यादा आभासी मुद्राएं चलन में हैं। लेकिन इनकी सबसे अहम समस्या यह है कि इनका संचालन कोई सरकारी केंद्रीय बैंक नहीं कर रहा। इसी तरह इन मुद्राओं के बदले किसी संपत्ति का समर्थन नहीं मिलता, जैसे कि आम रुपए के बदले भारतीय रिजर्व बैंक धारक को रुपए की कीमत अदा करने का वचन देता है। चूंकि आभासी मुद्राओं से किसी संस्था या केंद्रीय बैंक की देयता नहीं जुड़ी है, इसलिए एकाध देशों को छोड़ कर उन्हें दुनिया में कहीं भी कानूनी मान्यता हासिल नहीं है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल सितंबर में अफ्रीकी देश अल सल्वाडोर ने बिटकाइन को कानूनी मुद्रा का दर्जा जरूर दिया था,






लेकिन ऐसे उदाहरण गिनती के ही हैं। इन्हीं कारणों से प्रायः सभी आभासी मुद्राएं भरोसेमंद नहीं हैं।

डिजिटल रुपए को लेकर भारत सरकार की ओर से आधिकारिक बयान इस वर्ष केंद्रीय बजट 2022-23 पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दिया था। उन्होंने बजट प्रस्तुत करते हुए कहा था कि भारतीय रिजर्व बैंक भी जल्दी ही डिजिटल रुपया पेश करेगा। यह भारत की अपनी केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सेंट्रल बैंक डिजिटल करंसी- सीबीडीसी) होगी। प्रस्तावित योजना के मुताबिक सीबीडीसी एक प्रकार का डिजिटल भुगतान तरीका है, जिसे भारतीय रुपए (राष्ट्रीय मुद्रा) के रूप में अंकित किया गया है। इस डिजिटल रुपए के धारक को भारत के केंद्रीय बैंक की तरफ से प्रत्यक्ष देयता का आश्वासन मिलेगा। इसमें भी सबसे उल्लेखनीय यह है कि मुद्रा के इस डिजिटल स्वरूप की कीमत भारतीय रिजर्व बैंक में रखे भौतिक नकद रुपए या उसके भंडार के बराबर ही होगी, जो डिजिटल रुपए के धारकों के लिए सबसे अहम आश्वासन है। इसका अर्थ यह है कि डिजिटल रुपए को भौतिक रुपए के समान संप्रभु गारंटी हासिल होगी। ऐसे में इसके मूल्य में समय-समय पर वही परिवर्तन या अंतर आएगा, जो भौतिक नकद रुपए की कीमत में आता है।

वैसे तो ई-रुपए रिजर्व बैंक द्वारा जारी मुद्रा नोटों का डिजिटल रूप ही है। यानी यह बैंक नोटों से अलग नहीं है। फर्क यदि कोई है तो यह है कि डिजिटल मुद्रा होने के कारण इसके जरिए कोई भी लेन-देन बहुत त्वरित, सस्ता और आसान होगा। साथ ही भौतिक नोटों के मुकाबले इसके मुद्रण (छपाई-ढलाई), वितरण और भंडारण की लागत बहुत कम होगी।

पर ई-रुपए के ज्यादा लाभ सुविधा, पारदर्शिता और सुरक्षा के संबंध में है। जैसे एक सहूलियत यह होगी कि डिजिटल मुद्रा में लेनदेन होने से कारपोरेट दुनिया में मुद्रा संबंधी लेनदेन के निपटान, उनकी जानकारी और उन पर नियंत्रण आसान हो जाएगा। भारत सरकार को यह पता लगाने में सहूलियत हो जाएगी कि देश के वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र में धन का प्रवाह कहां से कहां तक हुआ। इसे एक उदाहरण से समझा जा सकता है। आज बाजार में लगभग तीस लाख करोड़ रुपए की बड़ी राशि मौजूद है।

लेकिन रिजर्व बैंक से लेकर सरकार और नीति-निर्धारकों तक को इसकी जानकारी नहीं है कि यह राशि लोगों के पास कब से मौजूद है और क्यों रखी हुई है। दावा है कि इससे आयकर विभाग को छिपाए जाने वाले लेनदेन का पता चल सकेगा और कर संग्रह में बढ़ोतरी होगी। बड़ी कंपनियों और कारपोरेट जगत की निगाह में ई-रुपए लेनदेन और आर्थिक निपटारे की तत्काल व्यवस्था बनाने में मदद साबित हो सकता है।

कोरोना महामारी के दौर में लोगों ने एहतियात के तौर पर नकदी रखना ज्यादा बेहतर समझा, जिससे चलन में बैंक नोटों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई। लेकिन आधिकारिक आंकड़े बताते हैं कि कोरोना काल में डेबिट/ क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग और यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआइ) जैसे माध्यमों से डिजिटल भुगतान में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई। आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2017 में देश में क्रेडिट-डेबिट कार्ड, चेक-ड्राफ्ट और मोबाइल वालेट आदि सभी तरीके मिला कर सिर्फ बाईस फीसद भुगतान बिना नगदी वाले हो रहे थे।

लेकिन बाद के पांच वर्षों में यह तस्वीर पूरी तरह बदल गई है। डिजिटल भुगतान प्रणालियों पर नजर रखने वाले संगठन-एसीआइ वर्ल्डवाइड की मार्च 2021 में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में सालाना 2550 करोड़ लेनदेन डिजिटल तरीकों से किए गए थे। इस मामले में भारत दुनिया के शीर्ष पर है और हमारे बाद चीन (1570 करोड़) और दक्षिण कोरिया (600 करोड़) का नंबर आता है। अमेरिका तो भारत से इस मामले में काफी पीछे यानी नौवें स्थान पर है, जहां वित्त वर्ष 2021 में ऐसे सिर्फ 120 करोड़ लेनदेन हुए थे।

डिजिटल मुद्रा की कई उपयोगिताएं हैं, पर खुद भारतीय रिजर्व बैंक ने ई-रुपी को अपनाने के पीछे जो तर्क गिनाए हैं, वे इसे कई मामलों में लाभप्रद ठहराते हैं। रिजर्व बैंक ने ई-रुपी को अपनाने की अहम जरूरत भौतिक मुद्रा यानी कागज के नोट व सिक्कों की छपाई, ढलाई पर प्रबंधन पर आने वाले भारी-भरकम खर्च कम करने के संदर्भ में बताई है। असल में नोटों की छपाई और उन्हें देश के कोने-कोने में पहुंचाने यानी वितरित करने की लागत काफी ज्यादा बैठती है और यह दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। इसमें भी नकली नोटों के शामिल होने का भारी जोखिम बना हुआ है। डिजिटल मुद्रा इन समस्याओं का अंत मानी जा सकती है।

डिजिटल मुद्रा को ऐसे विकसित करने की योजना है, ताकि उसका आफलाइन इस्तेमाल भी हो सके। यानी देश के जिन इलाकों में इंटरनेट-मोबाइल नेटवर्क और बिजली नहीं है, वहां भी यह मुद्रा काम कर सके। वर्ल्ड इकोनोमिक फोरम के मुताबिक दुनिया में करीब सौ देशों में सरकारी नियंत्रण वाली डिजिटल मुद्रा लाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। चीन ने अगले साल 2023 में ऐसा करने की घोषणा कर रखी है। यूरोपीय महासंघ अपने नियंत्रण वाले सत्ताईस देशों में डिजिटल मुद्रा लाने की योजना पर काम कर रहा है। उल्लेखनीय तो यह है कि नाइजीरिया और जमैका जैसे दस देश इस मामले में आगे निकल चुके हैं और उन्होंने अपने यहां डिजिटल मुद्रा लोगों को मुहैया करा दी है।

# क्या गिरफ्तार होंगे बीजेपी महासचिव बीएल संतोष?



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष को तेलंगाना पुलिस की एसआईटी ने समन भेजा है। संतोष को 21 नवंबर को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। बीएल संतोष पर गिरफ्तारी की तलवार भी लटक रही है। तेलंगाना पुलिस लगातार इस मामले में छापेमारी कर रही है। अब तक चार राज्यों की सात लोकेशन से तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया जा चुका है।

ऐसे में सवाल ये है कि आखिर ये मामला क्या है? बीएल संतोष पर क्या आरोप हैं? आगे क्या होगा? आइए जानते हैं।

एक फरवरी 1967 में कर्नाटक के मैसूर में जन्मे बीएल संतोष भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) हैं। बीएल संतोष को संगठन मजबूत करने का काफी अनुभव है। संतोष ने इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है। 1993 से उन्होंने फुल टाइम आरएसएस प्रचारक के तौर पर काम शुरू किया था। 2006 में वह भाजपा में शामिल हो गए और कर्नाटक भाजपा के महासचिव (संगठन) बनाए गए। 2014 तक उन्होंने इस पद की जिम्मेदारी संभाली। इस बीच, कर्नाटक में 2008 में भाजपा की सरकार भी बनी। 2014 में जब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री और अमित शाह भाजपा अध्यक्ष बने तो बीएल संतोष को संयुक्त राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) की जिम्मेदारी दी गई। 2019 में राष्ट्रीय महासचिव



(संगठन) की पूरी जिम्मेदारी संतोष को मिल गई।

किस मामले में फंसे हैं बीएल संतोष

तेलंगाना में सत्ताधारी टीआरएस के विधायकों में से एक पी रोहित रेड्डी ने भाजपा नेताओं पर खरीद-फरोख्त का मामला दर्ज कराया है। रेड्डी के शिकायत के आधार पर 26 अक्टूबर की रात रामचंद्र भारती उर्फ सतीश शर्मा, नंद कुमार और सिम्हाजी स्वामी के खिलाफ आपराधिक साजिश, रिश्वत की पेशकश और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के प्रावधानों के तहत मामले दर्ज किए गए। रोहित रेड्डी द्वारा दर्ज मामले के मुताबिक आरोपियों ने उन्हें 100 करोड़ रुपये की पेशकश की। इसके बदले में उसने शर्त रखी गई कि उन्हें टीआरएस छोड़कर भाजपा में शामिल होना पड़ेगा।

इसके अलावा टीआरएस के चार विधायक पायलट रोहित रेड्डी, बी हर्षवर्धन रेड्डी, रेगा कांथा राव और गुव्वाला बलराजू ने भी अज्ञात लोगों से धमकी भरे फोन आने की शिकायत दर्ज की। फोन पर उन्हें टीआरएस छोड़ने और भाजपा में शामिल होने के लिए कहा गया। कथित तौर पर धन का प्रलोभन भी दिया गया। विधायकों की शिकायत के बाद रायदुर्गम, बंजारा हिल्स, घटकेसर और गच्चीबावली पुलिस थानों में भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामले दर्ज किए गए। इस मामले में जांच के लिए तेलंगाना सरकार ने एसआईटी का गठन किया है। एसआईटी ने नामजद आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था, अब भाजपा के अन्य नेताओं पर भी शिकंजा कसा जा रहा है। बीएल संतोष को इसी मामले में पूछताछ के लिए एसआईटी ने समन भेजा है।

अब आगे क्या होगा?

तेलंगाना पुलिस की एसआईटी ने बीएल संतोष को 21 नवंबर को पूछताछ के लिए बुलाया है। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्र प्रकाश पांडेय के मुताबिक, अगर बीएल संतोष पूछताछ के लिए तेलंगाना जाते हैं, तो उन्हें एसआईटी गिरफ्तार भी कर सकती है। ऐसे में वह फिलहाल अंतरिम जमानत के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर कर सकते हैं। इससे उन्हें फौरी तौर पर राहत मिल जाएगी । तेलंगाना की सत्ताधारी टीआरएस और भाजपा के बीच आजकल काफी जंग छिड़ी है। भाजपा तेलंगाना में पांव पसार रही है और इससे टीआरएस को नुकसान की आशंका है। यही कारण है कि राजनीतिक लड़ाई में इस तरह के दांवपेंच चले जा रहे हैं।

# अगहन कृष्ण एकादशी पर प्रकट हुई थीं देवी और किया था मूर दैत्य का वध





रविवार, 20 नवंबर को अगहन मास (मार्गशीर्ष) के कृष्ण पक्ष की एकादशी है। इसका नाम उत्पन्ना है, क्योंकि इसी दिन एकादशी नाम की एक देवी प्रकट हुई थीं। इस बार ये तिथि रविवार को होने से इस दिन विष्णु जी के साथ ही सूर्य की विशेष पूजा का शुभ योग बन रहा है।

सभी एकादशियों के बारे में स्कंद पुराण के वैष्णव खंड में जिक्र है। इस खंड के एकादशी महात्म्य नाम का एक अध्याय है। इसमें सभी एकादशियों की जानकारी दी गई है। अगहन के कृष्ण पक्ष की एकादशी के संबंध में मान्यता है कि इस तिथि पर एक देवी प्रकट हुई थीं, जिन्हें एकादशी के नाम से जाना जाता है। इसी वजह से इस एकादशी का नाम उत्पन्ना पड़ा।

**एकादशी ने किया था मूर नाम के असुर का वध**

पुराने समय मूर नाम का एक असुर था। वह बहुत शक्तिशाली था और उसने देवताओं को पराजित करके स्वर्ग पर कब्जा कर लिया था। देवराज इंद्र मदद के लिए विष्णु जी के पास पहुंचे। विष्णु जी ने देवताओं की प्रार्थना सुनी और मूर दैत्य का वध करने का निश्चय किया। इसके बाद विष्णु जी और मूर असुर का युद्ध शुरू हो गया।

इन दोनों का युद्ध लंबे समय तक चला, लेकिन विष्णु जी मूर को पराजित नहीं कर पाए। विष्णु जी थक चुके थे। इस वजह से वे बद्रिकाश्रम की एक गुफा में विश्राम करने चले गए।

भगवान विष्णु का पीछा करते हुए मूर दैत्य भी वहां पहुंच गया। उस समय विष्णु जी विश्राम कर रहे थे। मूर विष्णु पर प्रहार करने ही वाला था, ठीक उसी वजह समय वहां एक देवी प्रकट हो गईं। देवी ने मूर का वध कर दिया। उस दिन अगहन कृष्ण पक्ष की एकादशी थी।

जब विष्णु जी का विश्राम पूरा हुआ तो उन्होंने आंखें खोलीं। सामने देवी को देखा तो देवी ने उन्हें मूर के वध की जानकारी दी। इस बात विष्णु जी बहुत प्रसन्न हुए और उन्होंने देवी को वर मांगने के लिए कहा।

देवी ने वर मांगा कि अब जो इस तिथि पर जो लोग व्रत-उपवास करेंगे, उनके सभी पाप नष्ट हो जाए और उनका कल्याण हो।


विष्णु जी ने देवी की ये इच्छा पूरी करने का वर दिया। इसके बाद भगवान विष्णु ने उस देवी को एकादशी नाम दिया। इस तिथि पर एकादशी देवी उत्पन्न हुई थीं, इसीलिए इसे उत्पन्ना एकादशी कहा जाता है।

**उत्पन्ना एकादशी पर करें ये शुभ काम**

इस तिथि पर विष्णु जी के लिए व्रत-उपवास करें। इसके साथ ही जरूरतमंद लोगों को धन और अनाज का दान करें। किसी मंदिर में पूजन सामग्री चढ़ाएं। गौशाला में घास और धन का दान करें। ठंड के दिनों के लिए जरूरतमंद लोगों को कंबल और गर्म कपड़े दान करें।

# 14 जनवरी तक रहेगी हेमंत ऋतु

## स्नान-दान और पूजा के लिए होता है अच्छा समय पितरों की ऋतु है, इस दौरान ताकत भी बढ़ती है



16 नवंबर को सूर्य के वृश्चिक राशि में आने से हेमंत ऋतु शुरू हो गई है। इस दौरान ठंड की शुरुआत होगी। इस ऋतु में अगहन और पौष महीने रहेंगे। ये दक्षिणायन की आखिरी ऋतु होती है। जो कि 14 जनवरी तक रहेगी। फिर मकर संक्रांति पर सूर्य के राशि बदलने से शिशिर ऋतु के साथ उत्तरायण भी शुरू हो जाएगा।

**पितरों की ऋतु**

पुराणों में हेमंत को पितरों की ऋतु बताया है। इसलिए अगहन मास में पितरों के लिए विशेष पूजा और दान करने का विधान है। वहीं पौष महीने में सूर्य पूजा से पितरों को संतुष्ट किया जाता है। इस दौरान सूर्योदय से पहले उठकर स्नान और पूजा-पाठ करने से पितृ प्रसन्न होते हैं।

**स्नान-दान और पूजा के लिए खास समय**

हेमंत ऋतु के दौरान मन शांत और प्रसन्न रहता है। ये स्थिति पूजा-पाठ और भगवत भजन के लिए अनुकूल मानी गई है। इसलिए इस ऋतु में श्रीकृष्ण पूजा के साथ स्नान दान की परंपराए भी बनाई गई हैं। ज्योतिषिय नजरिये से देखा जाए तो इस ऋतु के दौरान सूर्य वृश्चिक और धनु राशि में होता है। सूर्य की इस स्थिति के प्रभाव से धर्म और परोपकार के विचार आते हैं।

**हेमंत ऋतु में बढ़ती है ताकत**

हेमंत को रोग दूर करने वाली ऋतु कहा गया है। इस ऋतु में डाइजेशन अच्छा होने लगता है। भूख बढ़ने लगती है। साथ ही इस दौरान खाई गई सेहतमंद चीजें भी शरीर को जल्दी फायदा देती हैं। इसलिए इस ऋतु में शारीरिक ताकत बढ़ने लगती है।

इस ऋतु में ताजी हवा और सूर्य की पर्याप्त रोशनी सेहत के लिए फायदेमंद होती है। यही कारण है कि इस ऋतु में सुबह नदी स्नान का विशेष महत्व धर्म शास्त्रों में लिखा है। सुबह उठकर नदी में स्नान करने से ताजी हवा शरीर में स्फूर्ति का संचार करती है। इस प्रकार के वातावरण से कई शारीरिक बीमारियां खत्म हो जाती हैं।

**दक्षिणायन की आखिरी ऋतु**

ठंड के शुरुआती दिनों में हेमंत ऋतु होती है। इस दौरान खाई गई चीजों से शरीर की ताकत बढ़ने लगती है। इस ऋतु में सूर्य, वृश्चिक और धनु राशियों में रहता है। मंगल और बृहस्पति की राशियों में सूर्य के आ जाने से मौसम में अच्छे बदलाव होने लगते हैं। इसलिए भूख भी बढ़ने लगती है। इस ऋतु के खत्म होते ही सूर्य उत्तरायण हो जाता है। यानी उत्तरी गोलार्ध की ओर बढ़ने लगता है।

# सुख-सुविधाएं हैं, फिर भी शांति क्यों नहीं मिलती

**कन्फ्यूशियस का किस्सा : मन बहुत ज्यादा सक्रिय होता है तो हम अशांत रहते हैं, मन को व्यर्थ कामों से दूर रखें**



न-संपत्ति और सुख-सुविधाएं होने के बाद भी शांति नहीं मिल पाती है। इसकी वजह है अशांत मन। अगर मन व्यर्थ विचारों में उलझा रहेगा तो हम कभी भी शांति प्राप्त नहीं कर सकते हैं। शांति कैसे मिल सकती है, इस संबंध में चीनी दार्शनिक कन्फ्यूशियस का एक किस्सा बहुत प्रचलित है।

जब चीन में अलग-अलग राज्य बन हुए थे। उस समय लोग एक-दूसरे पर लोग आक्रमण करते रहते थे। उस दौर में कन्फ्यूशियस का जन्म हुआ था। वे बहुत ही विद्वान थे। उस वजह से लोग उनके पास अपनी समस्याएं लेकर पहुंचते थे।

एक दिन चीन के दार्शनिक कन्फ्यूशियस के पास एक व्यक्ति आया और बोला कि मेरे पास सुख-सुविधा की हर चीज है, मैं अपने काम बहुत सावधानी से करता हूं, सेहत भी अच्छी रहती है, लेकिन मेरा मन शांत नहीं है। कृपया आप बताइए मुझे शांति कैसे मिल सकती है।

कन्फ्यूशियस ने उस व्यक्ति से प्रश्न पूछा कि एक बात बताओ तुम देखते-सुनते कैसे हो, किसी चीज का स्वाद कैसे मालूम करते हो?

उस व्यक्ति जवाब दिया कि मैं आंखों से देखता हूं, कानों से सुनता हूं और जीभ से स्वाद लेता हूं।


ये बात सुनकर कन्फ्यूशियस बोले कि हम जितना आंखों से देखते हो, उससे कहीं ज्यादा मन से देखते हैं। मन कानों से ज्यादा सुनता है और जीभ से ज्यादा स्वाद मन लेता है।

जब तक हमारा मन ये तीन काम करते रहेगा, हम शांत नहीं हो सकते हैं। सबसे पहले मन को काबू करना चाहिए। हमें सिर्फ आंखों से देखने की आदत डालनी चाहिए, जीभ को ही स्वाद लेने दें, सिर्फ कानों से सुनें। हमें अपने मन को इन तीनों कामों से अलग रखना चाहिए। तभी हमारा मन शांत हो सकता है।

**कन्फ्यूशियस की सीख**

**जब तक हमारा मन इधर-उधर की बातों में भटकते रहता है, हम शांत नहीं हो सकते हैं। इसलिए मन को व्यर्थ बातों से दूर रखें और मन को एकाग्र करें, तभी हमें शांति मिल सकती है।**

# बाथरूम में इस रंग की बाल्टी का करें इस्तेमाल



वास्तु शास्त्र में दिशा, स्थान और रंगों को महत्वपूर्ण माना गया है। दरअसल, इसका प्रभाव व्यक्ति के जीवन पर पड़ता है। वास्तु में कुछ रंगों को वास्तु दोष दूर करने के लिए प्रभावी माना गया है।

: वास्तु शास्त्र को जीवन के लिए महत्वपूर्ण माना गया है, क्योंकि वास्तु में जीवन से जुड़ी तमाम तरह की परेशानियों के लिए उपाय बताए गए हैं। वास्तु नियमों का पालन करने से जीवन से नकारात्मक ऊर्जा दूर हो जाती है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार बढ़ता है। वास्तु में दिशा और स्थान के साथ ही रंगों के महत्व के बारे में भी बताया गया है। वास्तु शास्त्र में किचन, बेडरूम, पूजाघर, लिविंगरूम और बाथरूम के लिए विशेष रंगों के बारे में बताया गया है। बाथरूम में सबसे अत्यधिक वास्तु दोष होता है। लेकिन वास्तु नियमों का पालन करने पर इसका प्रभाव आपके जीवन पर नहीं पड़ता।

वास्तु में नीले रंग को बाथरूम के लिए अच्छा माना गया है। यह रंग व्यक्ति के जीवन को प्रभावित करता है और इससे कई परेशानियां दूर होती हैं। बाथरूम में रखी एक-एक चीज का प्रभाव घर पर अनुकूल या प्रतिकूल तरह से पड़ता है, इन्हीं में एक है बाल्टी। जी हां, बाथरूम में बाल्टी का प्रयोग सभी घरों में किया जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि बाथरूम में रखी बाल्टी भी वास्तु दोष का कारण बन सकती है। वास्तु शास्त्र में बताया गया है कि बाथरूम मे किस रंग की बाल्टी का प्रयोग करने से वास्तु दोष दूर होते हैं। साथ ही वास्तु शास्त्र में बाथरूम से जुड़े कुछ नियमों के बारे में भी बताया गया है। जानते हैं इनके बारे में।

बाथरूम में करें नीले रंग की बाल्टी का प्रयोग

वास्तु शास्त्र के अनुसार बाथरूम में नीले रंग की बाल्टी का प्रयोग करने से वास्तु दोष दूर होते हैं। वहीं नीला रंग राहु-केतु और शनि के अशुभ प्रभावों को भी कम करता है। बाल्टी के साथ ही आप बाथरूम में नीले रंग के मग और तौलिया आदि का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

इन बातों का भी रखें ध्यान

बाथरूम के दरवाजे को बिना कारण कभी भी खुला न रखें. जरूरत ना होने पर बाथरूम का दरवाजा बंद कर दें।

बाथरूम में गंदे और गीले कपड़ों को नहीं रखना चाहिए। इससे नकारात्मकता बढ़ती है।

बाथरूम में टूटी फूटी चप्पल, खाली शैम्पू के डब्बे आदि जैसी चीजें न हों इस बात का भी ध्यान रखें।

बाथरूम में रखी बाल्टी कभी खाली नहीं होनी चाहिए। आप बाल्टी में पानी भरकर रखें। यदि आप पानी भरकर नहीं रखते तो बाल्टी को पलट दें।

इस बात का भी ध्यान रखें कि बाथरूम का कोई भी नल खराब ना हो या उससे पानी न बहता है। इससे वास्त दोष होता है।

बाथरूम का दरवाजा खुलते ही ठीक सामने दर्पण नहीं होना चाहिए। यह घर की सुख-समृद्धि के लिए घातक हो सकता है।

# कब बनते हैं कुंडली में द्वी विवाह योग




ज्योतिष के अनुसार किसी भी व्यक्ति की जन्म कुंडल उसके कई राज खोलती है। ये कुंडली आपके व्यवहार, कद काठी से लेकर आपका धन, आय, भाग्य, शत्रु ,रोग व विवाह सहित आपके कर्म तक के कई राज सामने ला देती है। ऐसे में आपने भी कई बार देखा होगा कि लोगों की एक से ज्यादा शादियां होती है, यहां चूंकि कुंडली आपके विवाह के भी राज खोलती है, तो ऐसे में किसी व्यक्ति के एक या उससे ज्यादा विवाह होंगे इस बारे में जानकारी कैसे मिलती है। तो चलिए जानते हैं कि किसी की जन्म कुंडली में दो विवाह योग का कैसे पता लगाया जा सकता है। चलिए जानते हैं कि कहीं आपकी जन्मकुंडली में भी तो दो विवाह योग नहीं बना रहा हैं।

ज्योतिष के जानकार एके शुक्ला के अनुसार किसी भी व्यक्ति की जन्मपत्री को ही जन्मकुंडली भी कहा जाता है, इस जन्मकुंडली में आकाश का नक्शा बना हुआ होता है यह नक्शा उस समय का होता है जब कोई बच्चा या बच्ची जन्म लेते हैं, साथ ही ये नक्शा या कहें कुंडली ग्रहों की स्थिति को देखकर बनाई जाती है।

दरअसल जब बच्चे के इस दुनिया में जन्म होता है उस समय आकाश में कौन सा ग्रह कहा पर है, यह सब देखते हुए ही ग्रहों को उन स्थानों पर रखने के बाद जन्म कुंडली बनाई जाती है।

एक जन्मकुंडली में 12 भाव होते हैं जो राशियों का प्रतीक होते हैं, वहीं इनमें नौ ग्रहों को दर्शाया जाता है, क्योंकि मनुष्य के जीवन में ग्रह और राशियां ही अच्छे व बुरे प्रभाव डालती है।

ज्ञात हो कि जन्म कुंडली को देखकर यह भी बताया जा सकता है कि व्यक्ति के जीवन में दो विवाह योग हैं या नहीं, कई लोग इसे जानना भी चाहते हैं, तो चलिए समझते हैं कि कुंडली में दो विवाह योग कहा और कैसे बनते हैं...

कुंडली में दो विवाह योग :

ज्योतिषी के अनुसार यदि किसी के दो विवाह योग का पता करना है, तो ऐसे में उसकी जन्म कुंडली को देखना होता। इसके तहत जब...

: जन्म कुंडली में सप्तम स्थान पर सूर्य के साथ शनि ग्रह नजर आता है। तो ऐसे में व्यक्ति के जीवन में दो विवाह या शादी का योग बनता है।

: वहीं जब सूर्य ग्रह के साथ राहू या फिर सूर्य के साथ केतू दिखाई दे, तो ऐसे में दो विवाह योग बनता है।

: मंगल और राहू ग्रह का कुंडली के सप्तम स्थान पर होना भी दो विवाह के योग को दर्शाता है।

: इसके अलावा शुक्र ग्रह के साथ जब कोई भी अन्य ग्रह जैसेः सूर्य, शनि, मंगल, राहू और केतु इत्यादि एक दिखाई देता है ऐसे में व्यक्ति के जीवन में दो विवाह का योग बनता है।

: वहीं यदि किसी व्यक्ति के जन्मकुंडली में सप्तम स्थान पर राहू है। तो ऐसे में उस व्यक्ति की शादी टूटने का ख़तरा बना होता है, इसका कारण ये है कि सप्तम स्थान पर राहू होना एक से अधिक विवाह रेखा या अफेयर दर्शाता है।

: वहीं सप्तम स्थान पर केतु अगर जन्म कुंडली में दिखाई दे, तो ऐसे में शादी टूटने का भी ख़तरा बना हुआ होता है।

: इसके अलावा सप्तम स्थान पर केतु के दिखाई देने पर घर में कलह होने की संभावना बढ़ती है।

: यदि कुंडली मे 7वें स्थान पर शनि दिखाई दे रहा हो। तो ऐसे में उस व्यक्ति को तीस वर्ष से पहले विवाह नहीं करना चाहिए। ऐसा व्यक्ति यदि इससे पहले शादी विवाह करता है तो जीवन में कई तरह की समस्या देखने को मिल सकती हैं।

# गुरु के मार्गदर्शन से बदल सकता है हमारा जीवन



पुरानी कहावत है गुरु के बिना ज्ञान नहीं मिलता और शास्त्रों में भी गुरु को भगवान से भी ऊपर माना जाता है, क्योंकि गुरु ही भगवान की कृपा पाने का रास्ता बताते हैं। गुरु का मार्गदर्शन हमारा जीवन बदल सकता है, इसलिए बहुत ही सोच-समझकर किसी योग्य व्यक्ति को ही अपना गुरु बनाना चाहिए। संत सूरदास से जुड़ा एक किस्सा बहुत प्रचलित है। संत सूरदास के पिता रामदास एक गायक थे। वे भजन गाते थे और बालक सूरदास भजन सुनते-सुनते खुद भी गाने लगा था। ऐसा माना जाता है कि जन्म से ही सूरदास को कुछ दिखाई नहीं देता था। जैसे-जैसे सूरदास बड़े हो रहे थे, उनका मन धर्म में ज्यादा लगने लगा था। उनके पिता रामदास को चिंता रहने लगी कि अब इस बालक का क्या होगा।

एक दिन सूरदास जी के जीवन में वल्लभाचार्य जी का आगमन हुआ। वल्लभाचार्य जी ने सोचा कि ये बालक ऐसे ही व्यर्थ बोलता रहा, इधर-उधर की बातें ज्यादा सुनाता रहा तो भटक जाएगा। इसके ज्ञान को कहीं एकत्र करना चाहिए। इसके बाद उन्होंने सूरदास जी को दीक्षा दी।

वल्लभाचार्य जी ने सूरदास जी को श्रीकृष्ण लीलाओं का दिव्य दर्शन कराया, श्रीकृष्ण के बारे में सबकुछ बताया। इसके बाद श्रीनाथ जी के मंदिर में कृष्ण लीलाओं का गान करने की जिम्मेदारी सूरदास को दे दी। इसके बाद समय के साथ सूरदास जी की ख्याति चारों ओर फैल गई।

**जीवन प्रबंधन**

इस किस्से से हम ये बात समझ सकते हैं कि हमारे जीवन में गुरु का महत्व कितना अधिक है। अगर सही गुरु मिल जाए तो किसी भी व्यक्ति का जीवन बदल सकता है। इसलिए हमें बहुत सोच-समझकर किसी को गुरु बनाना चाहिए। जिसे गुरु बनाते हैं, उसकी हर एक बात पर भरोसा करना चाहिए और उनके मार्गदर्शन को जीवन में उतारना चाहिए, तभी हमारे जीवन में सुख-शांति आ सकती है।

# विजय सालगांवकर के जबरदस्त फिल्मी पैंतरे से नया आईजी भी चित

## मूवी रिव्यू : दृश्यम 2

**कलाकार :अजय देवगन , तब्बू , अक्षय खन्ना , श्रिया सरन , इशिता दत्ता , मृणाल जाधव , रजत कपूर , नेहा जोशी , कमलेश सावंत और सौरभ शुक्ला**

**निर्देशक : अभिषेक पाठक**

**निर्माता : कुमार मंगत और भूषण कुमार आदि**

हिट फिल्म 'दृश्यम' की सीक्वल 'दृश्यम 2' की शूटिंग अभी इसी साल फरवरी में शुरू हुई और फिल्म सिनेमाघरों तक पहुंच भी गई। मूल रूप से मलयालम में बनी दोनों फिल्में कामयाब रहीं। हिंदी में भी 'दृश्यम' हिट रही और अब 'दृश्यम 2' भी उसी राह पर है। फिल्म 'दृश्यम 2' का असली सितारा इसकी कसी हुई कहानी है। मूल फिल्म में हालांकि फिल्म का शुरुआती हिस्सा थोड़ा धीमा लगता है, इसकी रीमेक में निर्देशक अभिषेक पाठक ने फिल्म को थोड़ा कस दिया है। दिलचस्प बात ये है कि मलयालम में बनी 'दृश्यम 2' देखने के बाद भी इसका हिंदी रीमेक देखने की उत्सुकता आखिर तक बनी रहती है। फिल्म का क्लाइमेक्स ही फिल्म की असल जान है और इसका पहले से पता होने के बाद भी इसका फिर से आनंद लेना कुछ कुछ वैसा ही जैसे वनीला आइसक्रीम का स्वाद पता होने के बाद भी उसे बार बार खाने के लिए मन का ललचाते रहना।

**कहां दबी है लाश?**

फिल्म 'दृश्यम 2' की कहानी वहां से शुरू होती है जहां एक पुलिस अधिकारी की बेटे की हत्या हो जाने का तो खुलासा हो चुका है लेकिन उसकी लाश नहीं मिलती है। पिता अपने बेटे की आत्मा की मुक्ति के लिए उसके शव का अंतिम संस्कार करना चाहता है। लेकिन, उसे तो विजय सालगांवकर ने ऐसी जगह गाड़ दिया था जहां से चाहकर भी उसे निकाला नहीं जा सकता। लेकिन, मां भी लौट आई है। उसे चौथी क्लास तक पढ़े विजय से ही नहीं पूरे परिवार से बदला लेना है। उसके साथ पढ़ा दूसरा आईपीएस अफसर उसकी कुर्सी पर है। ये अफसर मीरा से भी ज्यादा तेज दिमाग दिखता है। लेकिन, मामला यहां फिल्मी है। जी हां, विजय सालगांवकर का हर पैंतरा किसी न किसी फिल्म की कहानी से निकलता है और इस बार फिल्मी पुलिस पर फिल्मी पैंतरा भारी पड़ता है।

**पल पल बढ़ते रोमांच का आनंद**

हिंसा और रोमांस पर बनी अधपकी कहानियों से बोर हो चुके हिंदी सिनेमा के दर्शक भी विश्व सिनेमा के दूसरे दर्शकों की तरह अपनी रगों में खून की रफ्तार तेज कर देने वाली फिल्में देखना चाहते हैं। थ्रिलर दुनियाभर में बीते एक दशक में सबसे कामयाब फिल्म श्रेणी रही है। दर्शकों की इस पसंद पर फिल्म 'दृश्यम 2' खरी उतरती है। फिल्म की आत्मा इसकी कहानी में बसती है और बिना इसमें कुछ ज्यादा छेड़छाड़ किए अभिषेक और आमिल ने इसका हिंदी रूपांतरण बढ़िया बना लिया है। दोनों 'हिट द फर्स्ट केस' के हिंदी रीमेक के क्लाइमेक्स में की गई बेवकूफी जैसी कोई हरकत करने से दूर रहे हैं और फिल्म हालांकि मूल फिल्म की फ्रेम टू फ्रेम कॉपी जैसी ही है लेकिन क्लाइमेक्स का गठन और प्रस्तुतिकरण अभिषेक ने बदल लिया है। फिल्म के किरदार अपने रंग बदलते रहते हैं और इन बदलते रंगों से ही फिल्म 'दृश्यम 2' का इंद्रधनुष बनता है।

**अजय देवगन ही अव्वल नंबर**

कलाकारों में ये फिल्म पूरी की पूरी अजय देवगन की है। फिल्म 'दृश्यम 2' में वह मोहनलाल जैसा ही रूप भी धारण किए हैं। हालांकि मामला चूंकि अजय देवगन का है तो उनका सिनेमाघर भी सिंगल थिएटर न होकर मल्टीप्लेक्स है। कहने का मतलब ये कि विजय सालगांवकर का आभामंडल




जॉर्जकुट्टी से ज्यादा रईस है। सिर्फ आंखों से अभिनय करना है तो फिलहाल अजय देवगन के मुकाबले का दूसरा किरदार हिंदी सिनेमा में तो दूर दूर तक नहीं दिखता और फिल्म 'दृश्यम 2' के इस किरदार को निभाने की असल जरूरत भी यही थी। श्रिया सरन सामान्य दृश्यों में भी अपने कंठ स्वर का पूरा इस्तेमाल क्यों नहीं करतीं, वही जानें। हां, दो बच्चों की चुस्त तंदुरुस्त मां के किरदार के लिए वह बिल्कुल फिट हैं। इशिता दत्ता और मृणाल जाधव दोनों अब काफी बड़ी हो चुकी हैं। फिर भी सीक्वल की कहानी के हिसाब से दोनों अपनी अपनी जगह फिट हैं।

**अक्षय खन्ना ने दिया मजबूत सहारा**

फिल्म 'दृश्यम 2' में तब्बू और रजत कपूर का काम सीमित ही है। इस बार अजय देवगन के मुकाबले कैमरे के सामने उतरे हैं अक्षय खन्ना। अभिषेक पाठक ने अक्षय खन्ना को इस किरदार के लिए लेकर बिल्कुल सही फैसला भी किया है। परदे पर उनकी एंट्री के लिए जूनियर पुलिस कर्मियों के आपसी संवादों का उपयोग उनके किरदार को लेकर दर्शकों के मन में रुचि जगाता है। अक्षय ने अपने चेहरे के भावों के जरिये इस किरदार को जिया भी बहुत बढ़िया है। कमलेश सावंत ने एक बार फिर फिल्म के क्लाइमेक्स को रफ्तार दी है। उनका मराठी लहजा फिल्म की कहानी को दम देता है। सौरभ शुक्ला फिल्म में पटकथा लेखक बने हैं और अपने किरदार के जरिये फिल्म मे जरूरी रोमांच बनाने में अच्छी मदद करते हैं। तारीफ के लायक काम नेहा जोशी ने भी किया है।

**साथ हम रहें...**

तकनीकी रूप से भी फिल्म 'दृश्यम 2' हाल फिलहाल की हिंदी फिल्मों से बेहतर फिल्म बन पड़ी है। एक अच्छी टीम चुनने का फायदा निर्देशक अभिषेक पाठक को उनकी पहली हिट फिल्म के रूप में मिलता दिख रहा है। सुधीर चौधरी ने गोवा को बिल्कुल अलग नजरिये से कैमरे से देखा है। क्लाइमेक्स के कुछ दृश्यों में दिखी गोवा की खूबसूरती बेमिसाल है। संदीप फ्रांसिस ने मूल फिल्म से इसकी हिंदी रीमेक की अवधि 13 मिनट कम रखने का कमाल किया है। फिल्म 'दृश्यम 2' संगीतकार देवी श्री प्रसाद (डीएसपी) की पहली ऐसी हिंदी फिल्म है जिसके सारे गाने और बैकग्राउंड म्यूजिक उन्होंने दिया है। जुबिन नौटियाल का गाया 'साथ हम रहें' पहले ही हिट हो चुका है लेकिन फिल्म 'दृश्यम 2' का असल गाना वह रैप सॉन्ग है जो एंड क्रेडिट्स में बजता है। फिल्म ऐसी है जिसका असली आनंद परिवार के साथ भी लिया जा सकता है।

# अपनी परवरिश पर प्रतीक बब्बर को है नाज, बोले- आज जो भी हूं नाना-नानी की बदौलत हूं



**एक्टर प्रतीक** बब्बर इन दिनों अपनी फिल्म 'इंडिया लॉकडाउन' को लेकर चर्चा में हैं। प्रतीक की यह फिल्म कोविड 19 महामारी के कारण लगे लॉकडाउन पर आधारित है। इसमें वह प्रवासी मजदूर के रोल में नजर आएंगे। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर लॉन्च हुआ है, जिसे काफी पसंद किया जा रहा है। ट्रेलर में उन लोगों का दर्द बखूबी दिखाया गया है, जिनके ऊपर लॉकडाउन आफत बनकर टूटा। प्रतीक बब्बर का कहना है कि वह भावनात्मक दर्द से बखूबी वाकिफ हैं, लेकिन वह अन्य लोगों से अलग नहीं हैं।

**स्मिता पाटिल को लेकर की बात**

हाल ही में एक बातचीत के दौरान प्रतीक ने अपनी दिवंगत मां और अपने दौर की दिग्गज एक्ट्रेस स्मिता पाटिल को लेकर भी बातचीत की। बता दें कि प्रतीक बब्बर के जन्म के महज दो सप्ताह बाद ही स्मिता पाटिल यह दुनिया छोड़ गईं। चाइल्डबर्थ कॉम्पलिकेशंस के चलते स्मिता की मौत हुई। एक्ट्रेस 31 वर्ष की कम उम्र में ही दुनिया को अलविदा कह गईं। हालिया बातचीत में प्रतीक बब्बर ने कहा कि उन्हें दुख-दर्द से निपटना खूब अच्छे से आता है, क्योंकि कम उम्र से ही उन्हें इसका अहसास है।

**बोले- 'बहुत इमोशनल हूं'**

प्रतीक बब्बर का कहना है कि वह दर्द की भावना से अच्छी तरह परिचित हैं। लेकिन, यह भावना उन्हें अपने आसपास के लोगों से अलग नहीं करती है। प्रतीक बब्बर खुद को एक इमोशनल व्यक्ति मानते हैं। प्रतीक का कहना है, 'दुख की वजह से मैं स्तब्ध नहीं हूं। मैं इससे निपटना बखूबी जानता हूं, क्योंकि कम उम्र से ही इसका सामना किया है। मैं अपने आसपास के लोगों के साथ बहुत अच्छा व्यवहार करता हूं।'

**नाना-नानी को कहा शुक्रिया**

एक्टर का कहना है कि आज वह जो कुछ भी हैं अपने नाना-नानी की वजह से हैं। प्रतीक ने कहा, 'मेरे नाना-नानी ने मेरी बहुत अच्छी परवरिश की है। मैं शुक्रगुजार हूं कि मेरे ग्रैंडपेरेंट्स ने मुझे पाला-पोसा है। उन्होंने बेहद प्यार और देखभाल के साथ मेरी परवरिश की है।'

आपको बता दें कि स्मिता पाटिल की मृत्यु के बाद प्रतीक का पालन-पोषण स्मिता के माता-पिता ने किया। प्रतीक बब्बर, स्मिता पाटिल और राज बब्बर के बेटे हैं। बात करें फिल्म 'इंडिया लॉकडाउन' की तो इस फिल्म का निर्देशन मधुर भंडारकर ने किया है। यह फिल्म 2 दिसंबर 2022 को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज हो रही है।

# भूल भुलैया 2 और हेरा फेरी 3 के बाद हाउसफुल सीरीज में अक्षय को रिप्लेस करेंगे कार्तिक

**हाल ही में ये** खबर आई थी कि कार्तिक आर्यन ने अक्षय कुमार को हेरा फेरी 3 से रिप्लेस कर दिया है। अब इस मामले में फिल्म क्रिटिक केआरके ने अपना रिएक्शन दिया है। केआरके का कहना है भूल भुलैया और हेरा फेरी के बाद कार्तिक अब हाउसफुल सीरीज से भी अक्षय को रिप्लेस करने जा रहे हैं। अब अगर केआरके की ये बात सच साबित होती है तो अक्षय के फैंस के लिए ये बड़ा झटका होगा।

**भूल भुलैया 2 के हिट होते अक्षय का हुआ नुकसान**

केआरके ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा- भूल भुलैया 2 के हिट होते ही अक्षय कुमार का बड़ा भारी नुकसान हो गया है। अक्षय की जितनी भी हिट फिल्में थी उसके लिए मेकर्स के पास एक नया हीरो तैयार हो गया है और वो हीरो है कार्तिक आर्यन। अब सभी



मेकर्स कार्तिक को अक्षय की हिट फिल्मों के सीक्वल के लिए साइन करने के लिए खडे. हैं। ये बात सबको पता है कि हेरा फेरी और हाउसफुल कितनी बड़ी फ्रेंचाइजी है।

**अक्षय ने हेराफेरी के 126 करोड़ मांगा था - केआरके**

केआरके ने अपने वीडियो में आगे कहा- अक्षय कुमार ने हेराफेरी 3 के लिए 126 करोड़ मांगे जबकि फिल्म के मेकर फिरोज नाडियाडवाला ने उन्हें 65 करोड़ ऑफर किया। अक्षय ने इस कीमत पर फिल्म करने से इंकार कर दिया। उसके बाद फिरोज भाई ने कार्तिक को 41 करोड़ में साइन कर लिया यानी कि 85 करोड़ तो फिल्म बनने से पहले ही बच गए और कार्तिक की फिल्म का जितना थिएटर बिजनेस होगा वो अक्षय कुमार की फिल्म से कम तो बिल्कुल नहीं होगा।

**हाउसफुल सीरीज से भी जल्द रिप्लेस होंगे अक्षय**

कार्तिक आर्यन के हेरा फेरी करने की खबर जब वायरल हुई थी तो केआरके ने तुरंत इस पर रिएक्ट किया था। केआरके ने अपने सोशल मीडिया अकांउट पर लिखा था- कार्तिक ने अक्की की जगह पर भुल भलैया 2 किया। कार्तिक ने अब अक्षय को रिप्लेस करते हुए हेराफेरी 3 को भी साइन कर लिया है। कुछ ही दिनों में ये खबर ऑफिशियल होगी कि कार्तिक ने हाउसफुल सीरीज की अगली फिल्म से अक्षय को रिप्लेस कर दिया है, इसका मतलब ये है कि कार्तिक ने अक्की को तीन फिल्मों से रिप्लेस कर दिया है, लेकिन क्यों, आखिर इसके पीछे वजह क्या है।

# फ्लॉप फिल्में देने के बाद बॉक्स ऑफिस गणित पर बोले आयुष्मान

**आयुष्मान** खुराना बॉलीवुड में लीक से हटकर फिल्में करने के लिए फेमस हैं। उन्होंने अपने फिल्मों के चयन और एक्टिंग के दम पर अभिनय जगत में एक अलग पहचान बनाई है। लेकिन यह साल आयुष्मान के लिए कुछ ज्यादा अच्छा नहीं रहा। इस वर्ष उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अच्छा बिजनेस नहीं कर पाईं। 'डॉक्टर जी' और 'अनेक', दोनों ही फिल्मों को बॉक्स ऑफिस पर असफलता का सामना करना पड़ा। वहीं अब बॉक्स ऑफिस पर लगातार फ्लॉप हो रही फिल्मों पर एक्टर ने बड़ा बयान दिया है।

आयुष्मान ने कहा, 'मैं हिट और फ्लॉप की चिंता किए बिना प्रोजेक्ट पर काम करना पसंद करता हूं'। अभिनेता ने आगे कहा कि 'भारत होमोफोबिक देश है'। अपने करियर के शुरुआती दौर में की गई फिल्मों



के बारे में बात करते हुए आयुष्मान ने कहा कि 'मैंने अपने करियर की शुरुआत ऐसी फिल्मों से की, जिन पर काम करना अधिकतर एक्टर पसंद नहीं करते। ये फिल्में लीग से थोड़ा हटकर थीं। लेकिन ये फिल्में अच्छा बिजनेस नहीं कर सकीं। क्योंकि हमारा देश होमोफोबिक देश है, यह दुर्भाग्य की बात है।'

आयुष्मान ने इस मुद्दे पर बोलते हुए कहा, 'एक एक्टर के तौर पर मुझे रिस्क लेना पड़ता है, बिना रिस्क लिए मैं अपने करियर में ज्यादा बेहतर काम नहीं कर पाऊंगा। अगर मैं रिस्क लेना छोड़ देता हूं तो एक जगह स्थिर हो जाऊंगा।' आयुष्मान ने कहा कि उन्हें एक्टर के तौर पर हमेशा अपनी सीमाओं को बढ़ाना होता है। इसलिए नए कटेंट देखकर फिल्में तय करते हैं।


उन्होंने कहा कि उनकी फिल्में अधिकतर कम बजट की होती हैं। इसलिए अगर बॉक्स ऑफिस पर कोई फिल्म नहीं चलती है तो उससे ज्यादा नुकसान नहीं होता है'।

वर्कफ्रंट की बात करें तो आयुष्मान जल्द ही 'एन एक्शन हीरो' नामक फिल्म में नजर आने वाले हैं। फिल्म को लेकर दर्शक बेहद उत्साहित हैं। अब देखना यह होगा कि आयुष्मान की अन्य फिल्मों की ही तरह यह भी बॉक्स ऑफिस पर फेल होगी या धमाल मचाएगी।

# 100 करोड़ के घर में शिफ्ट होंगे ऋतिक और सबा

ऋतिक रोशन अपनी गर्लफ्रेंड सबा आजाद के साथ एक स्टेप आने बढ़ने की तैयारी कर रहे हैं। दोनों जल्द ही अब एक साथ एक ही घर में शिफ्ट होने की प्लानिंग कर रहे हैं। खबरों की माने तो दोनों मुंबई के लग्जरी अपार्टमेंट में साथ रहेंगे। इस अपार्टमेंट की कीमत तकरीबन 100 करोड़ बताई जा रही है। फिलहाल अपार्टमेंट के रिनोवेशन का काम चल रहा है ताकि ऋतिक और सबा जल्द ही वहां शिफ्ट हो सकें।

ऋतिक रोशन को उनकी पत्नी सुजैन से अलग होने के बाद से ही सबा के साथ अक्सर देखा जाता है। दोनों कई बार पब्लिक प्लेस में एक दूसरे को कॉमप्लिमेंट देते हुए देखे गए हैं। अब हालिया रिपोर्ट्स की मानें तो दोनों जल्द ही एक साथ एक ही छत के नीचे शिफ्ट होने वाले हैं। जानकारी



के अनुसार ऋतिक ने जुहू-वर्सोवा लिंक रोड के पास दो अपार्टमेंट खरीदा है। इन दोनों लग्जरी अपार्टमेंट की कीमत 97.50 करोड़ है। सबा और ऋतिक का इस नए घर से अरबियन सागर का शानदार व्यू देखने को मिलेगा। कहा जा रहा है घर का एरिया करीब 38 हजार वर्ग फुट में फैला हुआ है। इस अपार्टमेंट की 15वीं और 16वीं मंजिल पर ऋतिक ने दो डुप्लेक्स खरीदा है। रिपोर्ट्स के अनुसार इसमें से एक का दाम 67.50 करोड़ है जबकि दूसरे का 30 करोड़ है। फिलहाल दोनों डुप्लेक्स के रिनोवेशन का काम चल रहा है। पूरी तरह तैयार होने के बाद इस नए घर में सबा और ऋतिक की ऑफिशियल एंट्री होगी।ऋतिक काफी समय से सबा आजाद को डेट कर रहे हैं। हाल ही में सबा ऋतिक के घर दिवाली पार्टी में भी नजर आईं थीं। ऋतिक ने इससे पहले इंटीरियर डिजाइनर सुजैन खान से 2000 में शादी की थी। 2014 में दोनों अलग हो गए। ऋतिक और सुजैन के दो बच्चे भी हैं। ऋतिक से अलग होने के बाद सुजैन भी अर्सलान गोनी को डेट कर रही हैं। ऋतिक रोशन की लेटेस्ट रिलीज फिल्म विक्रम वेधा थी। फिल्म में उनके साथ सैफ अली खान और राधिका आप्टे भी मुख्य भूमिका में थे। फिल्म 30 सितंबर को रिलीज हुई थी। ऋतिक फिलहाल सिद्धार्थ आनंद की फिल्म फाइटर की शूटिंग कर रहे हैं। इस फिल्म में ऋतिक के साथ दीपिका पादुकोण नजर आएंगी।

# लाइगर के डायरेक्टर और प्रोड्यूसर पर ईडी की मार फिल्म में विदेशी फंडिंग इस्तेमाल होने का शक

लाइगर फिल्म के डायरेक्टर पुरी जगन्नाध और प्रोड्यूसर चार्मी कौर को हाल ही में ईडी ने पूछताछ के लिए अपने ऑफिस बुलाया। ईडी ने दोनों को उनकी आखिरी रिलीज फिल्म लाइगर की फंडिग को लेकर पूछताछ की। रिपोर्ट्स के अनुसार ईडी को शक है कि लाइगर फिल्म में विदेशी फंडिग हुई है। इसी सिलसिले में फिल्म के डायरेक्टर और प्रोड्यूसर को फिल्म के फाइनेंस की जानकारी देने के लिए बुलाया गया।

रिपोर्ट्स की मानें तो लाइगर फिल्म को बनाने में लगा पैसा विदेश से मंगाया गया था। ये 1999 के फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट का सीधा उल्लंघन है। अब फिल्म की फंडिग किसने की है इसी की जांच के लिए फिल्म के डायरेक्टर पुरी जगन्नाध



और प्रोड्यूसर चार्मी कौर को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। खबर की मानें तो ईडी के अधिकारियों ने दोनों से करीब 12 घंटे तक पूछताछ की है।

**पॉलिटिशिन्स का लगा हो सकता है पैसा**

ईडी के अधिकारी उस कंपनी या व्यक्तियों का नाम जानना चाहते हैं, जिन्होंने फिल्म पर पैसा लगाया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ईडी के अधिकारी इस बात से पूरी तरह आश्वस्त हैं कि फिल्म की फंडिग किसी फॉरेन कंट्री से हुई है। अधिकारियों को इस बात पर भी संदेह है कि शायद कुछ पॉलिटिशिन्स ने अपना ब्लैक मनी छिपाने के लिए इस फिल्म में पैसा लगाया है।

लाइगर ने ऑडियंस को काफी निराश किया था। 25 अगस्त 2022 को थिएटर्स में रिलीज इस फिल्म ने महज 66 करोड़ की कमाई की थी जबकि इसका बजट 100 करोड़ के आस-पास था। ये एक पैन इंडिया फिल्म थी जिसमें विजय देवरकोंडा और अन्नया पांडे मुख्य भूमिका में थे। फिल्म को पुरी जगन्नाथ ने डायरेक्ट किया था।

# अगली फिल्म के लिए ट्रांसफॉर्मेशन करेंगे कार्तिक आर्यन

**बॉलीवुड एक्टर** कार्तिक आर्यन अपने लवर बॉय और रोमांटिक रोल्स के लिए जाने जाते हैं। लेकिन हाल ही में खबरें आ रही हैं कि जल्द ही एक्टर अपने जॉनर से हटकर कुछ अलग लेकर आने वाले हैं। कार्तिक अपनी अपकमिंग फिल्म में बॉक्सर के रोल में नजर आएंगे हैं, जिसके लिए उन्हें हैवी ट्रांसफॉर्मेशन से गुजरना पड़ रहा है।

**कबीर खान की फिल्म में दिखेंगे कार्तिक**

पिंकविला की लेटेस्ट रिपोर्ट्स की मानें तो कार्तिक की अगली फिल्म का डायरेक्शन कबीर खान करने वाले हैं, जिसे साजिद नाडियाडवाला ने प्रोड्यूस किया है। इस रोल के लिए कार्तिक अपनी बॉडी को पूरी तरह से ट्रांसफॉर्म करने जा रहे हैं। रोल में ढलने के लिए कार्तिक जिम में घंटो मेहनत कर रहे हैं। साथ रोल की जरूरत के हिसाब से डाइट भी




ले रहे हैं। ट्रांसफॉर्मेशन का यह प्रोसेस काफी चैलेंजिंग है, जिसके लिए उन्हें जमकर एक्सरसाइज करनी पड़ रही है।

**फेमस जिम ट्रेनर राहुल भट्ट देंगे कार्तिक को ट्रेनिंग**

मीडिया सोर्सेस की मानें तो ट्रांसफॉर्मेशन के लिए कार्तिक फेमस जिम ट्रेनर राहुल भट्ट से ट्रेनिंग ले रहे हैं। राहुल इससे पहले आमिर खान को दंगल के लिए ट्रेन कर चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो कार्तिक की फिजिकल ट्रेनिंग राजकोट में शुरू हो चुकी है। वहीं कार्तिक अपनी अपकमिंग फिल्म सत्यप्रेम की कथा की शूटिंग में आजकल बिजी हैं।

**कार्तिक की आने वाली फिल्में**

कार्तिक की फिल्म फ्रेडी 2 दिसंबर को OTT रिलीज के लिए तैयार है। इस फिल्म में कार्तिक पहली बार डार्क कैरेक्टर निभाते हुए नजर आएंगे। इसके अलावा एक्टर जल्द ही सत्यप्रेम की कथा में कियारा आडवाणी के साथ दिखाई देंगे। हाल ही ये खबर बेहद सुर्खियों में थी कि कार्तिक ने अक्षय कुमार को हेरा फेरी 3 में रिप्लेस कर दिया है। हालांकि फिल्म के को एक्टर सुनील शेट्टी ने बताया कि कार्तिक राजू के रोल में नहीं दिखेंगे। फिल्म में उनका किरदार डिफरेंट है। कार्तिक के पास आशिकी 3 भी है, जो कि 2023 में रिलीज होगी।



# लौह अयस्क व स्टील के निर्यात पर अब ड्यूटी नहीं, सरकार ने लिया फैसला?

नई दिल्ली, 19 नवंबर (एजेंसियां)। सरकार ने शुक्रवार को लौह अयस्क और कई स्टील उत्पादों पर निर्यात शुल्क हटाने का फैसला किया। लौह अयस्क और स्टील वे सेक्टर हैं जहां निर्यात में कमी दर्ज की गई है। अक्तूबर महीने में कुल निर्यात में 16% से अधिक की कमी आई है। यह लगभग 20 महीनों में आई पहली गिरावट है। सरकार ने शुक्रवार को आयरन ओर लंप्स और फाइन एंड पेलेट्स पर एक्सपोर्ट ड्यूटी खत्म करने का फैसला किया। कुछ शीर्षकों के तहत



वर्गीकृत पिग आयरन और स्टील उत्पादों के निर्यात पर भी शून्य निर्यात शुल्क लगाने का फैसला लिया गया है। वहीं, एन्थ्रेसाइट/पीसीआई, कोकिंग कोल और फेरोनिकेल पर अब 2.5% का आयात शुल्क लगेगा, जबकि कोक और सेमी कोक पर 5% आयात शुल्क लगेगा। बढ़ती महंगाई के बीच सरकार ने गर्मियों में गेहूं और स्टील के निर्यात पर अंकुश लगाया था। फिर कुछ प्रकार के चावलों के निर्यात पर रोक लगाई थी। इस महीने की शुरुआत में मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था कि स्टील और चावल पर लागू निर्यात प्रतिबंधों की सरकार समीक्षा कर सकती है।

# वर्ष 2050 तक भारत दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी : गौतम अदाणी

नई दिल्ली, 19 नवंबर (एजेंसियां)। एशिया के सबसे धनी व्यक्ति गौतम अदाणी ने शनिवार को कहा है कि भारत को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने में 58 साल लगे थे। पर अब हर 12 से 18 महीने में जीडीपी में इतने की बराबर का योगदान बढ़ेगा। उन्होंने कहा है कि भारत 2050 तक दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी। 21 वें वर्ल्ड कांग्रेस ऑफ अकाउंटेंट्स के दौरान बोलते हुए उन्होंने कहा कि एक के बाद एक आए वैश्विक संकटों ने दुनिया में कई धारणाओं को चुनौती दी है। इनमें चीन को पश्चिमी लोकतांत्रिक मूल्यों को अपनाना चाहिए, धर्मनिरपेक्षता का सिद्धांत सार्वभौमिक हैं, यूरोपीय संघ एक साथ रहेगा और रूस को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भूमिका सीमित करने के लिए दबाब बनाया जाएगा जैसी धारणाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस बहुस्तरीय संकट ने महाशक्तियों की एकध्रुवीय या द्विध्रुववीय दुनिया के मिथक को भी तोड़



दिया है। दुनिया के महाशक्तियों के लिए अब किसी मामले में दखल देना और उसका अपने हिसाब से समाधान निकाल लेना जैसी बातें अब कठिन हो गईं हैं। अदाणी ने कहा, 'इस उभरती हुई बहुध्रुवीय दुनिया में महाशक्तियों को ऐसा होने की आवश्यकता जो एक संकट के समय में कदम बढ़ाकर दूसरों की मदद करने की जिम्मेदारी लें। ऐसे समय में वे राष्ट्र महाशक्ति होंगे जो अन्य राष्ट्रों को अधीनता के लिए ना धमकाएं और मानवता का अपने सबसे प्रमुख संचालन सिद्धांत के रूप में पालन करें।' अदाणी ने कहा कि एक महाशक्ति को एक फलता-फूलता लोकतंत्र तो होना ही चाहिए, साथ ही उसे यह भी मानना चाहिए कि लोकतंत्र की कोई एक समान शैली नहीं है। उन्होंने कहा कि पूंजीवाद का वह रूप जो विकास के लिए विकास को आगे बढ़ाता है और समाज के तानेबाने की अनदेखी करता है, अब तक के सबसे बड़े प्रतिरोध का सामना कर रहा है। 60 वर्षीय अदाणी ने कहा कि भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था की नींव प्रासंगिक हो सकती है और देश में बहुमत वाली सरकार ने राजनीतिक और प्रशासनिक व्यवस्था में कई संरचनात्मक सुधार करने की क्षमता विकसित की है। उन्होंने कहा कि देश की जीडीपी में पहला ट्रिलियन डॉलर का लक्ष्य हासिल करने में हमें 58 वर्ष लग गए पर आने वाले 12 वर्षों में ही हम इसमें दूसरा ट्रिलियन जोड़ देंगे। अदाणी ने कहा कि उसके अगले पांच वर्षों में ही हम अपनी जीडीपी में तीसरा ट्रिलियन डॉलर भी जोड़ पाने में सक्षम होंगे। अदाणी ने कहा कि जिस गति से सरकार सामाजिक और आर्थिक सुधारों का क्रियान्वयन कर रही है, मुझे उम्मीद है कि अगले एक दशक के भीतर भारत हर 12 से 18 महीने में भारत अपने सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में एक ट्रिलियन डॉलर का योगदान जोड़ने में सक्षम होगा। इससे हमारी अर्थव्यवस्था पटरी पर आ जाएगी। ऐसे में, हम वर्ष 2050 तक 30 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनने में सक्षम होंगे। अदाणी ने कहा कि 2050 में भारत की औसत आयु केवल 38 वर्ष होगी। जबकि 1.6 बिलियन की आबादी की प्रति व्यक्ति सालाना औसत आय 16,000 अमरीकी डॉलर हो सकती है, जो कि वर्तमान की प्रति व्यक्ति आय से करीब 700 प्रतिशत अधिक होगी। भारत में बढ़ते वैश्विक विश्वास के कारण एफडीआई का आंकड़ा भी एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा।

## दैनिक पंचांग

### ग्रह गोचर




| ग्रह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|---|
| सूर्य- | वृश्चिक | में | वृश्चिक. 06-14 | बजे |
| चंद्र- | कन्या | में | धनु--- 08-25 | बजे |
| मंगल | वृष | में | मकर- 10-30 | बजे |
| बुध- | वृश्चिक | में | कुंभ - 12-21 | बजे |
| गुरु- | मीन | में | मीन... 13-59 | बजे |
| शुक्र- | वृश्चिक | में | मेष-- 15-35 | बजे |
| शनि- | मकर | में | वृष-- 17-20 | बजे |
| राहु- | मेष | में | मिथुन.. 19-21 | बजे |
| केतु- | तुला | में | कर्क... 21-32 | बजे |
| | | | सिंह... 23-45 | बजे |
| | | | कन्या.. 01-55 | बजे |
| | | | तुला 04-01 | बजे |

विक्रम श्री नल नाम संवत्- **2079**
शक संवत् **-1944,** कलियुग अवधि-**432000**
भोग्य कलि वर्ष-**426878**
कलियुग संवत् **-5123** वर्ष सूर्य-दक्षिणायने
कल्पारंभ संवत् **-1972949123**
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-**1955885123**
महावीर निर्वाण संवत् **-2549,**हिजरी सन् **-1443**
ऋतु-हेमन्त दिशाशूल- पश्चिम -पान खाकर घर से निकले
तिथि- एकादशी - **10 -41** तक उपरान्त द्वादशी
मास - मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष , रविवार **Nov 20**
नक्षत्र -हस्त - **00 - 35** - तक उपरान्त चित्रा
योग - प्रीति - **23 - 02** - तक उप- आयुष्मान
करण- बालव **-10 - 41** - तक उप- कौलव
विशेष:-
व्रत -त्योहार - उत्पति एकादशी व्रत सर्वे

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 16:14 से 17:38 तक**

### श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र Hyd,Sec

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उत्पात | 06:25 - 07:49 | अशुभ | शुभ. | 17:38 - 19:14 | शुभ |
| चंचल | 07:49 - 09:13 | शुभ | अमृत. | 19:14 - 20:50 | शुभ |
| लाभ | 09:13 - 10:37 | शुभ | चंचल | 20:50 - 22:26 | शुभ |
| अमृत. | 10:37 - 12:02 | शुभ | रोग | 22:26 - 00:02 | अशुभ |
| काल. | 12:02 - 13:26 | अशुभ | काल | 00:02 - 01:38 | अशुभ |
| शुभ. | 13:26 - 14:50 | शुभ | लाभ | 01:38 - 03:14 | शुभ |
| रोग | 14:50 - 16:14 | अशुभ | उत्पात | 03:14 - 28:49 | अशुभ |
| उत्पात | 16:14 - 17:35 | अशुभ | शुभ | 04:49 - 30:27 | शुभ |

# 1200 कर्मियों के इस्तीफे के एक दिन बाद मस्क ने उठाया बड़ा कदम, इंजीनियरों को भेजा एसओएस संदेश

नई दिल्ली, 19 नवंबर (एजेंसियां)। ट्विटर के सैकड़ों कर्मचारियों के इस्तीफा देने के एक दिन बाद कंपनी के नए मालिक एलन मस्क ने कर्मचारियों को एक एसओएस संदेश भेजा है। संदेश में मस्क ने लिखा, 'कोई भी जो सॉफ्टवेयर लिखता है, कृपया आज दोपहर 2 बजे 10वीं मंजिल पर रिपोर्ट करें। मस्क ने एक ईमेल में सॉफ्टवेयर इंजीनियरों को सैन फ्रांसिस्को जाने और व्यक्तिगत रूप से ट्विटर कार्यालय में आने के लिए कहा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार मस्क ने कहा कि केवल वे लोग जो शारीरिक रूप से नहीं पहुंच सकते हैं या पारिवारिक आपात स्थिति में हैं, उन्हें मौजूद रहने से छूट दी जाएगी। ट्विटर के इंजीनियरों से कहा गया था कि पिछले छह



महीनों में उनके कोडिंग कार्य ने जो हासिल किया है, उसका एक बुलेट-पॉइंट सारांश मस्क को भेजें इसके साथ ही कोड की सबसे प्रमुख लाइनों के 10 स्क्रीनशॉट भी भेजें। मस्क की ओर से भेजे गए एक ईमेल में कहा गया कि बैठकें छोटी होंगी और इसका आयोजन मस्क को ट्विटर टेक स्टैक को समझनेः में मदद करने के लिए किया जा रहा है।

कर्मचारियों के छोड़ने के बाद ट्विटर को अपने कार्यालय को बंद करने के लिए मजबूर होने के घंटों बाद कर्मियों को यह मेल भेजा गया। बता दें कि पूर्व में मस्क ने कर्मचारियों से लंबे समय तक काम करने या अपनी नौकरी खोने के बीच चयन करने के लिए कहा था। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, कम से कम 1,200 कर्मचारियों ने कल इस्तीफा दे दिया, जिससे कर्मियों के बीच भ्रम की स्थिति पैदा हो गई कि किन-किन लोगों के पास कंपनी की संपत्तियों तक अब भी पहुंच है।

## आपका राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
आज आप खुद को उलझन में फंसा हुआ महसूस करेंगे। अपना भला चाहने वाले लोगों से उन चीजों के बारे में भी खुलकर बात करें,जो आपको परेशान कर रही हैं। अनिश्चितत्ता के बादल एक सप्ताह में छंट जायेंगे।किसी परिजन या अन्तरंग दोस्त का साथ मिलेगा। बोलते हुए सावधान रहें।

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
घर पर पवित्रता का वातावरण बना रहेगा और चिंताएं नही रहेंगी। इसीलिए अपने परिवार के साथ रहें और खुशियाँ बाँटें।आपको जीवन में निराशा से दो दो हाथ करने का नया तरीका निकलना होगा ,जो आपके भीतर कई कारणों से भरी हुई है। आपकी भीतरी शक्ति समाधान तलाशने में मदद करेगी।

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
अपने सब विचारों को एक साथ रखकर सोचें,इससे जो निष्कर्ष निकलेगा ,उससे आपको स्थितियों से निपटने में काफी मदद मिलेगी। अपने आप को उन चीजों में ना फंसने दें जिनमे आप विश्वास नही रखते। इन्हें छोडकर आगे बढ़ जाएँ।इधर –उधर की हांकना आपकी आदत नही है।

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
एक नई उर्जा का प्रवेश होगा।आपको अचानक यह लगने लगेगा कि जीवन में परिवार तथा करियर में संतुलन बनाना काफी आसान हो गया है। आपकी सारी हिचकिचाहट दूर हो जाएगी और आपके सब कामो में नया आत्मविश्वास दिखाई देगा।आप घर या कार्यस्थल पर किसी करीबी की असमंजस की भावना को भी आज दूर कर पायेंगे।

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
दिन शांत रहेगा।पिछले सप्ताह के व्यस्त कार्यक्रम से थोड़ी राहत मिलेगी,जो अच्छी लगेगी।आपके वरिष्ठ अधिकारी आप पर नजर रखे हुए हैं ,इसीलिए अधिक मेहनत करें। कुछ अनापेक्षित निजी मुद्दे आपके सामने आ सकते हैं ,उनसे आपको आश्चर्य तो जरुर होगा,लेकिन आप संतोषजनक तरीके से उन्हें सँभालने में कामयाब होंगे।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आप आज ऊर्जा से भरे हैं,आपके आकर्षण और कुशलता से आज घर-ऑफिस में सब प्रभावित होंगे। अपने दोस्तों या किसी ख़ास के साथ बाहर घुमने जाकर मजे करें। दिन शांत और तनावरहित रहेगा। आज अच्छा वित्तीय लाभ होने की सम्भावना तो बनी हुई है,लेकिन अपने खरीदारी के खर्चो पर भी नजर रखें।

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
अलग अलग भूमिकाएं निभाने और कल्पनाओं में आपको बहुत मजा आता है। आप अपने लिए हर कहीं रोमांस ढूँढ लेते हैं। आपकी सपनों की एक दुनिया है जिसे आपको सच करने का मौका मिल सकता है। आप आज अपनी भावनाओं के वश में होकर संबंधों या करियर में कुछ असंभव सा हासिल करना चाहेंगे।

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
आपके मिलनसार स्वभाव के कारण आपके बहुत सारे दोस्त हैं लेकिन ये सभी विश्वसनीय नही हैं। आज किसी भी दोस्त पर विश्वास करने से पहले उसके बारे में अच्छी तरह से जान लें। आज आप बिलकुल स्पष्ट सोच रहे हैं और आप मुश्किल योजना बनायेंगे और उसे बहुत अच्छी तरह कार्यान्वित भी कर पायेंगे।

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
सामान्यत आप काफी स्पष्ट सोच रखते हैं ,लेकिन आज आप अपनी निजी समस्याओं और अपनी असुरक्षाओं से घिरे होने के कारण स्पष्ट नही सोच पायेंगे।इसलिए आज का दिन किसी नए काम को हाथ में लेने या नयी साझेदारी के लिए उपयुक्त नही है।आपके आज के फैसले गलत हो सकते हैं।

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
आप पिछले कुछ दिनों से कोई बड़ी योजना बना रहे हैं। वास्तव में आज आपको यह बात महसूस होगी कि आप क्या करने जा रहे हैं और इसका आप पर काफी प्रभाव पड़ेगा लेकिन अब आपके पास पीछे हटने का विकल्प मौजूद नही है। आपको इसी दिशा में विशवास से आगे बढना होगा।

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
अनजाने तथ्यों के साथ सहज महसूस नही करेंगे।इसलिए आप प्रयोग ना करते हुए जानी –पहचानी राहों पर ही आगे बढने की कोशिश करेंगे। आपके सामने नए अवसर आयेंगे ,लेकिन आप उनमे से भी उसी को चुनेंगे जिससे आप भली-भांति परिचित हैं। इस समय का उपयोग अपना पिछला बचा हुआ काम निपटाने के लिए करें।

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
आज आपका विशेष ध्यान दोस्तों पर रहेगा। किसी पुराने दोस्त से या तो आप मिलेंगे या उनमे से कोई आपसे मिलने आज अचानक चला आएगा। आज अपनी किसी एक या अधिक दोस्तों की परेशानी में मदद भी करने वाले हैं।दूसरी ओर,एक दोस्त आपके ऊपर अपना गुस्सा भी निकल सकता है।

पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654,8309517693

# यात्रा ऑनलाइन लेकर आ रही है अपना आईपीओ, सेबी से मिली मंजूरी

नई दिल्ली, 19 नवंबर (एजेंसियां)। यात्रा सेवाएं देने वाली कंपनी यात्रा ऑनलाइन लिमिटेड को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम लाने के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड की मंजूरी मिली है। यात्रा ऑनलाइन लिमिटेड की पितृ कंपनी यात्रा ऑनलाइन इंक ने यह जानकारी दी। मसौदा दस्तावेजों के अनुसार, निर्गम के तहत कंपनी 750 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी करेगी। इसके अलावा 93,28,358 इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश भी की जाएगी।

नैसडेक में सूचीबद्ध यात्रा ऑनलाइन इंक ने एक बयान में कहा कि यात्रा ऑनलाइन लिमिटेड को मार्च में जमा कराए आईपीओ दस्तावेजों के संबंध में 17 नवंबर को बाजार नियामक सेबी से मंजूरी मिली। कंपनी आईपीओ से जुटाई गई रकम का इस्तेमाल रणनीतिक निवेश, अधिग्रहण और कारोबार वृद्धि के लिए करेगी। शेयर बाजार में पैसे लगाने वाले लोगों को आने वाले समय में कमाई




करने के कई शानदार मौके मिलने वाले हैं। कुछ महीनों की सुस्ती के बाद आईपीओ मार्केट में तेजी लौटने लगी है। हाल ही में कुछ आईपीओ ने बाजार में शानदार परफॉर्म भी किया है। इसके बाद अगले 12 महीने के दौरान बाजार में कम-से-कम 70 कंपनियों के आईपीओ देखने को मिल सकते हैं। इन कंपनियों को आईपीओ लाने के लिए पहले ही बाजार नियामक सेबी की मंजूरी मिल चुकी है। इन सभी कंपनियों के आईपीओ का टोटल साइज 1 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा रहने वाला है।

# एयर इंडिया में मर्ज हो सकता है विस्तारा ब्रांड

## टाटा ग्रुप ने चार एयरलाइंस एक साथ मिलाने के संकेत दिए

मुंबई, 19 नवंबर (एजेंसियां)। टाटा ग्रुप एअर इंडिया के तहत अपने चार एयरलाइन ब्रांड को मर्ज करने और विस्तारा ब्रांड को खत्म करने पर विचार कर रहा है। ग्रुप यह कवायद लड़खड़ाते एविएशन एम्पायर को फिर से खड़ा करने के प्रयासों के तहत कर रहा है। घटनाक्रम से करीबी तौर पर जुड़े सूत्रों ने यह जानकारी दी।

विस्तारा एयरलाइंस, टाटा समूह और सिंगापुर एयरलाइंस का जॉइंट वेंचर है। कंपनी जॉइंट यूनिट में हिस्सेदारी के आकार का मूल्यांकन कर रही है। सिंगापुर एयरलाइंस ने एक बयान में कहा है कि एसआईए और टाटा ग्रुप के बीच बातचीत चल रही है। एसआईए और टाटा मौजूदा साझेदारी को गहरा करना चाहते हैं। इसके लिए विस्तारा और एयर इंडिया का एकीकरण भी किया जा सकता है। एअर इंडिया का नया मालिक टाटा ग्रुप इस कंपनी को दोबारा खड़ा करने की तैयारी कर रहा है। इस कड़ी में फुल सर्विस कैरियर 300 से अधिक नैरो-बॉडी जेट के लिए ऑर्डर देने पर विचार कर रही है। यह लेनदेन कमर्शियल एविएशन हिस्ट्री के अब तक के सबसे बड़े ऑर्डर में से एक होगा।

बोइंग और एयरबस पहले से इस ऑर्डर का बड़ा हिस्सा लेने के प्रयास में हैं। एअर इंडिया एक फंडिंग राउंड में कम से कम 100 करोड़ डॉलर (करीब 8,170 करोड़ रुपए) जुटाने के लिए बातचीत कर रही है। इस फंडिंग राउंड में एयरलाइन की वैल्यू 500 करोड़ डॉलर (करीब 40,850 करोड़ रुपए) आंकी जा सकती है। एयरलाइन की दिसंबर से 25 एयरबस एसई और लीज कंपनियों से पांच बोइंग विमान को जोड़ने की योजना है।

# हरियाणा को एक और मेट्रो का तोहफा:28.5 किमी लंबी होगी कनेक्टिविटी

## पूरा गुरुग्राम शहर होगा कवर, आईजीआई हवाई अड्डे तक भी जा सकेंगे

चंडीगढ़, 19 नवंबर (एजेंसियां)। हरियाणा को केंद्र सरकार ने एक और मेट्रो कॉरिडोर का तोहफा दिया है। सार्वजनिक निवेश बोर्ड ने गुरुग्राम में हुडा सिटी सेंटर से साइबर सिटी के बीच 28.5 किलोमीटर लंबी मेट्रो कनेक्टिविटी को मंजूरी दे दी है। इसे योजना के जरिए पूरे गुरुग्राम शहर को कवर किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट की सबसे खास बात यह होगी इससे लोग आईजीआई हवाई अड्डे तक भी जा सकेंगे। हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने बताया कि यह विशेष रूप से गुरुग्राम और इसके आसपास रहने वाले लोगों को कुशल और पर्यावरण के अनुकूल परिवहन व्यवस्था प्रदान करेगा। यह गुरुग्राम और आसपास के क्षेत्रों में छात्रों, महिलाओं, कामकाजी वर्ग और कार्यालय जाने वाले व्यक्तियों को विशेष मदद करेगा। निदेशक मंडल की 50वीं बैठक में हरियाणा मास रैपिड ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड के अभी तक के प्रदर्शन की समीक्षा के



दौरान मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि रेज़ांगला चौक से सेक्टर-21 द्वारका तक कनेक्टिविटी को सेमी मनोहर लाल खट्टर द्वारा पहले ही मंजूरी दे दी गई है। अब इस प्रोजेक्ट को अनुमोदन के लिए केंद्र सरकार को भेजा जा रहा है। एचएमआरटीसी गुरुग्राम में मेट्रो स्टेशन के नीचे चार्जिंग और पार्किंग की सुविधा भी दी जाएगी। इसके लिए कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इसके साथ ही लोगों की सुविधा के लिए और यात्रियों की संख्या बढ़ाने के लिए मेट्रो स्टेशनों से लास्ट माइल कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए पुरजोर प्रयास किए जा रहे हैं।

# एयरलाइन दोबारा कब शुरू होगी यह अब भी साफ नहीं

## 10% कर्मी बिना वेतन के छुट्टी पर भेजे गए

नई दिल्ली, 19 नवंबर (एजेंसियां)। विमानन कंपनी जेट एयरवेज के भविष्य को लेकर बने अनिश्चितता के माहौल के बीच जालान कालरॉक कंर्सोटियम ने शुक्रवार को कहा कि उसने दिवाला समाधान योजना की किसी भी शर्त का उल्लंघन नहीं किया है और नकदी के प्रवाह को व्यवस्थित करने के लिए निकट भविष्य में उसे कठिन फैसले लेने पड़ सकते हैं। कंर्सोटियम की समाधान योजना को राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने पिछले वर्ष जून में मंजूरी दी थी। एयरलाइन को भी नागर विमानन महानिदेशालय से इस साल मई में हवाई परिचालन का प्रमाणपत्र मिल गया, उसके बावजूद जेट एयरवेज का परिचालन अब तक शुरू नहीं हो पाया है। यह कब तक दोबारा शुरू हो पाएगा इस पर स्थिति अब भी साफ नहीं है। जालान कालरॉक कंर्सोटियम (जेकेसी) ने एक बयान में कहा, 'हम एनसीएलटी की प्रक्रिया के मुताबिक कंपनी की कमान अपने हाथों में आने का इंतजार कर रहे हैं लेकिन इसमें अतिरिक्त समय लग रहा




है इसके कारण हमें निकट भविष्य में कठिन लेकिन जरूरी निर्णय लेने होंगे जिससे कि नकदी के प्रवाह को व्यवस्थित और भविष्य को सुरक्षित किया जा सके। एयरलाइन अब तक हमारे अधिकार क्षेत्र में नहीं आई है।' जेकेसी ने कहा कि एयरलाइन को पुनः शुरू करने की दिशा में अहम प्रगति हो रही है। उसने आगे कहा, ''हमने समाधान योजना की किसी भी शर्त का उल्लंघन नहीं किया है और जेट एयरवेज को नए सिरे से शुरू करने की हमारी प्रतिबद्धता है।''इसमें आगे कहा गया, ''एनसीएलटी की मंजूरी के बाद, समाधान योजना में बताई गई सभी शर्तों को 20 मई 2022 तक पूरा कर लिया गया था और इस बाबत आवश्यक फाइलिंग भी 21 मई 2022 को एनसीएलटी के समक्ष कर दी गई।''राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने पिछले महीने कंर्सोटियम को निर्देश दिया था कि वह एयरलाइन के कर्मचारियों को बकाया भविष्य निधि और ग्रेच्युटी का भुगतान करे। पहले ऐसी योजना थी कि एयरलाइन को अक्तूबर 2022 तक शुरू कर दिया जाएगा। उधर, जेट एयरवेज के सीईओ संजीव कपूर के अनुसार, एयरलाइन ने अपने 10% कर्मचारियों को बिना वेतन के छुट्टी पर भेज दिया है और 30% के वेतन में कटौती की है। यह कार्रवाई प्रवर्तकों जालान-कलरॉक कंर्सोटियम (जेकेसी) और उसके उधारदाताओं के बीच गतिरोध के बाद की गई है। बता दें कि इस गतिरोध के कारण एयरलाइन की सेवाएं दोबारा शुरू करने में देरी हो रही है। इस हफ्ते की शुरुआत में जेकेसी ने एनसीएलएटी से गुहार लगाई थी कि जेट कर्मचारियों की ग्रेच्युटी बकाया राशि का भुगतान एयरलाइन के मौजूदा कैश बैलेंस और उधारदाताओं के फंड से किया जाना चाहिए।

# ईडी ने पीएफआई के पदाधिकारियों के खिलाफ दाखिल की चार्जशीट जानें क्या है मामला?

नई दिल्ली, 19 नवंबर (एजेंसियां)। ईडी ने दिल्ली की एक विशेष अदालत में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के कई पदाधिकारियों के खिलाफ चार्जशीट दायर की है। चार्जशीट में पीएफआई दिल्ली के अध्यक्ष परवेज अहमद, पीएफआई दिल्ली के महासचिव मोहम्मद इलियास और पीएफआई दिल्ली के कार्यालय सचिव अब्दुल मुकीत सहित अन्य आरोपियों के नाम हैं। केंद्रीय एजेंसी ने पीएफआई पदाधिकारियों के खिलाफ विशेष अदालत में यह चार्जशीट टेरर फंडिंग से जुड़े मामले में दाखिल की है। इससे पहले आतंकवाद के आरोप में प्रतिबंधित संगठन पीएफआई ने दावा था कि उसके कार्यकर्ता रमजान महीने में मस्जिदों में जाकर नमाजियों से नकद जकात लेते थे। पीएफआई फंडिंग की जांच में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पाया कि नमाजियों ने रमजान नहीं, बल्कि दूसरे महीनों में ज्यादा जकात दी। यह व्यावहारिक तौर पर संभव नहीं लगा। ईडी अधिकारियों ने जकात देने वालों की सूची से कुछ लोगों के नाम छांटे और उनसे घर जाकर बात की। इन लोगों ने मस्जिद में बताई तारीख पर जकात देने से साफ इन्कार किया।

# 14.72 अरब डॉलर बढ़ा देश का खजाना, 544 अरब डॉलर के पार पहुंचा विदेशी मुद्रा भंडार

नई दिल्ली। देश के विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट के रुख को पलटते हुए तेजी आई है। 11 नवंबर, 2022 को खत्म हुए सप्ताह में यह 14।72 अरब डॉलर बढ़कर 544।72 अरब डॉलर पर पहुंच गया। यह अगस्त 2021 के बाद सबसे तेज वृद्धि है। भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई ने शनिवार को यह जानकारी दी। हालांकि, मार्च के बाद से विदेशी मुद्रा भंडार में 110 अरब डॉलर से अधिक की गिरावट आई है। वैश्विक अस्थिरता के बीच आरबीआई द्वारा रुपये को सहारा देने के चलते यह कमी हुई। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, 4 नवंबर, 2022 को खत्म हुए सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 529।99 अरब डॉलर के स्तर पर था। इससे पहले 21 अक्टूबर को खत्म हुए सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 117।93 अरब डॉलर घटकर 524।52 अरब डॉलर रहा था। केंद्रीय बैंक ने कहा कि रिपोर्टिंग वीक के दौरान मुद्रा भंडार का महत्वपूर्ण घटक मानी जाने वाली फॉरेन करेंसी एसेट यानी एफसीए 11।8 अरब डॉलर बढ़कर 482।53 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर में अभिव्यक्त किए जाने वाली एफसीए में मुद्रा भंडार में रखे यूरो, पौंड और जापानी येन जैसे गैर डॉलर मुद्रा के मूल्य में आई कमी या बढ़त के प्रभावों को दर्शाया जाता है।

# आतंकवाद इस्लाम को कर रहा बदनाम

## बंग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा-बच्चों को इससे रोकें



ढाका, 19 नवंबर (एजेंसियां)। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा है कि इस्लाम को आतंकवाद बर्बाद कर रहा है। इसलिए बच्चों को आतंकवाद और ड्रग्स की गिरफ्त में जाने से रोकना होगा। उन्होंने कहा कि इस्लाम दुनिया का सबसे अच्छा धर्म है, लेकिन कभी-कभी कुछ आतंकवादियों के कारण आलोचना का सामना करना पड़ता है। सभी लोगों से बुरी ताकतों द्वारा की जा रही इस्लाम की गलत व्याख्या का विरोध करने और धर्म के सार से भरे समाज से अंधकार, अशिक्षा, हिंसा और आतंकवाद को खत्म करने का आग्रह किया।

प्रधानमंत्री ने कहा- हम सभी शांति, इस्लाम के संदेश को अपने दिल में धारण करें और समाज से अंधकार, अशिक्षा, कलह, हिंसा, आतंकवाद और उग्रवाद को मिटा दें, इस्लाम की गलत व्याख्या करने वाली बुरी ताकतों का विरोध करें। उन्होंने बंगबंधु इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर में हज एजेंसीज एसोसिएशन ऑफ बांग्लादेश (एचएएबी) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर के हज और उमराह प्रबंधन सम्मेलन-2022 और हज और उमरा मेले के उद्घाटन समारोह को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा- देश को आतंकवाद से मुक्त रखकर पवित्र इस्लाम के शांतिपूर्ण गौरव को बनाए रखने के लिए हमने आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस अपनाया है।

शेख हसीना ने कहा कि राष्ट्रपिता बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान ने देश में इस्लाम के लिए बहुत कुछ किया है और उनके उत्तराधिकारी के रूप में उनकी सरकार इस्लाम की भावना को बनाए रखने और लोगों के कल्याण के लिए अथक प्रयास कर रही है। प्रीमियर ने कहा कि इमामों को मानव संसाधन के विकास के लिए धार्मिक नेताओं को शामिल करने के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। आयोजन के उद्देश्यों में तीर्थयात्रियों को हज-संबंधी उचित जानकारी प्रदान करना, उन्हें वर्तमान प्रौद्योगिकी-आधारित हज प्रबंधन के बारे में जागरूक करना, उन्हें हज एजेंसियों से सीधे संपर्क करने में सक्षम बनाना और बिचौलियों और घोटालेबाजों के प्रभाव को कम करना शामिल है। सम्मेलन में हज और उमराह प्रबंधनः उपलब्धियां और कार्यों की आवश्यकता और ई-हज प्रबंधन और मक्का पहल के मार्ग पर दो सेमिनार आयोजित किए जाएंगे। विभिन्न हज एजेंसियों, वित्तीय संगठनों और अधिकारियों ने तीन दिवसीय हज और उमराह मेले में लगभग 150 स्टॉल और मंडप लगाए हैं, जो हर दिन सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक खुले रहेंगे। बांग्लादेश, दुनिया के बीच, मक्का में तीर्थयात्रियों को भेजने वाला चौथा सबसे बड़ा देश है। 90 प्रतिशत से अधिक बांग्लादेशी हज यात्री और 100 प्रतिशत उमरा तीर्थयात्री निजी प्रबंधन के तहत सऊदी अरब जाते हैं। उन्होंने कहा कि अब उनकी सरकार के कदमों की बदौलत हज तीर्थयात्रियों की आव्रजन प्रक्रिया ढाका में पूरी हो जाएगी और अब बांग्लादेशी तीर्थयात्रियों को जेद्दाह में आव्रजन प्रक्रिया के लिए समय देने की आवश्यकता नहीं होगी। उन्होंने कहा, मैंने अपनी आंखों से गंदी स्थिति देखी। इसलिए, जब मैंने सरकार बनाई, तो मेरी कोशिश तीर्थयात्रियों की समस्याओं को दूर करने की थी।

# पहली बार दुनिया के सामने आई

## किम-जोंग-उन की बेटी मिसाइल परीक्षण के दौरान दिखी



नई दिल्ली, 19 नवंबर (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन के बारे में कई बातें ऐसी हैं, जो किसी को नहीं पता। खासतौर पर उनकी निजी जिंदगी के बारे में बहुत कम बातें ही दुनिया के सामने आई हैं। हालांकि, यह पहली बार है जब किम जोंग ने दुनिया को अपनी बेटी से रुबरू कराया। समाचार एजेंसी केसीएनए ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार को उत्तर कोरिया ने अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, इस मिसाइल परीक्षण की सबसे खास बात थी कि किम जोंग की बेटी भी उनके साथ मौजूद थी। वह अपने पिता का हाथ पकड़े हुए नजर आ रही है। वह सफेद जैकेट में नजर आ रही है।

**सामने नहीं आया बेटी का नाम**

किम जोंग अपने निजी जीवन के बारे में बहुत सी बातें छिपाकर रखते हैं। भले ही उनकी बेटी की तस्वीरें दुनिया के सामने आ गई हों, लेकिन उसके नाम के बारे में अभी भी किसी को नहीं पता है। अमेरिका स्थित स्टिम्सन सेंटर में उत्तर कोरिया के नेतृत्व विशेषज्ञ ने कहा है कि यह पहला मौका है, जब किम जोंग की बेटी को किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में देखा गया है।

**तानाशाह के हैं तीन बच्चे**

जानकारों का कहना है कि उत्तर कोरिया के तानाशाह के तीन बच्चे हैं। इसमें दो लड़कियां व एक लड़का है। इससे पहले 2013 में सेवानिवृत्त स्टार डेनिस रोडमैन ने कहा था कि किम-जोंग-उन की एक जू ए नाम की बेटी है।

# चीनी युवाओं की उइगर मुस्लिम लड़कियों से जबरन शादी

**विरोध करने पर पेरेंट्स को जेल, विवाह के लिए साढ़े 4 लाख रुपए दिए जा रहे**

बीजिंग/वॉशिंगटन, 19 नवंबर (एजेंसियां)। चीन ने शिनजियांग प्रांत में उइगर मुस्लिमों के विरोध को दबाने का बड़ा दांव चला है। यहां की उइगर मुस्लिम आबादी की पहचान को खत्म करने के लिए उइगर लड़कियों की जबरन शादी चीनी युवाओं से कराई जा रही है। चीन के हान समुदाय के युवाओं को शादी के लिए विशेष भत्ते दिए जा रहे हैं। वॉशिंगटन के उइगर ह्यूमन राइट प्रोजेक्ट (यूएचआरपी) के मुताबिक, कोई उइगर लड़की जबरन शादी का विरोध करती है तो उसके पेरेंट्स को जेल में डाल दिया जाता है। यूएचआरपी के मुताबिक, कोई भी उइगर लड़की हान लड़के से शादी का विरोध नहीं कर सकती है। जिनपिंग के तीसरी बार कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव चुने जाने के बाद ही शिनजियांग प्रांत में 100 हान युवाओं और उइगर लड़कियों के विवाह कराए गए हैं। ये विवाह कम्युनिस्ट पदाधिकारियों की मौजूदगी में होते हैं। हान लड़के को उइगर लड़की से विवाह करने पर लगभग साढ़े 4 लाख रुपए दिए जाते हैं। इस प्रकार के अंतरजातीय विवाह करने पर जोड़ों को मुफ्त आवास, मेडिकल सुविधा और अन्य प्रकार के विशेष भत्ते भी दिए जाते हैं, लेकिन ये सभी सुविधाएं हान लड़के के नाम पर ही जारी होती हैं। हान युवा और उइगर लड़कियों के बीच इस प्रकार के अंतरजातीय विवाह चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग का वन नेशन, वन फैमिली प्रोजेक्ट है। उनका मानना है कि इस प्रकार के अंतरजातीय विवाह से उइगर मुस्लिमों के विरोध को पश्चिमी शिनजियांग प्रांत में दबाया जा सकता है।

# पाक के नए आर्मी चीफ के नाम का अगले एक या दो दिन में हो सकता है एलान, गृहमंत्री ने किया दावा



इस्लामाबाद, 19 नवंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान को जल्द ही नया आर्मी चीफ मिलने वाला है। पाकिस्तान के गृहमंत्री राणा सनाउल्लाह ने दावा किया है कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की ओर से एक या दो दिन में नए आर्मी चीफ का एलान कर दिया जाएगा। गृहमंत्री राणा सनाउल्लाह ने दावा किया है कि अगले दो दिनों के अंदर ही नए आर्मी चीफ का नाम पर मुहर लग जाएगी। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने नए आर्मी चीफ की नियुक्ति के लिए सारी प्रक्रिया को पूरा कर लिया है और अगले दो दिनों में इसे कागजी रूप दे दिया जाएगा। जियो न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक गृहमंत्री ने कहा कि नए आर्मी चीफ की नियुक्ति में कोई देरी नहीं की जाएगी। सारी प्रक्रियाएं पूरी हो चुकी हैं। अगले एक या दो दिन में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की ओर से बाजवा के उत्तराधिकारी की घोषणा कर दी जाएगी। बता दें कि जनरल कमर जावेद बाजवा इसी महीने 29 नवंबर को रिटायर होने वाले हैं, इसलिए नए आर्मी चीफ के लिए मंथन शुरू हो चुका है। पाकिस्तान में आर्मी चीफ का पद काफी बड़ा माना जाता है।

**पीएम के पास होता है विशेषाधिकार**

सनाउल्लाह ने कहा कि प्रधानमंत्री के पास सेना प्रमुख को नियुक्त करने का विशेषाधिकार होता है, उसके बाद भी सभी लोगों से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि इस परामर्श का ये मतलब भी नहीं है कि नए आर्मी चीफ के लिए कुछ शर्तों को निर्धारित करना हो। बता दें कि कानून के अनुसार पाक प्रधानमंत्री को शीर्ष तीन सितारा जनरलों में से ही आर्मी चीफ नियुक्त करने का अधिकार है।

**2016 में आर्मी चीफ बने थे बाजवा**

जनरल बाजवा को 2016 में सेना प्रमुख नियुक्त किया गया था। 2019 में तत्कालीन इमरान सरकार ने उनके कार्यकाल को तीन साल के लिए और बढ़ा दिया था। एक विस्तार मिलने के बाद वे 6 साल से आर्मी चीफ पद पर अपनी सेवा दे रहे हैं। बता दें कि पाकिस्तान में आर्मी चीफ का बड़ा रुतबा होता है। सरकार में भी उसका दखल रहता है। यही कारण है कि पाकिस्तान के 76 साल के इतिहास में 36 साल सैन्य शासन रहा।

**कई महीनों से सुर्खियों में थे आर्मी चीफ**

पाकिस्तान का आर्मी चीफ हमेशा ही सुर्खियों में रहता है, लेकिन पिछले कुछ महीनों से जनरल बाजवा भी काफी चर्चा में रहे। इमरान खान ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने से पहले आर्मी चीफ जनरल बाजवा पर सरकार गिराने के लिए साजिश रचने का आरोप लगाया था। वहीं इमरान खान के मार्च को लेकर जनरल बाजवा ने भी उनको धमकी दी थी। बाजवा ने इमरान से कहा था कि यदि उन्होंने सत्ता परिवर्तन की कोशिश की, तो पाक आर्मी उनको कुचलकर रख देगी।

# फ्रांस ने उठाया सुरक्षा परिषद में भारत की स्थाई सीट का मामला

## कहा- शक्तिशाली दुनिया में संतुलन जरूरी

वाशिंगटन, 19 नवंबर (एजेंसियां)। ब्रिटेन के बाद फ्रांस ने भी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थाई सदस्यता का मामला उठाया है। संयुक्त राष्ट्र में फ्रांस की उप स्थायी प्रतिनिधि नथाली ब्रॉडहर्स्ट ने कहा है कि वह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्य के रूप में भारत, जर्मनी, ब्राजील और जापान का समर्थन करती हैं। उन्होंने कहा, नई शक्तियों के उद्भव को ध्यान में रखने की आवश्यकता है। इसलिए, उन देशों को ध्यान में रखना चाहिए जो शक्तिशाली दुनिया में स्थायी सदस्यता की जिम्मेदारी लेने में सक्षम हैं। फ्रांस ने कहा, सुरक्षा परिषद में हमारी स्थिति स्थिर और सर्वविदित है। हालांकि, हम चाहते हैं कि सुरक्षा परिषद में दुनिया के और अधिक प्रतिनिधि हों, जिससे उसके अधिकार और प्रभावशीलता को मजबूत किया जा सके।

**ब्रिटेन ने भी भारत का किया समर्थन**

इससे पहले ब्रिटेन ने भी भारत की स्थाई सदस्यता का समर्थन किया था। यूएन में ब्रिटेन की स्थायी प्रतिनिधि बारबरा वुडवर्ड ने भारत, जर्मनी, जापान और ब्राजील के लिए नई स्थाई सीटों की मांग की है। बारबरा वुडवर्ड ने कहा कि ब्रिटेन लंबे समय से सुरक्षा परिषद के विस्तार की मांग कर रहा है। हम भारत, जर्मनी, जापान और ब्राजील के लिए नई स्थायी सीटों की व्यवस्था के साथ-साथ स्थायी अफ्रीका के स्थाई प्रतिनिधित्व का भी समर्थन करते हैं। बता दें, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के वर्तमान में पांच स्थाई सदस्य हैं।

# निवेशकों को चूना लगाने वाली एलिजाबेथ होम्स को कोर्ट ने सुनाई 11 साल की सजा

वाशिंगटन, 19 नवंबर (एजेंसियां)। अमेरिका की ब्लड टेस्टिंग कंपनी थेरानोस की संस्थापक एलिजाबेथ होम्स को कैलिफोर्निया की एक अदालत ने 11 साल 3 महीने कैद की सजा सुनाई है। होम्स को ये सजा निवेशकों के साथ धोखाधड़ी करने के मामले में दी गई है। अदालत में 3 महीने का ट्रायल चलने के बाद जनवरी में उन्हें निवेशकों को धोखा देने और अपने टेक्नोलॉजी के बारे में झूठ बोलने के मामले में दोषी पाया गया था। उन्होंने अमेरिका में ब्लड टेस्टिंग में एक क्रांति लाने का वादा किया था और इसके नाम पर धोखा दिया था।

बता दें कि एलिजाबेथ होम्स ने महज 19 साल की उम्र में थेरानोस कंपनी की शुरुआत की थी और वे बहुत कम समय में दुनिया की सबसे कम उम्र की अरबपति महिला बन गई थीं। हालांकि फिर वे निवेशकों के साथ धोखाधड़ी करने वाले विवादों में फंस गईं। इस कारण से



उन्होंने 2018 में थेरानोस कंपनी को पूरी तरह से बंद कर दिया था।

**अदालत में रोने लगीं एलिजाबेथ होम्स**

सजा सुनाए जाने के बाद एलिजाबेथ होम्स ने कोर्टरूम में ही अपने माता-पिता और पार्टनर को गले से लगा लिया. अदालत में उन्होंने रोते हुए कहा कि यदि उन्हें मौका मिलता तो वे कई चीजें बिल्कुल अलग तरह से करतीं. उन्होंने ने जो कुछ झेला उसके लिए मैं शर्मिंदगी महसूस करती हूं. मैंने कई लोगों को निराश किया है. रिपोर्ट के मुताबिक होम्स को 11 में से 4 मामलों में दोषी पाया गया. अदालत में जूरी ने फैसला सुनाते वक्त कहा कि होम्स ने निवेशकों से पैसा लेने के लिए उनसे कंपनी के बारे में झूठ बोला था. मरीजों को धोखा देने वाले 4 मामलों में अदालत ने उन्हें बरी कर दिया. मरीजों को धोखा देने के मामले में एलिजाबेथ होम्स की तरफ से पेश किए सबूतों को देखते हुए जूरी ने उन्हें इन मामलों से बरी कर दिया.

अदालत में दोनों पक्षों के लोग मौजूद थे. अदालत ने होम्स को सजा के बाद भी तीन साल पुलिस की निगरानी में रहने का आदेश सुनाया है. अदालत की ओर से सजा सुनाए जाने से पहले ही एलिजाबेथ होम्स रोने लगीं और माफी मांगने लगीं. माफी मांगने के लिए उन्होंने कवि रूमी की कविता की कुछ लाइनें भी पढ़ीं. उन्होंने कहा कि कल मैं चालाक थी, इसलिए मैं दुनिया बदलना चाहती थी. आज मैं समझदार हूं, इसलिए मैं खुद को बदल रही हूं.

# देवाल की कैल नदी में डूबने से चार किशोरों की मौत, एक दिन पहले से थे लापता

देवाल (चमोली), 19 नवंबर (एजेंसियां)। थराली विधानसभा के देवाल विकासखंड के अन्तर्गत कलसिरि गांव के नीचे कैल नदी में 15-17 आयुवर्ग के चार किशोरों की नदी में डूबने से मौत हो गई। कल शुक्रवार दोपहर से ही चारों किशोर लापता थे। आज शनिवार सुबह नदी में शव तैरते दिखाई देने पर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने चारों किशोरों के शवों को निकाला। मामले में अधिक जानकारी जुटाई जा रही है। चारों किशोरों के शुक्रवार से ही लापता होने के कारण परिजन पूरी रात परेशान रहे। काफी खोजबीन के बाद भी परिजनों को किशोरों का कोई पता नहीं चला। आज सुबह चार किशोरों के शव कैल नदी में मिलने की खबर से मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी।

# ब्रिटेन के पूर्व पीएम बोरिस जॉनसन ने की थी चीन की आलोचना

## अब इन्हें मांगनी पड़ी माफी



लंदन, 19 नवंबर (एजेंसियां)। ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन द्वारा चीन की आलोचना किए जाने के एक मामले में अरबपति फाइनेंसर माइक ब्लूमबर्ग को माफी मांगनी पड़ गई है। दरअसल चीन की आलोचना करने पर पूर्व पीएम बोरिस जॉनसन की कुछ लोगों ने शिकायत कर दी थी। इस कार्यक्रम को ब्लूमबर्ग ने कराया था। इसलिए आयोजक होने के नाते ब्लूमबर्ग को भरी सभा में इसके लिए माफी मांगने पर मजबूर होना पड़ा। इस सप्ताह सिंगापुर में एक प्रमुख एशियाई व्यापार कार्यक्रम में सैकड़ों मेहमानों के सामने ब्लूमबर्ग ने माफी मांग ली है। दि गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, सिंगापुर में मंगलवार को ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम में रात का भोजन करने के बाद पूर्व पीएम जॉनसन ने चीन को लगभग 500 एशियाई व्यापारियों, निवेशकों और राजनयिकों के लिए 'जबरदस्ती निरंकुशता के रूप में वर्णित किया था। इसमें बीजिंग के मानवाधिकार रिकॉर्ड और ताइवान के प्रति दृष्टिकोण से लेकर रूस से निकटता पर उन्होंने चिंता व्यक्त की थी। जबकि इस कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे अधिकांश एशियाई देश जो चीन के प्रति अनुकूल झुकाव रखते और उस देश के मजबूत आर्थिक व राजनयिक साझेदारी का संबंध भी रखते हैं, ने इसका विरोध कर दिया। इसके बाद आयोजक ब्लूमबर्ग ने इस टिप्पणी से आहत होने वालों से माफी मांग ली।

**ऋषि सुनक को सचेत करने वाली थी टिप्पणी**

पूर्व पीएम बोरिस जॉनसन ने ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक के नेतृत्व वाली सरकार को सचेत करने वाली और रूढ़िवादी सांसदों के बीच अपने स्वयं के समर्थन को मजबूत करने वाली टिप्पणी की थी। इसमें जॉनसन ने यह भी घोषणा की थी कि वह ब्रिटिश राजनीति की अग्रिम पंक्ति से 'अस्थायी अंतराल' ले रहे थे, यह सुझाव देते हुए कि वह अभी भी सत्ता में लौटने की महत्वाकांक्षा रखते हैं। दि गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार ब्लूमबर्ग ने ही जॉनसन को आमंत्रित किया था और जिसका संगठन सिंगापुर सरकार के साथ साझेदारी में कार्यक्रम की मेजबानी कर रहा था। इसलिए उन्होंने गुरुवार को सम्मेलन में स्वीकार किया कि पूर्व नेता की टिप्पणी से कुछ उपस्थित लोगों का 'अपमान' हो सकता है। इसलिए मैं सबसे माफी मांग रहा हूं. हालांकि न्यूयॉर्क के पूर्व मेयर और जॉनसन के दोस्त ने स्पष्ट किया कि वे 'उनके विचार और केवल उनके विचार थे'।

# मुबारिकपुर गांव के खेत में शीशम के पेड़ से लटका मिला युवक का शव, तीन दिन से था लापता

झज्जर (हरियाणा), 19 नवंबर (एजेंसियां)। झज्जर के मुबारिकपुर गांव से गुरुवार शाम को बिना बताए घर से निकले युवक का शव उसके ही खेत में शीशम के पेड़ पर लटका मिला है। खेतों में शनिवार सुबह घूमने के लिए गए लोगों ने जब शव फंदे पर लटका देखा तो मामले की जानकारी गांव के लोगों व परिजनों को दी। सूचना मिलते ही गांव के मौजिज लोग व परिजन मौके पर पहुंचे। उसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही माछरौली पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मौका मुआयना करने के बाद एफएसएल टीम को भी मौके पर बुलाया। एफएसएल टीम ने भी मौके से सबूत जुटाए हैं।

# पेरू एयरपोर्ट पर टेकऑफ के दौरान फायर ट्रक से जा भिड़ा 106 यात्रियों से भरा विमान, दो लोगों की मौत

पेरू, 19 नवंबर (एजेंसियां)। पेरू के लीमा में जॉर्ज चावेज अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के रनवे पर 106 यात्रियों से भरा लटाम एयरलाइंस का एक विमान टेकऑफ के दौरान फायर ट्रक से टकरा गया. हादसे में विमान में आग लग गई. रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब तक इस हादसे के कारण दो लोगों की मौत हुई है. जान गंवाने वाले फायर फाइटर्स बताए जा रहे हैं. राहत की बात यह है कि विमान में सवार सभी 106 यात्री और छह क्रू मेंबर सुरक्षित हैं. लीमा के जॉर्ज चावेज एयरपोर्ट के काम में भागीदार कंपनी ने एक ट्वीट में बताया कि फिलहाल मौके पर संचालन को स्थगित कर दिया गया है. फायर डिपार्टमेंट के जनरल कमांडर लुइस पोंस ला जारा ने कहा कि जब विमान ट्रक से टकराया, उस वक्त उसमें मौजूद दो फायर फाइटर्स की मौत हो गई जबकि एक जख्मी हो गया. जब विमान और ट्रक टकराए तब दोनों वाहन चल रहे थे. रिपोर्ट्स के मुताबिक, लटाम एयरलाइंस की फ्लाइट ला2213 को एयरबस ए320नियो ने लीमा के मुख्य हवाईअड्डे से पेरू के शहर खुलियाका के लिए उड़ान भरी थी, तभी रनवे पर यह हादसा हो गया.

सोशल मीडिया पर साझा किए जा रहे वीडियो में देखा जा रहा है रनवे पर एक बड़े विमान से धुआं निकल रहा है. अग्निशमन विभाग के अनुसार, हादसा दोपहर बाद 3:25 बजे हुआ, जिसके बाद चार बचाव इकाइयां मौके पर भेजी गईं. स्वास्थ्य एजेंसी ईसलुड कार्यकारी निदेशक के हवाले से बीबीसी ने लिखा है कि हादसे में घायल हुए 31 वर्षीय फायर की हालत नाजुक है. रिपोर्ट में पेरू स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से जानकारी दी गई है कि चोटिल हुए 20 यात्रियों का इलाज किया जा रहा है, उनमें से दो की हालत गंभीर मानी जा रही है.

# इजराइल ने फिलिस्तीन सीमा पर तैनात की रोबोटिक गन

## एआई टेक्नोलॉजी से अपने आप साधेंगी निशाना, आतंक रोकने लिया गया फैसला

तेल अवीव, 19 नवंबर (एजेंसियां)। इजराइल में आजादी के बाद पहली बार धार्मिक कट्टरवादी सरकार बनने जा रही है। इजराइल में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने देश की सीमा पर तीन रोबोटिक गन लगवाई हैं। इनमें से दो वेस्ट बैंक में लगाए गई हैं, जो फिलिस्तीन और इजराइल के बीच का विवादित क्षेत्र है। यहां अक्सर फिलिस्तीनी इजराइल के खिलाफ विरोध जताते हैं। इन रोबोटिक गन्स के जरिए आंसू गैस, स्मोक ग्रेनेड (धुआं फैलाने वाला बम) और स्पंज बुलेट छोड़े जाएंगे। ये गन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टेक्नोलॉजी से टारगेट तय करती हैं। ये गन जानलेवा तो नहीं, लेकिन बहुत घातक हैं।

**आतंक पर लगाम के लिए फिलिस्तीनी सीमा ब्लॉक होगी**

नेतन्याहू खुले तौर पर फिलिस्तीन विरोधी कट्टरपंथियों के साथ हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है कि नेतन्याहू फिलिस्तीनियों को रोकने के लिए बनी दीवार का काम आगे बढ़ा सकते हैं। इधर, फिलिस्तीनी मानवाधिकार समूहों का कहना है कि इजराइल के चुनावी लोकतंत्र का एक ही मकसद है- फिलिस्तीनी अरब लोगों का दमन और यहूदियों का वर्चस्व बनाना। फिलिस्तीनी मानवाधिकार संगठन 'द इजराइली इन्फॉर्मेशन सेंटर फॉर ह्यूमन राइट्स इन ऑक्युपाइड टेरीटरीज' या बेतसेलम ने चुनाव से ठीक पहले कहा कि इजराइली सत्ता एक ही सिद्धांत पर चल रही है- एक समूह यहूदी का दूसरे समूह फिलिस्तीनी पर वर्चस्व स्थापित करना। इजराइल की सरकार इन लोगों का जीवन तय करती है, लेकिन उन्हें चुनावों में हिस्सा लेने या वोट डालने का अधिकार नहीं है। फिलिस्तीनी क्षेत्रों में रहने वाले ये लोग फिलिस्तीन के प्रशासन में रहते हैं। फिलहाल इन इलाकों पर हमास और दूसरे चरमपंथी गुटों का नियंत्रण है।

**इजराइल के द्विपक्षीय व्यापारों पर असर पड़ेगा**

एक्सपर्ट्स का कहना है कि नेतन्याहू के गठबंधन सहयोगियों के चलते इजराइल के द्विपक्षीय व्यापारों पर असर पड़ेगा। हाल ही में नेतन्याहू के सहयोगी और कट्टरवादी नेता बेन ग्विर आतंकवाद के दोषी रहे कहाने के मेमोरियल पर गए थे। इसके बाद अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने कहा कि एक आतंकी संगठन की विरासत का जश्न मनाना निंदनीय है। कहाने नेसेट (संसद) के सदस्य रहे हैं। उनके संगठन को आतंकी गतिविधियों से जुड़े होने के चलते बैन कर दिया गया था।


**नेतन्याहू बोले- अमेरिका अंदरूनी मामलों में दखल न दे**

इजराइल कट्टर दक्षिणपंथी नेता स्मोट्रिच को रक्षा मंत्री के तौर पर नियुक्त करना चाह रहा है, लेकिन अमेरिकी राजदूत नाइड्स ने नेतन्याहू से मुलाकात के दौरान स्मोट्रिच को ये पद न देने का इशारा किया। इस पर नेतन्याहू ने कहा कि अमेरिका को नई सरकार के अंदरूनी मामलों में दखल नहीं देना चाहिए।

अरब समुदाय में बढ़ रहे अपराध और हिंसा को रोकना

फिलिस्तीनी क्षेत्रों पर यहूदियों के कब्जों को हटाना

**यरुशलम की अल-अक्सा मस्जिद की यथास्थिति बनाए रखना**



**फिलहाल अल अक्सा परिसर का मैनेजमेंट अंतरराष्ट्रीय समझौते के तहत जॉर्डन के पास है। यहां मुसलमान नमाज पढ़ते हैं। यहूदी भी इसे अपना सबसे पवित्र स्थल मानते हैं और इसकी दीवार पर प्रार्थना करते हैं। ये मुसलमानों के तीसरे सबसे पवित्र स्थल माने जाने वाले इस परिसर पर अपना अधिकार चाहते हैं।**

# 45 साल में पुरुषों के स्पर्म काउंट आधे हुए

## भारतीय मर्दों पर सबसे ज्यादा असर, वैज्ञानिक बोले- खतरे में इंसानों का वजूद

एक्सक्लूसिव डेस्क, 19 नवंबर। भारत समेत दुनियाभर के पुरुषों का स्पर्म काउंट पिछले 45 साल में आधे से ज्यादा कम हो गया है। 'ह्यूमन रिप्रोडक्शन अपडेट' जर्नल की रिपोर्ट में ये खुलासा हुआ है। रिसर्च में शामिल वैज्ञानिक हेगाई लेविन का कहना है कि सबसे ज्यादा असर भारतीय मर्दों के स्पर्म काउंट पर भी देखने को मिल रहा है।

दुनिया की 3 बड़ी संस्था माउंट सिनाई मेडिकल सेंटर (मियामी), कोपेनहेगन विश्वविद्यालय (कोपेनहेगन) और हिब्रू विश्वविद्यालय (यरूशलेम) ने मिलकर पुरुषों के स्पर्म काउंट को लेकर एक रिसर्च की। ये रिसर्च रिपोर्ट 15 नवंबर यानी मंगलवार को 'ह्यूमन रिप्रोडक्शन अपडेट' जर्नल में छपी है।

दक्षिण अमेरिका, अफ्रीका, एशिया, यूरोप, उत्तरी अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप के 53 देशों के 57,000 लोगों को इस रिसर्च में शामिल किया गया है।

**डॉक्टर शन्ना स्वान, प्रजनन महामारी रिसर्चर:** आने वाले समय में पुरुषों के स्पर्म काउंट और ज्यादा तेजी से घट सकते हैं। काफी हद तक संभावना है कि प्रति मिलीलीटर स्पर्म काउंट 4 करोड़ से कम होने पर पुरुष बांझपन के शिकार हो सकते हैं। इसलिए पुरुषों के सीमन में स्पर्म काउंट कम होना चिंता का विषय है।

**प्रोफेसर हगई लेविन, हिब्रू यूनिवर्सिटी:** 'ओलिगोस्पर्मिया' के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। इसका मतलब पुरुषों में तेजी से कम हो रहा स्पर्म काउंट है। साथ ही उन्होंने कहा कि इस रिपोर्ट का एक सीधा मतलब ये भी है कि पुरुषों में नपुंसकता बढ़ रही है और बच्चा पैदा करने की क्षमता घटी है।

**पुरुषों के स्पर्म काउंट में कमी होने की कई वजहें हो सकती हैं**

खाना, पानी और हवा के जरिए शरीर में एंडोक्राइन डिसरप्टिंग केमिकल पहुंचता है। इसकी मात्रा बढ़ने से शरीर के दूसरे हॉर्मोन प्रभावित होते हैं।

पुरुषों के स्पर्म काउंट का कम होना काफी हद तक प्रदूषण पर भी निर्भर करता है।

ज्यादा धूम्रपान और शराब पीने की वजह से भी पुरुषों का स्पर्म काउंट कम हो सकता है।


मोटापा और खान-पान सही नहीं होना स्पर्म काउंट कम होने की एक और बड़ी वजह है।

पुरुषों के शरीर के सेक्स हॉर्मोन टेस्टोस्टेरोन के असंतुलन की वजह से भी स्पर्म काउंट कम होता है।

स्पर्म से जुड़ी जेनेटिक बीमारी, प्राइवेट पार्ट में इंफेक्शन, यौन रोग गोनोरिया की वजह से भी स्पर्म काउंट कम हो सकता है।

एक्सपर्ट का कहना है कि किसी पुरुष के शरीर में स्पर्म काउंट क्यों कम हो रहा है, ये वजह पता चलने के बाद उचित उपाय करके इसे रोकना संभव है। इसके लिए रिपोर्ट में एक्सपर्ट के हवाले से कई खास बातें बताई गई हैं, जैसे

डॉक्टर शन्ना स्वान का कहना है कि बेहतर खान-पान, फिजिकल एक्टिविटी और हेल्दी लाइफस्टाइल से स्पर्म काउंट बढ़ाना संभव है।




पेस्टिसाइड फ्री चीजों के इस्तेमाल को बढ़ावा देकर और खान-पान में ऑर्गेनिक चीजों को अपनाने से स्पर्म काउंट बढ़ाया जा सकता है।

प्लास्टिक और केमिकल प्रोडक्ट के इस्तेमाल को कम करके शरीर में एंडोक्राइन डिसरप्टिंग केमिकल को बढ़ने से रोका जा सकता है।

डॉक्टर स्वान के मुताबिक स्पर्म काउंट के लिए बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर हर देश में डेवलप हो, ताकी लोगों को सही समय पर इसकी जानकारी मिले।

पुरुषों को बिना जांच कराए स्पर्म काउंट कम होने का पता नहीं चल पाता है। किसी पुरुष के वीर्य में स्पर्म काउंट कम हुआ है या नहीं, इसे सीमेन एनालिसिस टेस्ट के जरिए पता किया जाता है। आमतौर पर भारतीय पुरुष इस तरह के टेस्ट सिर्फ फर्टिलिटी में दिक्कत आने यानी बांझपन के शिकार होने के बाद ही कराते हैं।

भारतीय लोगों को लगता है कि स्पर्म काउंट कम होने से सिर्फ फर्टिलिटी में यानी संतान पैदा करने में दिक्कत होती है। हालांकि, इसकी वजह से कई समस्याएं पैदा होती है, जैसे-

इसका सीधा असर पुरुषों के सेक्स लाइफ पर पड़ता है।

इसकी वजह से सिर दर्द और मानसिक तनाव हो सकता है।

इसकी वजह से कई बार प्राइवेट पार्ट में सूजन और दर्द की भी समस्या हो सकती है।

सिर और शरीर के दूसरे हिस्सों से बाल झड़ने लगते हैं।

पुरुषों के वीर्य में सामान्य तौर प्रति मिलीलीटर स्पर्म काउंट 1.5 करोड़ से लेकर 3.9 करोड़ होता है। प्रति मिलीलीटर स्पर्म काउंट 1.5 करोड़ से कम होने पर इसका सही इलाज जरूरी हो जाता है।

पुरुषों के जनन अंग की नसों में सूजन या ब्लॉकेज होने पर डॉक्टर सर्जरी के जरिए इसे सही करते हैं।

मूत्रमार्ग या प्रजनन अंग में संक्रमण होने पर डॉक्टर एंटीबायोटिक्स दवा के जरिए इसका इलाज करते हैं।

शरीर में हॉर्मोन असंतुलन पैदा होने की स्थिति में डॉक्टर दवा और हॉर्मोन ट्रांसप्लांट के जरिए इसका इलाज करते हैं।

कई बार लो स्पर्म काउंट होने की स्थिति में प्रेगनेंसी की समस्या के समाधान के लिए डॉक्टर आईवीएफ यानी इन विट्रो फर्टीलाइजेशन का इस्तेमाल करते हैं। इसका मतलब ये हुआ कि महिला के एग को पुरुषों के शुक्राणु के साथ मिलाया जाता है।

### सीएम भूपेश बघेल ने कहा- तिलक, गांधी जी या भगत सिंह ने नहीं, सावरकर ने मांगी अंग्रेजों से माफी

रायपुर, 19 नवंबर (एजेंसियां)। स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर 'वीर' सावरकर को लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के बयान के बाद पार्टी नेता और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी उतर आए हैं। उन्होंने कहा है कि तिलक, गांधी या भगत सिंह ने कभी अंग्रेजों से माफी नहीं मांगी। सावरकर ने अंग्रेजों से माफी मांगी। भूपेश बघेल ने बताया, "आजादी की लड़ाई के दौरान कई लोग जेल गए। बाल गंगाधर तिलक ने कभी माफी नहीं मांगी ना ही सरदार भगत सिंह, गांधी जी, नेहरू जी या सरदार पटेल ने मांगी।

# चक्रधरपुर रेल मंडल में बड़ा हादसा

## ट्रेन की चपेट में आने से ऑन ड्यूटी दो लोको पॉयलट की मौत, रेलवे कर्मचारियों ने कहा दबाव में है कर्मचारी


टीके सहाना


मो अख्तर आलम राजखरसावां

रांची, 19 नवंबर (एजेंसियां)। चक्रधरपुर रेल मंडल में डयूटी में तैनात दो लोको पायलट की मौत हो गयी है। घटना राजखरसावां रेलवे स्टेशन के यार्ड की बतायी जा रही है जहां, हावड़ा मेल ट्रेन के चपेट में आने से दो लोको पायलटों की मौत हुई। घटना शनिवार रात 12 बजे के आसपास की है। दोनों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल शनिवार की सुबह साढ़े आठ बजे पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार लोको पायलट टीके सहाना तथा सहायक लोको पायलट मो अख्तर आलम राजखरसावां रेलवे स्टेशन के यार्ड में मालगाड़ी का इंजन बदल रहे थे। इसी दौरान हावड़ा मेल एक्सप्रेस ट्रेन के चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। लोको पायलट टीके साहाना पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा निवासी हैं। जबकि सहायक लोको पायलट मो अख्तर आलम बनपुर का है। दुर्घटना के बाद ही रात को दोनों की शव को चक्रधरपुर लाया गया था। शवों को रेलवे अस्पताल चक्रधरपुर के मर्सरी में रखे गए थे। शनिवार की सुबह करीबन 8.30 बजे शवों का पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल चक्रधरपुर लाया गया। जहां पर सीनियर डीपीओ हरिताश रंजन, रेलवे अस्पताल के डॉक्टर जी सोरेन समेत लोको पायलट और अन्य कर्मी पहुंचे थे। इधर, रेलवे ने दुर्घटना पर जांच बैठा दिया है। दो लोको पायलटों की दर्दनाक मौत से चक्रधरपुर रेल मंडल के लोको पायलटों में शोक है।

## चाकू से गोदकर युवक को मार डाला

रायपुर, 19 नवंबर (एजेंसियां)। रायपुर विधानसभा क्षेत्र के दोदेखुर्द गांव में पारिवारिक विवाद में शख्स ने अपने ही रिश्तेदार की चाकू मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि मृतक आरोपी की पत्नी का रिश्तेदार है। कुछ महीनों से वो साथ रह रहा था। जानकारी के मुताबिक गांव दोदेखुर्द निवासी रंजीता पाल अपने पति अंजित पाल के साथ रहती है। यहीं पर महिला का रिश्तेदार विक्की कुर्रे भी पिछले कुछ माह से रह रहा था। पारिवारिक विवाद को लेकर अंजित पाल और विक्की कुर्रे का विवाद हो गया।

# छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की किलाबंदी

## 43 विधायकों को सेक्टर प्रभारी बनाकर भानुप्रतापपुर में रहने के निर्देश, एक एमएलए को 2 से 8 बूथ का जिम्मा

रायपुर, 19 नवंबर (एजेंसियां)। भानुप्रतापपुर में हो रहे उपचुनाव में अपनी सीट को बचाये रखने के लिए कांग्रेस ने पूरी किलेबंदी तैयार की है। अभी तक पूरे विधानसभा क्षेत्र को जोन-सेक्टर और बूथ में बांटकर स्थानीय नेताओं को जिम्मा दिया गया था। अब सेक्टर प्रबंधन के लिए पार्टी के 43 विधायकों को प्रभारी बनाकर चुनाव मैदान में उतारा जा रहा है। सेक्टर सिस्टम में एक प्रभारी के जिम्मेदारी में दो से आठ बूथ आने हैं।

भानुप्रतापपुर विधानसभा में कांकेर जिले के तीन ब्लॉक के इलाके आ रहे हैं। इसमें भानुप्रतापपुर में सबसे अधिक 100 बूथ हैं। यहां पर 20 सेक्टर बनाये गये हैं। इसके राजनीतिक रूप से सबसे महत्वपूर्ण कोरर जोन के कोरर सेक्टर की जिम्मेदारी सबसे वरिष्ठ विधायक सत्यनारायण शर्मा को दी गई है।

सत्यानारायण शर्मा के साथ विधायक कुंवर सिंह निषाद को भी लगाया गया है। वहीं सेलेगांव में धनेंद्र साहू पार्टी प्रचार की कमान संभालने के लिए भेजे गए हैं। उसी जोन के बैजपुरी में विधायक अंबिका सिंहदेव को सेक्टर प्रभारी की जिम्मेदारी मिली है।

संसदीय सचिव विकास उपाध्याय और बेमेतरा से कांग्रेस नेता आशीष छाबड़ा को भानुप्रतापपुर सेक्टर की जिम्मेदारी दी गई है। आज से नेता भानुप्रतापपुर में डेरा डालेंगे। क्षेत्र में चुनाव-प्रचार प्रसार कर कांग्रेस प्रत्याशी के लिए वोट मांगेंगे।

**उपचुनाव का दंगल**


नामांकन के दिन से कुछ MLA डाले हैं डेरा। | आज से संभालना है मोर्चा। | घेराबंदी में अधिकतर SC-OBC विधायक।

चुनाव क्षेत्र के दूसरे ब्लॉक चारामा में 103 बूथ और 18 सेक्टर हैं। यहां पर एक-एक सेक्टर में दो विधायकों को लगाया गया है। उपचुनाव में भाजपा के उम्मीदवार ब्रह्मानंद नेताम का गांव इसी ब्लॉक में आता है। इसलिए यह राजनीतिक रूप से भी महत्वपूर्ण है।

घेराबंदी में अधिकतर आदिवासी और ओबीसी विधायकों को लगाया गया है। उनके साथ बस्तर के स्थानीय नेताओं को भी रखा गया है। तीसरे ब्लॉक दुर्गकोंदल में 61 बूथ हैं। वहां पर 12 सेक्टर बनाये गये हैं। चंदन कश्यप, इंद्रशाह मंडावी, के.के. ध्रुव, मोहित केरकेट्टा जैसे विधायकों को दुर्गकोंदल का गढ़ बचाने का जिम्मा सौंपा गया है।

प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री (संगठन) अमरजीत चावला ने सभी सेक्टर प्रभारियों की नियुक्ति आदेश जारी किया है। इसके मुताबिक सभी को शनिवार को अपने क्षेत्र में दी गई जिम्मेदारी संभालने को कहा गया है। बताया जा रहा है कि कुछ विधायक नामांकन के दिन से ही भानुप्रतापपुर में डेरा डाल चुके हैं।

कांग्रेस ने यहां से सीटिंग विधायक मनोज मंडावी की पत्नी सावित्री मंडावी को अपना उम्मीदवार बनाया है। उन्होंने गुरुवार को शक्ति प्रदर्शन के साथ नामांकन दाखिल किया। वहीं भाजपा ने 2008 में वहीं से विधायक रहे ब्रह्मानंद नेताम को फिर से मैदान में उतारा है। नेताम ने भी गुरुवार को ही नामांकन दाखिल किया। इस चुनाव के लिए 39 लोगों ने नामांकन किया था। चुनाव आयोग ने स्क्रूटनी के बाद 21 व्यक्तियों का नामांकन वैध पाया है।

भानुप्रतापपुर उपचुनाव से कांग्रेस-भाजपा के अलावा तीन और राजनीतिक दल मैदान में हैं। शेष सभी राजनीतिक दलों ने चुनाव से किनारा कर लिया है। स्क्रूटनी के बाद कांग्रेस की सावित्री मंडावी, भारतीय जनता पार्टी के ब्रह्मानंद नेताम, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के घनश्याम जुर्री, राष्ट्रीय जनसभा पार्टी के डायमंड नेताम एवं आंबेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया के शिवलाल पुड़ो का नामांकन को वैध पाया गया है।

वहीं अकबर कोर्राम, अर्जुन सिंह, आयनुराम ध्रुव, गौतम कुंजाम, जीवन राम ठाकुर, दिनेश कुमार कल्लो, दुर्योधन दर्रो, देवप्रसाद जुर्री, नागेश कुमार माहला, प्रमेश कुमार टेकाम, बलराम तेता, महत्तम कुमार दुग्गा, रेवतीरमन गोटा, रोहित कुमार नेताम, लक्ष्मीकांत गावड़े और सेवालाल चिराम ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल किया है।

## युवती की गला घोंटकर हत्या

### नहर किनारे शव फेंककर भागे हत्यारे, शिनाख्त नहीं

बिलासपुर, 19 नवंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में एक युवती की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। उसका शव शनिवार सुबह नहर किनारे पड़ा मिला है। अभी तक युवती की शिनाख्त नहीं हो सकी है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस शव की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामला सरकंडा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, खमतराई स्थित गीतांजलि सिटी और शर्मा विहार के बीच नहर किनारे युवती का शव मिला है। आसपास के लोगों ने शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। शव के पास कोई सामान भी नहीं मिला है, जिससे उसकी पहचान की जा सके। पुलिस ने शव की तस्वीरें लेकर आसपास के थानों में पहचान के लिए भेजी है। पुलिस ने बताया कि इस इलाके में आबादी काफी कम है। किसी ने भी युवती या किसी अन्य को उधर आते-जाते नहीं देखा है। आसपास के क्षेत्र में किसी संदिग्ध की जानकारी भी अभी तक सामने नहीं आई है। शव की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। युवती की शिनाख्त होने के बाद ही जांच आगे बढ़ पाएगी। फिलहाल इंतजार कर रहे हैं। प्रथम दृष्टया पुलिस को प्रेम प्रसंग में हत्या की आशंका है। इस बात की आशंका जताई जा रही है कि किसी ने युवती का गला दबाकर हत्या की है।

# 'लाख' से लखपति बनेंगे लोग

## छत्तीसगढ़ में सालाना 10 हजार टन उत्पादन की तैयारी, सरकार उपलब्ध करा रही है प्रशिक्षण और बीज

रायपुर, 19 नवंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ प्रदेश के किसानों को लाख उत्पादन कर लाखों कमाने की योजना पर काम कर रही है। इसके लिए बीहन लाख आपूर्ति, बीहन लाख की बिक्री और लाख फसल ऋण जैसी मदद दी जा रही है। प्रदेश में अभी चार हजार टन लाख का उत्पादन होता है। इसकी अनुमानित कीमत 100 करोड़ रुपए है। संघ ने प्रदेश में लाख उत्पादन को 10 हजार टन तक बढ़ाने की तैयारी तेज की है। इससे किसानों को करीब 250 करोड़ रुपए तक की आय हो जाएगी। लाख केरिना लाका' नाम के कीट से बनने वाली प्राकृतिक राल है। लाख के कीड़े पलास, कुसुम और मीठी बेर के पेड़ों पर पाले जाते हैं। वे पेड़ की टहनियों से रस चूसकर भोजन प्राप्त करते हैं। अपनी सुरक्षा के लिए राल का स्राव कर कवच बना लेते हैं, यही लाख होता है। इसे काटी गई टहनियों से खुरच कर निकाला जाता है। लाख का इस्तेमाल मुख्य रूप से कॉस्मेटिक, सील, चमड़ा, विद्युत कुचालक, वार्निश, फलों और दवाओं पर कोटिंग, पॉलिश और सजावट की वस्तुएं तैयार करने में किया जाता है।



अक्टूबर से दिसम्बर तक लाख का सीजन है। प्रदेश के 20 जिलों में 50 हजार किसान इसकी खेती करते हैं। इस साल बीहन यानी लाख के बीज को महाराष्ट्र से मंगाया गया है। राज्य लघु वनोपज संघ ने इसकी बिक्री के लिए दरों का निर्धारण कर दिया है। अधिकारियों ने बताया, कुसुमी बीहन लाख (बेर से प्राप्त) के लिए खरीदी दर 550 रुपए प्रति किलोग्राम और रंगीनी बीहन लाख (पलाश से प्राप्त) के लिए खरीदी दर 275 रुपए प्रति किलोग्राम तय हुआ है। कृषकों को बीहन लाख उपलब्ध कराने के लिए बिक्री दर भी तय हुआ है। कुसुमी बीहन लाख (बेर से प्राप्त ) के लिए 640 रुपए प्रति किलोग्राम और रंगीनी बीहन लाख (पलाश से प्राप्त) के लिए 375 रुपए प्रति किलोग्राम की दर निर्धारित तय है।

राज्य सरकार ने लाख की खेती के लिए प्रोत्साहित करने के लिए जिला सहकारी बैंक के माध्यम से लाख फसल ऋण निःशुल्क ब्याज के साथ देने की व्यवस्था की है। इसके तहत लाख पालन करने के लिए पोषक वृक्ष कुसुम पर 5 हजार रुपए, बेर पर 900 रुपए और पलाश पर 500 रुपए प्रति पेड़ की ऋण सीमा निर्धारित है। लाख पालन के वैज्ञानिक प्रशिक्षण के लिए कांकेर में एक प्रशिक्षण केन्द्र भी खोला गया है।

इस केन्द्र में तीन दिन का प्रशिक्षण और किसी लाख उत्पादन क्लस्टर में ऑनफार्म प्रशिक्षण भी दिया जाता है। अधिकारियों ने बताया, 20 जिला यूनियनों में तीन से पांच प्राथमिक समिति क्षेत्र को जोड़ते हुए लाख उत्पादन क्लस्टर बनाया गया है।

# सिंचाई विभाग के पटवारी से ठगी

## क्रेडिट कार्ड की जानकारी लेकर एक लाख रुपए उड़ाए

बिलासपुर, 19 नवंबर (एजेंसियां)। बिलासपुर के सरकंडा इलाके में रहने वाले एक सिंचाई विभाग के पटवारी से धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। ठगों ने क्रेडिट कार्ड बंद कराने का झांसा देते हुए फोन कर उससे निजी जानकारी ली और इसके बाद ओटीपी पूछकर एक लाख से ज्यादा रूपये की खरीदारी कर ली। मामले कि शिकायत पर सरकंडा पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

दरअसल, सरकंडा थाना क्षेत्र स्थित बंधवापारा निवासी रामनारायण राव सिंचाई विभाग में अमीन पटवारी पद पर कार्यरत है। जिनके पास 21 जुलाई को अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर क्रेडिट कार्ड कोई बंद कराने का झांसा दिया, इसके लिए व्यक्ति ने क्रेडिट कार्ड का नंबर और मोबाइल में आए ओटीपी की उनसे जानकारी मांगी। इसपर पटवारी ने अज्ञात व्यक्ति को फोन पर आए ओटीपी को बता दिया। जिसके बाद उनके खाते से एक लाख 14 हजार रुपए की कटौती हो गई। रुपए कटने का मैसेज आने पर के बाद पटवारी को अपने साथ हुए धोखाधड़ी की जानकारी हुई।

उन्होंने इस मामले की सरकंडा थाने में जाकर शिकायत दर्ज कराई। ठगों ने उन्हें तीन मोबाइल नंबर से कई बार कॉल किया था। पटवारी ने इसकी शिकायत बैंक से भी की, लेकिन वहां किसी तरह उनकी सुनवाई नहीं हो सकी। बैंक में भी उन्होंने क्रेडिट कार्ड से कोई लेन-देन नहीं करने की जानकारी दी। बावजूद इसके उनके खाते से 6,636 की कटौती बैंक के द्वारा की गई। पूरे मामले की रिपोर्ट पटवारी ने सरकंडा थाने में की है।

# ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ ने जीएम ऑफिस घेरा

## 2 साल में 90 हादसे, बिलासपुर जोन के लोको पायलट भुगत रहे खामियाजा, धरना देकर बोला हल्ला

बिलासपुर, 19 नवंबर (एजेंसियां)। रेलवे के मालगाड़ी डिब्बो में बीएमबीएस रैक में लगे ब्रेकिंग सिस्टम आत्मघाती साबित हो रहे हैं। इससे लगातार ब्रेक फेल होने की घटनाएं हो रही है। इस तरह की घटनाओं में मालगाड़ी के लोको पायलटों को दोषी मानकर कार्रवाई करने के खिलाफ अब रनिंग स्टाफ ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने रैली निकालकर जीएम आफिस का घेराव कर जमकर हंगामा मचाया और इसे सिस्टम का फेलियर बताया। साथ ही ब्रेकिंग सिस्टम में सुधार नहीं करने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी। बिलासपुर में ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ ने रैली निकालकर जीएम ऑफिस का घेराव कर जमकर हंगामा मचाया और एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान रनिंग स्टाफ ने बीएमबीएस मालगाड़ी को आत्मघाती बताते हुए 8 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। मांगों में मुख्य रूप से रनिंग स्टाफ ने बीएमबीएस का ब्रेक फेल होने से हुई दुर्घटनाओं में रेलवे सिस्टम की खामी स्वीकार करने और इसके अलावा इमरजेंसी ब्रेक लगाने पर गाड़ी खड़ी ना होने को मानवीय भूल के बजाए तकनीकी भूल मानने की मांग की। इसके साथ ही एसोसिएशन ने कहा कि, ब्रेकिंग सिस्टम फेल होने से ओवरशूट के लिए लोको पायलट या सहायक लोको पायलट को दोषी मानकर दंडित करना या प्रशासनिक उत्तरदायित्व पर पर्दा डालना बंद होना चाहिए।

# अब ईडी की रडार में सरकारी अधिकारी

## मुख्यमंत्री से पूछताछ के बाद अब वरिष्ठ अधिकारियों पर लटकी जांच की तलवार, ईडी कर रही है समन

रांची, 19 नवंबर (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ईडी की पूछताछ के बाद अब जांच सरकारी अधिकारियों की तरफ मुड़ सकता है। अवैध खनन के मामले में अब सरकारी अधिकारियों से पूछताछ की जा सकती है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ के क्रम में, जो जवाब सामने आये हैं, उस आधार पर सरकारी कर्मचारी, संबंधित विभाग और वरिष्ठ कर्मचारियों से पूछताछ की तैयारी चल रही है।

सूत्रों के अनुसार पर्वतन निदेशालय अब साहिबगंज के डीसी रामनिवास यादव, एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा डीएमओ और डीएफओ स्तर के अधिकारियों को समन करने की तैयारी कर रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ईडी के कई सवालों के जवाब में कहा है कि सरकारी अधिकारियों की जिम्मेदारी होती है कि वह अवैध खनन जैसे मामलों पर कार्रवाई करें। पूछताछ में कई सवालों के जवाब भी मुख्यमंत्री ने ना में दिए हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जब पंकज मिश्रा के करीबी दाहू यादव के बारे में सवाल किया गया, तो पंकज मिश्रा या दाहू के द्वारा किसी अवैध गतिविधि की सूचना से इनकार कर दिया।

**ईडी करेगी सवाल- क्यों नहीं हुई कार्रवाई**

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट तौर पर कहा कि अवैध खनन रोकने की पूरी जिम्मेदारी डीसी और एसपी की होती है। सीएम के इस बयान के बाद अब उन अधिकारियों से सवाल हो सकते हैं, जो इस अवैध खनन की जांच कर सकते थे, इस मामले में कड़ी कार्रवाई कर सकते थे और इसे रोक सकते थे। ईडी इन सरकारी अधिकारियों से सवाल करेगी हजारों करोड़ के अवैध खनन के बाद भी यह वरिष्ठ अधिकारी क्यों चुप रहे? इन्होंने समय रहते क्यों जांच नहीं की। ईडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कई दस्तावेजों की भी मांग की है। संभावना यह भी जतायी जा रही है कि सीएम के जवाबों के आधार पर जांच के बाद ईडी एक बार फिर मुख्मयंत्री हेमंत सोरेन को तलब कर सकती है । मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 18 नवंबर को कार्यकर्ताओं को किए संबोधन में ईडी से पूछताछ के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि मैंने ईडी से सवाल किया कि क्या इन दो सालों में एक हजार करोड़ का घोटाला संभव है। ईडी ने कहा कि यह आऱोप दो साल के नहीं है। मुख्यमंत्री ईडी के सवालों का सामना कर चुके हैं लेकिन राज्य में राजनीतिक हलचल तेज है।

## माओवादियों की बड़ी साजिश नाकाम, सुरक्षा बलों ने पांच आईईडी किए जब्त

रांची, 19 नवंबर (एजेंसियां)। झारखंड के सिंहभूम जिले में माओवादियों की बड़ी साजिश नाकाम की गई है। सुरक्षाबलों ने यहां हमला करने के लिए माओवादियों द्वारा पहले से प्लांट किए पांच आईईडी जब्त किए गए। अधिकारियों ने बताया, पश्चिमी सिंहभूम जिले के कोल्हान इलाके में सीआरपीएफ व पुलिस बल द्वारा उग्रवादियों के खिलाफ अभियान चलाया गया।

इस दौरान सुरक्षाबलों ने बांकी लुइया जंगल में पांच आईईडी का पता लगाया। इसके बाद बम निरोधक दस्ते ने मौके पर पहुंचकर इन आईईडी को निष्क्रिय कर दिया। सुरक्षाबलों के मुताबिक, मौके से एक .315 बंदूक, आठ जिंदा कारतूस, कोडेक्स तार और तीन माओवादी बैनर भी जब्त किए हैं। इससे पहले एक नक्सल विरोधी अभियान के दौरान 11 आईईडी जब्त किए गए थे।



# राजस्थान के 7 जिलों की 18 सीटों से गुजरेंगे

## झालरापाटन से एंट्री और एग्जिट रामगढ़ से, 16 सीटों में गुर्जर-मीणाओं का दबदबा




जयपुर, 19 नवंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के रूट को लेकर चल रहा असमंजस शुक्रवार को दूर हो गया। गोविंद सिंह डोटासरा ने यह स्पष्ट किया कि राहुल गांधी की यात्रा का रूट जैसा तय था वैसा ही रहेगा। हालांकि जरुरत पड़ने पर कुछ हल्का बदलाव देखने को मिल सकता है। भारत जोड़ो यात्रा का रूट तय होने से अब यह स्पष्ट हो गया है कि यह यात्रा राजस्थान के 7 जिलों की 18 विधानसभा सीटों से गुजरेगी। यात्रा झालावाड़ जिले से राजस्थान में प्रवेश करेगी और अलवर जिले से बाहर निकलेगी।

राहुल की यात्रा को लेकर केंद्रीय कमेटी की ओर से तय किए गए रूट को जब हमने कांग्रेस के स्थानीय नेताओं और जानकारों से समझा तो साफ हुआ कि यात्रा 7 जिलों की 18 विधानसभा सीटों से गुजरेगी। सबसे ज्यादा 4-4 सीटें कोटा, दौसा और अलवर जिले की होंगी। इसके अलावा सवाईमाधोपुर की 3 और झालावाड़, बूंदी और टोंक जिले की 1-1 विधानसभा सीट शामिल है। राहुल गांधी की यात्रा सबसे पहले झालरापाटन विधानसभा से राजस्थान में प्रवेश करेगी। इसके बाद यह रामगंज मंडी और लाडपुरा विधानसभा होते हुए कोटा शहर में प्रवेश करेगी। यहां से यह कोटा उत्तर और दक्षिण दोनों विधानसभाओं से गुजरते हुए केशवरायपाटन विधानसभा पहुंचेगी। इसके बाद देवली-उनियारा और फिर खंडार विधानसभा पहुंचेगी। इसके बाद यात्रा आगे बढ़कर सवाई माधोपुर विधानसभा होते हुए बामनवास और फिर लालसोट पहुंचेगी। यहां से यात्रा आगे बढ़कर दौसा, सिकराय विधानसभा होते हुए बांदीकूई पहुंचेगी। यहां से यात्रा अलवर जिले में प्रवेश कर राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ विधानसभा होते हुए अलवर शहर और ग्रामीण विधानसभाओं में जाएगी। इसके बाद अलवर की रामगढ़ विधानसभा होते हुए यात्रा हरियाणा चली जाएगी। माना जा रहा है कि यात्रा के दौरान कोटा, दौसा और अलवर में राहुल गांधी की बड़ी सभा हो सकती है। ह

### राहुल की यात्रा का रूट पायलट वाले इलाकों से

जयपुर, 19 नवंबर (एजेंसियां)। पिछले दो साल से राजस्थान में कांग्रेस के प्रभारी अजय माकन के इस्तीफे के बाद कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं। माकन ने अपने इस्तीफे में राष्ट्रीय अध्यक्ष को जिस तरह से बागियों पर कार्रवाई नहीं होने की बात कहते हुए नाराजगी जताई, उससे ये साफ है कि वे आर-पार की लड़ाई लड़ने के मूड में हैं। इस लड़ाई का मकसद प्रभारी की ताकत दिखाने के साथ हाईकमान के आदेशों की अवहेलना का मुद्दा जिंदा रखना भी माना जा रहा है। 25 सितंबर को जयपुर में हुए घटनाक्रम के बाद उन्हें गद्दार तक कह दिया गया था। खड़गे के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद गहलोत गुट के तीन बागी नेताओं पर एक्शन नहीं होने से नाराज माकन ने राजस्थान प्रभारी पद से इस्तीफा दे दिया।

# मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत को मिली बड़ी राहत
# कोर्ट ने छात्र काल से जुड़े मामले में किया बरी



जोधपुर, 19 नवंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत को अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश महानगर मीनाक्षी नाथ की कोर्ट से बड़ी राहत मिली है. कोर्ट ने एक व्यक्ति के खिलाफ झूठी रिपोर्ट दर्ज करवाने के आरोपों से शेखावत को बरी कर दिया है. जल शक्ति मंत्री शेखावत शुक्रवार को कोर्ट में पेश हुए थे. राजस्थान हाई कोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं शेखावत के अधिवक्ता नाथू सिंह ने बताया कि कोर्ट ने मामले में फैसला सुनाते हुए उन्हें बरी कर दिया है।

दरअसल शेखावत के खिलाफ पुलिस द्वारा पेश की गई आईपीसी की धारा 182 की लंबित कार्रवाई के मामले में शुक्रवार को केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत कोर्ट में पेश हुए. कोर्ट ने मामले में आदेश के लिए शुक्रवार का दिन मुकर्रर कर रखा था. शेखावत को कोर्ट द्वारा बरी किए जाने के बाद वे काफी खुश नजर आए. उन्होंने कहा कि उन्हें शुरू के ही न्यायालय पर भरोसा था कि सत्य की ही जीत होगी. अदालत के फैसले ने दूध का दूध और पानी का पानी कर दिया है।

**शेखावत के छात्र जीवन से जुड़ा है मामला**

यह मामला तब का है जब गजेंद्र सिंह शेखावत जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय में छात्रसंघ अध्यक्ष थे. उस दौरान उनका किसी से विवाद हो गया था. तत्कालीन छात्र नेता शेखावत ने इसी मामले को लेकर एक एफआईआर दर्ज करवाई थी, जो बाद में कथित रूप से जांच में गलत पाई गई. इस पर पुलिस ने इसी मामले में झूठी एफआईआर दर्ज करवाने का दोषी मानते हुए शेखावत के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आईपीसी की धारा 182 के तहत कार्रवाई शुरू कर दी. शुक्रवार को इस मामले में निर्णय सुनाया गया।

**दो गवाहों ने कोर्ट में पेश किए मुचलके**

पुलिस द्वारा कोर्ट के चालान पेश करने के बाद शेखावत को कोर्ट ने काफी पहले ही जमानत दे दी थी. अब गत दिवस इस मामले में दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने शेखावत को मामले में बरी कर दिया है, जिसके बाद शेखावत के साथ आए दो गवाहों ने बरियत मुचलके कोर्ट में पेश किए. पेशी के दौरान शेखावत अपनी निजी गाड़ी में बिना एस्कार्ट व सुरक्षाकर्मियों के कोर्ट पहुंचे थे।

### श्रद्धा हत्याकांड को लेकर सांसद नवनीत राणा का बयान

# 'लड़कियों को अपनी सीमाएं नहीं लांघनी चाहिए'



जयपुर, 19 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र की अमरावती संसदीय सीट से भाजपा सांसद नवनीत कौर राणा ने दिल्ली के श्रद्धा हत्याकांड पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि आफताब जैसे दरिंदों पर खून खौल उठता है। वह संसद में मांग करेंगी कि ऐसे दरिंदों को बीच सड़क पर सजा दी जाए, जिससे श्रद्धा जैसा दूसरा मामला न हो।

मीडिया रिपोर्टस के अनुसार सांसद नवनीत कौर राणा शुक्रवार को जयपुर दौरे पर रही। इस दौरान उन्होंने एक निजी कॉलेज के कार्यक्रम को संबोधित किया। नवनीत राणा ने श्रद्धा हत्याकांड को लेकर दुख जताया। साथ ही उन्होंने छात्राओं को सीमा में रहने की नसीहत दे डाली। उन्होंने कार्यक्रम में छात्राओं से कहा कि युवतियों को अपनी सीमा नहीं लांघनी चाहिए। माता-पिता से बढ़कर कोई नहीं है। इसलिए हमेशा अपने माता-पिता की बात मानों। चार दिन के प्यार के चक्कर में माता-पिता को नहीं भूलना चाहिए।

'5 साल मौज और 50 साल कष्ट, चयन आपको करना है'

सांसद नवनीत राणा ने आगे कहा कि जिनकी औकात साइकल की नहीं है, उनके साथ मत जाओ। इंटरनेट और मीडिया से छात्राओं को दूर रहने का प्रयास करना चाहिए। पांच साल मेहनत कर अपना भविष्य बनाओ और 40 साल मौज करो। या फिर पांच साल मौज करो और जिंदगी के 50 साल कष्ट में बिताओ। चयन आपको करना है कि आप क्या करना चाहते हो।

**राहुल गांधी पर भी भड़की, कहा- राहुल ने महाराष्ट्र की जनता का अपमान किया**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने वीर सावरकर को अंग्रेजों का नौकर बताया था। उनके इस बयान पर नवनीत राणा ने कहा कि राहुल ने महाराष्ट्र के महान नेता वीर सावरकर का अपमान किया है। उनके खिलाफ गलत टिप्पणी की है। सावरकर ने देश को बहुत कुछ दिया है। राहुल ने महाराष्ट्र की जनता का अपमान किया है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### चूरू में बीएसएफ जवान की संदिग्ध मौत

चूरू, 19 नवंबर (एजेंसियां)। छुट्टी पर घर आए बीएसएफ के जवान की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। बीएसएफ जवान का शव उसके खेत में खेजड़ी के पेड़ के निचे मिला और उसके गले पर निशान थे। बीएसएफ जवान ने खेत से भतीजे को फोन किया था और बताया कि मेरा दम घुट रहा है। इस पर परिजनों ने खेत में जाकर उसको संभाला तो वह बेहोशी की हालत में मिला। मामला चूरू जिले के रतननगर थाना क्षेत्र के कुणसीसर गांव का है।

मृतक के बड़े भाई सांवरमल सैनी ने बताया कि उसका छोटा भाई विनोद कुमार सैनी (35) सीमा सुरक्षा बल में था और त्रिपुरा में उसकी ड्यूटी था। करीब 1 महीने पहले वह छुट्टी लेकर घर आया। शनिवार सुबह वह फसल को संभालने के लिए खेत में गया था। कुछ देर बार उसने अपने भतीजे मुकेश (15) को फोन किया था। उसने बताया था कि उसका दम घुट रहा है। इतनी बात कहकर उसने फोन काट दिया।

# परसादी बोले-राहुल की यात्रा जो रोकेगा काम से जाएगा

## डोटासरा ने कहा-इस्तीफा मंजूर होने तक माकन ही प्रभारी; रूठे ही नहीं, मनाएं कहां?

**'यात्रा का रूट वही रहेगा जो पहले से तय'**



जयपुर, 19 नवंबर (एजेंसियां)। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को रोकने की गुर्जर नेता विजय बैंसला की धमकियों पर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और स्वास्थ्य मंत्री परसादीलाल मीणा ने पलटवार किया है।

अजय माकन के इस्तीफे पर पहली बार प्रदेशाध्यक्ष ने चुप्पी तोड़ी है। डोटासरा ने कहा- राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को रोकने की हिम्मत किसी में नहीं है। स्वास्थ्य मंत्री परसादीलाल मीणा ने कहा- राहुल गांधी की यात्रा को रोकने की हिम्मत किसी में नहीं है, जो रोकेगा वही काम से जाएगा। डोटासरा पीसीसी में और परसादी एसएमएस में मीडिया से बात कर रहे थे।

डोटासरा ने कहा- कोई वर्ग या व्यक्ति अपनी बात कह रहा है, उस बात को सुनने के लिए सरकार और संगठन तैयार हैं। किसी की इतनी हिम्मत नहीं है कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को रोक सके। इस तरह की धमकी वे लोग देते हैं जो संविधान में विश्वास नहीं रखते हैं। जो देश से प्यार नहीं करते हैं, जो धमकियों से नफरत का माहौल पैदा करना चाहते हैं। हमारे नेता राहुल गांधी यही कह रहे हैं कि देश से डर और भय का वातावरण खत्म करना है। राहुल गांधी की यात्रा का उद्देश्य ही डर को खत्म करना है तो डरने का तो सवाल ही पैदा नहीं होता।

अजय माकन के इस्तीफे के बाद उनका नाम स्टार प्रचारकों की सूची में होने और माकन की नाराजगी के सवाल पर डोटासरा ने कहा- 500 में से 40 नेताओं को उम्मीदवार की डिमांड के आधार पर स्टार प्रचारक बनाया। खड़गे साहब के अध्यक्ष बनने के बाद जितने भी प्रभारी महासचिव थे, उन्हें स्टीयरिंग कमेटी में तब्दील कर दिया। जब तक इस्तीफा स्वीकार नहीं होता है, तब तक अजय माकन प्रभारी महासचिव हैं। जब रूठे ही नहीं तो मनाए कहां।

**यात्रा का रूट वही रहेगा जो पहले से तय था**

डोटासरा ने कहा- भारत जोड़ो यात्रा का रूट वही रहेगा जो पहले से तय है। झालावाड़ से कोटा, बूंदी, सवाईमाधोपुर, लालसोट होते हुए अलवर से हरियाणा में एंट्री करेगी। अलवर के मालाखेड़ा में राहुल गांधी की बड़ी सभा होगी। यात्रा में वाइल्ड लाइफ सेंचुरी से कोई दिक्कत नहीं आएगी, जिस रास्ते पर वाहन चल रहे हैं वहां से यात्रा भी निकल जाएगी।

**स्वास्थ्य मंत्री बोले-राहुल की यात्रा को जो रोकेगा वह काम से जाएगा**

स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने राहुल गांधी की यात्रा को रोकने की धमकी पर चेतावनी देते हुए कहा- राहुल गांधी की यात्रा को जो रोकेगा वह काम से जाएगा। किसी की हिम्मत नहीं है कि राहुल गांधी की यात्रा को रोके।

**बच्चा पैदा करने के लिए रेपिस्ट को पैरोल पर स्टे**

## हाईकोर्ट ने 15 दिन पत्नी संग रहने की दी थी मंजूरी, सुप्रीम कोर्ट ने रोका



बृजेश देवी, पत्नी — राहुल, पति

जयपुर, 19 नवंबर (एजेंसियां)। खुद का बच्चा पैदा करने के लिए रेपिस्ट को मिली पैरोल को सुप्रीम कोर्ट ने स्टे लगा दिया है। राजस्थान हाईकोर्ट ने 14 अक्टूबर में दिए अपने एक फैसले में गैंगरेप के दोषी को 15 दिन अपनी पत्नी के साथ रहने की इजाजत दी थी।

उस समय यह फैसला काफी चर्चित रहा था। रेपिस्ट को पैरोल पर रिहा करने के खिलाफ राजस्थान सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंची और हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी। इस पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी है।

सुप्रीम में जस्टिस एएस बोपन्ना और जस्टिस पीएस नरसिम्हा की बेंच ने स्टे ऑर्डर दिया। सरकार की तरफ से सीनियर एडवोकेट मनीष सिंघवी ने पैरवी की। एडवोकेट सिंघवी ने बताया कि सरकार की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में 10 नवंबर को अपील दायर की गई थी। शुक्रवार को याचिका पर पहली सुनवाई हुई। इसमें हमारी तरफ से दलील दी गई कि 'राइट टू पैरोल' कोई मौलिक अधिकार नहीं है। राजस्थान में यह पहला फैसला है, जिसमें रेप के किसी दोषी को पैरोल मिली है। राजस्थान के पैरोल रूल्स में रेप या गैंगरेप के मामलों में पैरोल नहीं मिल सकती है। न ही ऐसे दोषियों को ओपन जेल में भेजा जा सकता है। इस पर सर्वोच्च अदालत की खंडपीठ ने पैरोल पर रोक लगाते हुए हाईकोर्ट के आदेश पर स्थगन लगा दिया है।

**हाईकोर्ट ने सुनाया था यह फैसला**

राहुल की शादी साल 2018 में बृजेश देवी से हुई थी। राहुल की पत्नी बृजेश देवी ने बच्चा पैदा करने के अपने मौलिक एवं संवैधानिक अधिकार का हवाला देते हुए अलवर के डीजे कोर्ट में 13 जुलाई 2022 को इमरजेंट पैरोल(आपात पैरोल) याचिका लगाई। फिर कुछ दिन के इंतजार के बाद 20 जुलाई, 2022 को हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

# पायलट समर्थक यूथ कांग्रेस उपाध्यक्ष राकेश मीणा ने दिया इस्तीफा



जयपुर, 19 नवंबर (एजेंसियां)। अशोक गहलोत और सचिन पायलट की लड़ाई के बीच अब पायलट खेमे के नेता खुलकर अदावत दिखाने लगे हैं। प्रदेश यूथ कांग्रेस के उप अध्यक्ष राकेश मीणा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। राकेश मीणा ने सोशल मीडिया पर अपने इस्तीफा का ऐलान किया और गहलोत सरकार पर जमकर निशाना साधा।

राकेश मीणा यूथ कांग्रेस का चुनाव जीतकर प्रदेश के उपाध्यक्ष बने थे। जिसके बाद भी उनको पायलट ग्रुप का मनाते हुए किसी भी जिम्मेदारी से महरूम रखा गया। कहा जा रहा है कि निरंतर प्रयास और मेहनत के बाद भी संगठन में कोई जिम्मेदारी नहीं मिलने से खिन्न होकर उन्होंने इस्तीफा दिया है। मीणा ने ट्वीट कर लिखा कि मुझे पार्टी में जो दायित्व मिला, वो राहुल गांधी जी की सोच के कारण मिला। लोकतंत्र व्यवस्था के कारण मिला। युवाकांग्रेस में कई कार्यकर्ताओं का दो से तीन बार प्रमोशन किया गया है लेकिन मेरे सहित कई कार्यकर्ताओं का एक बार भी प्रमोशन नहीं किया गया है। जिनके कांग्रेस के चुनाव में 500 वोट भी नहीं आए, उनको राष्ट्रीय कार्यकारिणी में जगह दी गई है। प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया, जो सरासर पक्षपात है। उन्होंने कहा कि 2018 राजस्थान विधानसभा चुनाव में सचिन पायलट जी के चेहरे पर लड़ा गया। युवाओं ने पायलट के नाम पर वोट दिया लेकिन पायलट जी को कुछ भी नहीं मिला। जिसका संदेश जनता में गलत गया है ।

मैं कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी जी, सोनिया गांधी जी और प्रियंका गांधी का आम कार्यकर्ता हूं और एक कार्यकर्ता कि हैसियत से कांग्रेस पार्टी के लिए काम करता रहूंगा। मेरा ये निर्णय व्यक्तिगत है। इसको किसी भी व्यक्ति से इसे जोड़कर नहीं देखा जाए।

**एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं राकेश मीणा**

राकेश मीणा एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं। कहा यह भी जा रहा है कि मीणा यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष गणेश घोघरा पर कोई करवाई नहीं होने से काफी आहत थे। साथ ही कैबिनेट मंत्री शांति धारीवाल के घर हुई बैठक में भी अध्यक्ष गणेश घोघरा का जाना और पद की गरिमा के अनुकूल काम नहीं करने से राकेश मीणा काफी नाराज बताए जा रहे हैं।

प्रदेश में राहुल गांधी के आवागमन से पहले के इस घटनाक्रम से प्रदेश कांग्रेस को काफी नुकसान पहुंच सकता है। राकेश मीणा एक युवा चेहरा हैं, जो एनएसयूआई से लेकर यूथ कांग्रेस तक युवाओं का प्रतिनिधित्व कर रहे थें। वहीं मीणा के इस्तीफे से गहलोत-पायलट की लड़ाई अब फिर से खुलकर सामने आ गई है।

# बदमाशों ने पुलिस अधीक्षक को दी धमकी

## कलेक्टर को पत्र भेजकर कहा-समझा लो अपने एसपी को

बूंदी, 19 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में बेखौफ हो रखे बदमाशों ने अब बूंदी पुलिस अधीक्षक जय यादव का धमकी दी है. एक अज्ञात बदमाश ने जिला कलेक्टर को पत्र भेजकर कहा है कि बूंदी के कापरेन और लाखेरी क्षेत्र में हुई चोरी और लूट की घटना उसकी एमपी व यूपी की गैंग के द्वारा की गई है. एसपी उसकी गैंग पीछा कर रहा है. पुलिस लगातार दबिश दे रही है. यह अच्छा नहीं होगा. कलक्टर साहब समझा लो. हमारे पास कोई काम धंधा भी नही रहा है. एसपी हमारे इस धंधे को चौपट करने जा रहा है. हमारे से पैसा चाहिए तो हमसे संपर्क कर लो. पत्र में मोबाइल नंबर भी लिखा हुआ है. जिला कलेक्टर ने पत्र को पुलिस के पास भेजकर पत्र लिखने वाले के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है. पुलिस अधीक्षक जय यादव के निर्देश पर कोतवाली थाना पुलिस ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ धारा-386 में मामला दर्ज किया है. पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है. पुलिस का मानना है कि यह हरकत किसी सिरफिरे बदमाश की हो सकती है. बदमाश ने पत्र में अपना नाम परमजीत सलूजा बताया है. इसके साथ ही उसने अपना ठिकाना कोटा के तलवंडी को बताया है।

**आरोपी के पिता बोले**

## पता होता तो बेटे को पटरी पर बांध देता, नहीं करुंगा पैरवी



उदयपुर, 19 नवंबर (एजेंसियां)। उदयपुर रेलवे ब्रिज ब्लास्ट मामले के मुख्य आरोपी धूलचंद मीणा के पिता ने कोर्ट में अपने बेटे की पैरवी करने से इंकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि उसने गलत किया है। मुझे अगर उसके इस कृत्य के बारे में पता होता तो मैं खुद उसे पटरी पर बांध देता। अगर किसी ट्रेन का हादसा हो जाता और लोग मर जाते तो मैं मुंह कैसे दिखाता।

**पिता बोले-बेटे को कठोर सजा दे सरकार**

मीडिया रिपोर्टस के अनुसार आरोपी धूलचंद मीणा के पिता सवजी मीणा ने पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि धमाके की आवाज हमें भी सुनाई दी थी पर पूरी घटना की जानकारी सुबह मिली। उन्होंने कहा कि मेरे बेटे ने जो किया, उसपर अफसोस है। अगर उन्हें पहले इसकी जानकारी होती तो वो बेटे को ट्रैक से बांध देते। दो-तीन साल से बेटे का मानसिक संतुलन खराब हो गया है। जिस तरह की घटना को उसने अंजाम दिया है, सरकार उसे कठोर सजा दे।

**कई सवाल अनसुलझे**

दूसरी ओर पुलिस ने थ्योरी दी कि सरकार ने रेलवे जमीन अधिगृहित की थी। मुआवजा नहीं मिलने से नाराज धूलचंद ने रेलवे ब्रिज उड़ाने की कोशिश की पर पुलिस की इस खुलासे पर सवाल उठ रहे हैं। अब भी कई गुत्थी अनसुलझी है। धूलचंद के पिता का कहना है कि मेरे नाम से तो कोई जमीन ही नहीं है। वो तो बड़े भाई के नाम थी।

**आरोपी के पिता ने कहा-हम मुआवजे का हकदार नहीं थे**

धूलचंद के पिता ने बताया कि भूमि अधिग्रहण के बाद वे लोग मुआवजे के हकदार नहीं थे क्योंकि जमीन भाई के नाम पर थी। फिर भी हिंदूस्तान जिंक ने शर्त के आधार पर नौकरी दी थी लेकिन पिता के भाई के शिकायत पर उन्हें निलंबित कर दिया गया था। पता नहीं क्यों धूलचंद जमीन के कागज लेकर घूमता रहता था।

# बाल अधिकार संरक्षण में तेलंगाना सबसे आगे : पुव्वाडा



खम्मम, 19 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। परिवहन मंत्री पुव्वाड़ा अजय कुमार ने कहा कि बाल अधिकारों के संरक्षण में टीआरएस सरकार सबसे आगे है। मंत्री ने कहा कि देश में किसी भी अन्य राज्य के विपरीत, बाल रक्षा भवन और 1098 बाल रक्षक वाहन बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रदान किए गए हैं, इसके अलावा बालिकाओं की सुरक्षा के लिए शी टीमों की स्थापना की गई है। अजय कुमार ने शनिवार को यहां सोसायटी फॉर कम्युनिटी पार्टिसिपेशन एंड एजुकेशन इन रूरल डेवलपमेंट (एससीओपीई-आरडी) और चाइल्ड लाइन-1098 द्वारा आयोजित बाल अधिकार सप्ताह समारोह में भाग लिया और बाल अधिकार संरक्षण के लिए राज्य सरकार की पहल पर एक दीवार पोस्टर जारी किया।

कल्याण लक्ष्मी और शादी मुबारक योजनाओं के कारण राज्य में बाल विवाह में भारी कमी आई है। मंत्री ने कहा कि जल्द ही खम्मम में लड़कियों के छात्रावासों का निरीक्षण किया जाएगा और छात्रावासों में सुविधाओं में सुधार के लिए कदम उठाए जाएंगे। टीएस कमीशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड राइट्स (टीएससीपीसीआर) के सदस्य वाई ब्रुंदाधर राव ने कहा कि बाल अधिकारों की रक्षा करना सभी की जिम्मेदारी है और खम्मम जिला इस संबंध में जिलों से आगे है, जबकि एससीओपीई-आरडी एमएल प्रसाद ने कहा कि सरकार बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए समर्थन दे रही है। इससे पहले दिन में अजय कुमार ने शहर के 8वीं और 15वीं नगरपालिका मंडलों में बस्ती दवाखानों का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने कॉलोनियों में बस्ती दवाखाना शुरू किया है ताकि गरीबों को स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

एक विशेषज्ञ एमबीबीएस डॉक्टर, स्टाफ नर्स और अन्य कर्मचारी सभी प्रकार की दवाओं के साथ-साथ दवाखानों में मरीजों को मुफ्त में चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि तेलंगाना डायग्नोस्टिक हब के माध्यम से क्लीनिकों में सभी प्रकार के चिकित्सा परीक्षण नि:शुल्क किए जाएंगे। इस अवसर पर महापौर पी नीरजा, जिला पंचायत अध्यक्ष लिंगाला कमल राज, सूडा अध्यक्ष बी. विजय कुमार, जिला कलेक्टर वीपी गौतम, नगर आयुक्त आदर्श सुरभि और डीएम एवं एचओ डॉ बी मालथी उपस्थित थे।

## सबिता ने ओयू छात्रावास भवन का किया शिलान्यास

हैदराबाद, 19 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। शिक्षा मंत्री सबिता इंद्रा रेड्डी ने पशुपालन मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव के साथ शनिवार को उस्मानिया विश्वविद्यालय में लड़कों के लिए छात्रावास भवन के निर्माण की आधारशिला रखी।

तीन मंजिला छात्रावास भवन परिसर में लगभग 500 छात्रों के ठहरने के लिए 2.76 एकड़ भूमि में 39.50 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जाएगा। उस्मानिया विश्वविद्यालय में 24 छात्रावास हैं, जिनमें 12 लड़कों के और 12 लड़कियों के हैं। हालांकि, लड़कियों के अधिकांश छात्रों के साथ, कुछ छात्रावास लड़कों के थे, लड़कियों को आवंटित किए गए हैं। चूंकि लड़कों को परिसर में रहने की समस्या का सामना करना पड़ रहा है, इसलिए विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने लड़कों के लिए एक और छात्रावास भवन बनाने का फैसला किया है। अधिकारियों ने बताया कि छात्रावास का निर्माण एक वर्ष तक पूरा कर लिया जाएगा और इस संबंध में निविदा प्रक्रिया पहले ही पूरी कर ली गई है।

# अग्रवाल समाज अमीरपेट के सेवा कार्य सराहनीय : तलसानी

## श्री कनक दुर्गा मंदिर, अमीरपेट में कूलर की स्थापना



हैदराबाद, 19 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अग्रवाल समाज अमीरपेट ने अपने सेवाभावी कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी रखते हुए अमीरपेट स्थित श्री कनक दुर्गा मंदिर के प्रांगण में वाटर कूलर की स्थापना तेलंगाना सरकार के पशु संवर्धन, मत्स्य पालन और सिनेमेटोग्राफ़ी मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव द्वारा कराई। मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव ने अपने संबोधन में अग्रवाल समाज अमीरपेट के सेवा भावी कार्यों के अंतर्गत छठे स्थायी कूलर की स्थापना की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए अत्यन्त हर्ष की अभिव्यक्ति की। इस पूरे कार्यक्रम में अमीरपेट तेरास नेता गुलाब सिंह राजपुरोहित की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। इस कूलर के प्रायोजकों में गौरीशंकर मित्तल, कुँजबिहारी मित्तल एवं मनोज मित्तल हैं। कार्यक्रम में मित्तल परिवार से गीता मित्तल, मंजू मित्तल, पुष्पा मित्तल, उत्पल, राजेश, करण,पूजा, रिकीं, आदिती एवं युवान के अतिरिक्त अग्रवाल समाज अमीरपेट के अध्यक्ष रीतेश जगनानी, मंत्री अनुप केडिया, कोषाध्यक्ष सुरेश मोदी, पूर्व अध्यक्ष नरेन्द्र खेतान, दिनेश अग्रवाल, अजय अग्रवाल, अमित जिंदल, रतन शाह एवं कार्यक्रम संयोजक संजय पसारी ,कुणाल अग्रवाल विनीता शाह सरिता मोदी अंजू जगनानीकी सराहनीय व गरिमामय उपस्थिति रही।



सरस्वती ट्रैवल्स द्वारा दुबई और आबुधावी यात्रा का पोस्टर विमोचित कर बुकिंग शुरू की गई। इस अवसर पर उपस्थित प्रदीप जाजू, बजरंग अग्रवाल, ममता हेडा, तारा भूतड़ा व यात्रा संयोजक सुनील शर्मा।



सीरवी समाज पूर्व अध्यक्ष स्व. जस्साराम चोयल की श्रद्धांजलि सभा में श्रद्धा के पुष्प अर्पित करने नगर पधारे मारवाड़ जंक्शन विधायक खुशवीरसिंह जोजावर श्री आईमाता मंदिर में पूजा-अर्चना व दर्शन वंदन कर अवसर पर उपस्थित प्रकाश, मूलाराम चोयल, सरपंच खुमानसिंह, शिक्षा समिति अध्यक्ष परसराम बर्फा, सीरवी समाज सचिव किशनसिंह राठौड़, कोषाध्यक्ष जसवंत देवड़ा, सज्जनराज सोलंकी, सी.ए.जसाराम बर्फा, पुखराज, खरताराम आगलेचा, भुराराम चोयल व अन्य ।

# जीवीआर कराटे एकेडमी के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

